हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 1 सितंबर 2026

25 वर्षों की सेवा-सुशासन को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ें : शिवप्रकाश

शिवप्रकाश

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर कार्य करें। जनता की सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव से जन-जन के बीच संगठन का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर चल रहे 'समरसता संकल्प' के कार्यक्रमों को सत्ता और संगठन मिलकर व्यापक स्तर पर आयोजित करें। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से एक माह तक यानी 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की लोकसेवा यात्रा और उनके नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पढ़ें पेज 02 भी

नए संकल्प और नई दिशा के लिए आयोजित की गई दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक

पुरानी परंपरा पर लौटेगी भाजपा, प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अब हर तीन माह में होगी : खंडेलवाल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक महत्वपूर्ण सांगठनिक निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा अब हर तीन महीने में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने की अपनी पुरानी परंपरा को फिर से शुरू करने जा रही है। खंडेलवाल ओरछा में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति बैठक के समापन के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यसमिति केवल चर्चा के लिए नहीं, बल्कि नए संकल्प और दिशा लेने के लिए आयोजित की गई थी, जिससे कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ लौट रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में भाजपा संगठन और ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और शिवप्रकाश ने किया समापन सत्र को संबोधित

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने गिनाईं ढाई साल की उपलब्धियां

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल, जंगल और जमीन से जुड़ी संरचनाओं पर तेजी से काम कर रही है, और हर गांव व उद्योग तक पीने का पानी पहुंचाना सरकार का मुख्य संकल्प है। डॉ. यादव ने अपने ढाई साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को आंकड़ों के साथ कार्यकर्ताओं के सामने रखा। इस दौरान उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
01 सितम्बर 2026
कूपन नं. 14

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

मेस्सी का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास

ब्यूनस आयर्स। दुनिया के सबसे महान फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेस्सी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। जुलाई में हुए वर्ल्ड कप के बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पेन के हाथों मिली 1-0 की हार के साथ ही मेस्सी के अर्जेंटीना करियर का अंत हो गया।
39 साल के मेस्सी लगातार दूसरा वर्ल्ड कप खिताब जीतकर अपने देश को चैंपियन बनाना चाहते थे, लेकिन एक्स्ट्रा टाइम में स्पेन ने बाजी मार ली।

जिला प्रशासन की पूरी टीम ग्राउंड जीरो पर डेरा डाले हुए

मूसलाधार बारिश ने छोड़े सतना और चित्रकूट में भारी तबाही के निशान

सड़कों व घरों में कीचड़, कई पुल ध्वस्त ब्रिज कॉर्पोरेशन की टीम ने लिया जायजा

एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों और यातायात मार्गों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं, विद्युत विभाग की टीमें बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी हैं

घरों से पानी की निकासी करती टीम

▶▶ चित्रकूट से मनोज रजक

हरिभूमि मौके पर

जिले और धार्मिक नगरी चित्रकूट में बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के पानी और अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र का बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं, सड़कें कीचड़ व गाद से पट चुकी हैं और लोगों के घरों में भारी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई है। हालांकि, मां मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान (139.60 मीटर) से थोड़ा नीचे गिरकर 137.05 मीटर पर आया है, लेकिन इसके रौद्र रूप को देखकर तटीय इलाकों के निवासियों में अब भी खौफ का माहौल है। हालात की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर भोपाल से ब्रिज कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी क्षतिग्रस्त पुलों के निरीक्षण और ▶▶ शेष पेज 4 पर

- जिले भर में 8 राहत व आश्रय स्थल बनाए गए
- सर्वेक्षण और समीक्षा के लिए 8 विशेष टीमें गठित

सड़कों का मलबा हटाते हुए

- *मुख्य सड़कों और परिक्रमा पथ से जेसीबी व ट्रैक्टरों के जरिए मिट्टी-कीचड़ हटाई जा रही*
- *नगर परिषद के टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा*
- *हैंडपंपों में 'जर्मेक्स' घोल डालने और क्लोरीन टैबलेट बांटने का काम भी*

तिल, मूंग और धान की फसल की बड़ी तादाद में क्षति

बाढ़ और अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सटीक आकलन करने के लिए प्रशासन ने 8 विशेष टीमों का गठन किया है। राजस्व व कृषि विभाग की टीमें ग्राम ऐरा, इटमा, जमुना, मतहा और सोहौला जैसे क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों के नुकसान और फसलों (तिल, मूंग, धान) की क्षति का जायजा ले रही हैं। कलेक्टर के ▶▶ शेष पेज 4 पर

क्षतिग्रस्त पुल का संधारण कार्य 8 माह में होगा पूरा

दीपावली से पहले बनेगा पीपा पुल

चित्रकूट में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हनुमान धारा मार्ग स्थित मंदाकिनी नदी के पुल का निरीक्षण करने सोमवार को भोपाल से ब्रिज कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने स्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि वर्ष 1985 में बने इस पुल का फाउंडेशन फिलहाल जलभराव के कारण दिखाई नहीं दे रहा है। पुल के मौजूदा सुरक्षित हिस्सों का संधारण कर नया स्लैब ढाला जाएगा, जिसमें लगभग 8 माह का समय लगेगा। तब तक के लिए दीपावली से पूर्व एक अस्थायी पीपा पुल तैयार कर लिया जाएगा।

दिल्ली फिर शर्मसार! फिर निर्भया की याद

पर्दे होने की वजह से राहगीरों को कुछ पता ही नहीं चला

स्लीपर बस में 16 साल की लड़की से गैंगरेप, 47 किमी तक दरिंदगी

- *कश्मीरी गेट पर छोड़कर दरिंदे हुए थे फरार*
- *दोनों दरिंदे ड्राइवर और कंडक्टर गिरफ्तार*

बस जब्त की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक स्लीपर बस में 16 साल की बच्ची से गैंगरेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया। दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात बीते 4 अगस्त की रात की बताई जा रही है। पीड़िता उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं क्लास में पढ़ती है। वह घरवालों से नाराज होकर बिना बताए घर से निकल गई थी और नोएडा में रहने वाले अपने चचेरे भाई के पास जा रही थी। भारी बारिश और अंधेरे के कारण छात्रा गलती से परी चौक पर उतर गई। इसी दौरान एक खाली स्लीपर बस वहां से गुजरी। ड्राइवर-कंडक्टर ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीड़िता ने कश्मीरी गेट पुलिस थाने में की शिकायत

आरोपी पीड़िता को देर रात कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास रिंग रोड पर उतारकर फरार हो गए। घबराई हुई छात्रा ने कश्मीरी गेट पुलिस से संपर्क कर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तिमारपुर की एक बस पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने स्लीपर बस को जब्त कर लिया है और उसकी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है।

वर्कशॉप में रिपेयरिंग के लिए जा रही थी बस

आरोपी बस में खराबी आने के बाद बस को सूरजपुर की वर्कशॉप में रिपेयरिंग के लिए लेकर गए थे। बस की रिपेयरिंग के बाद ड्राइवर और कंडक्टर खाली बस लेकर तिमारपुर जा रहे थे। इसी दौरान परी चौक पर छात्रा उन्हें मिली।

आज 1.22 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा 'तोहफा'

लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेंगे 25-25 हजार

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव 304.98 करोड़ से अधिक की राशि का करेंगे अंतरण
- 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या अधिक अंक वाले विद्यार्थी होंगे लाभान्वित
- कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होगा आयोजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि का अंतरण करेंगे। विद्यार्थियों को यह राशि मंगलवार 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिए राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी।

प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना

प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। इस प्रकार विद्यार्थियों को कुल 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया जाएगा। लैपटॉप के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल पाठ्य सामग्री, ई-लर्निंग और अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर अपनी शिक्षा को और बेहतर बना सकेंगे।

सभी डीईओ को जारी किए दिशा-निर्देश

स्कूलों में आज से तीन दिन तक मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

3 दिनों तक श्रीकृष्ण की लीलाओं समेत अन्य कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूलों में मंगलवार से तीन दिन तक यानि 3 सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा। इसको लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए है। आदेश में संस्कृति विभाग के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता के प्रति विद्यार्थियों में समक्ष विकसित करने के उददेश्य से भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन उत्साहपूर्वक ▶▶ शेष पेज 4 पर

सऊदी अरब से दिल्ली आ रही थी फ्लाइट

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

वॉशरूम में मिला बम लिखा टिश्यू पेपर, मची अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

सऊदी अरब के दम्माम से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद सोमवार को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। उड़ान के दौरान विमान के वॉशरूम में हाथ से 'बम' लिखा एक टिश्यू पेपर मिला। क्रू मेंबर्स की सूचना पर पायलट ने तुरंत एअर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क किया और अहमदाबाद में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। लैंडिंग के तुरंत बाद विमान को मुख्य टर्मिनल ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत की जीडीपी ने फिर 'चौंकाया'

पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की ग्रोथ पीएम ने बताया असाधारण उपलब्धि

- पीएम बोले- भारत एक बार फिर मजबूती से खिल उठा
- आरबीआई और विश्लेषकों के अनुमानों को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8% की शानदार जीडीपी वृद्धि दर दर्ज की है। यह आंकड़ा आरबीआई के 7% और बाजार विशेषज्ञों के 7.3% के अनुमान से काफी बेहतर है। मैन्युफैक्चरिंग (9.2%) और सर्विस सेक्टर (12%) के दमदार प्रदर्शन के साथ-साथ केंद्र सरकार के 18.6% बढ़े कैपिटल एक्सपेंडिचर ▶▶ शेष पेज 4 पर

कर्नल सोफिया विवाद में जनजातीय कार्य मंत्री को मिली बड़ी राहत

सार्वजनिक माफी और विधिक सलाह को बनाया गया आधार

मंत्री विजय शाह के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति नहीं मोहन कैबिनेट की अनुशंसा को राज्यपाल की हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा मंत्री के खिलाफ मुकदमा (अभियोजन) न चलाने की सिफारिश वाले प्रस्ताव को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंजूरी दे दी है। राजभवन से फाइल लौटने के बाद अब यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

25 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। मंत्रियों ने तर्क दिया कि विजय शाह इस मामले में सार्वजनिक और लिखित रूप से चार बार माफी मांग चुके हैं और उनका इरादा सेना या किसी महिला अधिकारी का अपमान करने का नहीं था। विधिक सलाह के आधार पर ही राज्यपाल से अभियोजन की मंजूरी न देने की सिफारिश की गई थी।

बता दें मई 2025 में महू के पास एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

अब यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

राज्य सरकार ने शीर्ष कोर्ट को बताया रुख

अदालत द्वारा पूछे जाने पर कि जांच पूरी होने के बाद आगे क्या कदम उठाया जाएगा, एसआईटी और राज्य सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई। यदि राज्यपाल द्वारा मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी जाती है, तो एसआईटी सीलबंद रिपोर्ट के आधार पर संबंधित सक्षम ▶▶ शेष पेज 4 पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था

राज्यपाल को इस पर अपना फैसला लेने दें

इससे पहले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस की एसआईटी ने पीठ को बताया कि मामले की जांच पूरी की जा चुकी है और रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट के सामने पेश कर दी गई है। एसआईटी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर ▶▶ शेष पेज 4 पर

एफिलिएशन नहीं देने, विड्रा करने पर कॉलेज को की मान्यता होगी निरस्त

भोपाल। संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश द्वारा आयुष काउंसलिंग सत्र 2026-27 की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के सभी निजी आयुर्वेद, यूनानी कॉलेजों को सर्कुलर पत्र जारी कर संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा कॉलेजों को दी गई संबद्धता का एफिलिएशन सर्टिफिकेट मांगा गया है। उपसंचालक आयुष मध्यप्रदेश डॉ पंकज गुप्ता द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि यदि विश्वविद्यालय कॉलेज को एफिलिएशन- संबद्धता प्रदान नहीं करता है अथवा संबद्धता वापस ले लेता है तो मार्बिज्म एनसीआईएसएम (भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग) नई दिल्ली द्वारा बिना किसी भी सूचना या आदेश के संबद्धता स्वतः ही वापस ले ली जाएगी। यहां ध्यान रहे कि आयुष कॉलेजों को कई बार आयोग नई दिल्ली मान्यता प्रदान कर देता है, लेकिन संबंधित राज्य विवि किसी कारणवश संबद्धता वापस ले लेता है अथवा रोक लगा दी जाती है। उस स्थिति को पारदर्शी बनाने के लिए संचालनालय ने स्पष्ट पत्र जारी किया है। प्रदेश में 39 आयुर्वेद और 4 यूनानी कॉलेज संचालित हैं। आयोग द्वारा मान्यता की प्रक्रिया जारी है। वहीं इस मामले में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय ने बताया कि संचालनालय आयुष मप्र के पत्र से स्पष्ट है कि सत्र 2026-27 में वही कॉलेज प्रवेश काउंसलिंग में शामिल हो सकेंगे, जिन्हें यूनिवर्सिटी, एनसीआईएसएम दोनों ही मान्यता- संबद्धता प्रदान करेगा।

व्यापारियों के लिए बने टॉयलेट में लंबे समय से बंद, सड़क किनारे शौच जाने को मजबूर लोग

करोंद मंडी बनी कचरा घर...यहां अलग-अलग कॉलोनियों का कचरा निगम कर रहा है डंप

मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने और बदबू के कारण व्यापारियों, ग्राहकों और आसपास के लोगों का रहना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर को साफ रखने का दावा करने वाला नगर निगम करोंद मंडी में खुद ही सफाई व्यवस्था की धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है। मंडी में जिस जगह से कचरा उठाकर बाहर ले जाना चाहिए, वहीं निगम की गाड़ियां आसपास की कॉलोनियों हाउसिंग बोर्ड, आरिफ नगर, देवकी नगर आदि कॉलोनियों से कचरा डाल रही हैं। इससे मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं और बदबू के कारण व्यापारियों, ग्राहकों और आसपास के लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। हालत यह है कि सफाई करने वाला निगम ही मंडी में गंदगी बढ़ाने का कारण बन रहा है।

बदं हैं टॉयलेट।

करोंद मंडी में रोजाना बड़ी मात्रा में सब्जी और अन्य सामग्री का कारोबार होता है। इसके चलते मंडी में बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। नियमानुसार इस कचरे को उठाकर निर्धारित स्थान पर ले जाना चाहिए, लेकिन यहां व्यवस्था उलटी दिखाई दे रही है। मंडी से निकली गंदगी उठाने के बजाय निगम की गाड़ियां उसी क्षेत्र में कचरा डालती नजर आ रही हैं। इससे पहले से मौजूद कचरे का ढेर और बड़ा होता जा रहा है।

मंडी से निकली गंदगी उठाने के बजाए निगम की गाड़ियां उसी क्षेत्र में डालती हैं कचरा

मंडी में इस तरह फैली है गंदगी।

सफाई के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूर्ति

मंडी में सफाई व्यवस्था की यह स्थिति नगर निगम के उन दावों पर भी सवाल खड़े करती है, जिनमें शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने की बात कही जाती है। एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं, निरीक्षण होते हैं और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर करोंद मंडी में कचरा उठाने के बजाय उसी जगह डंप किया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी जैसी व्यस्त जगह पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके बावजूद कचरे का उचित निपटारा नहीं किया जा रहा है और बंद पड़े टॉयलेट भी शुरू नहीं किए गए हैं। जब इस संबंध में संबधित अधिकारी को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नही उठाया।

टॉयलेट बंद, सड़क किनारे जाने की मजबूरी

मंडी में व्यापारियों और लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए टॉयलेट भी लंबे समय से बंद पड़े हैं। जिम्मेदारों ने इनकी सुध लेना तक जरूरी नहीं समझा। नतीजा यह है कि मंडी में आने वाले व्यापारी, कर्मचारी और अन्य लोगों को शौच के लिए सड़क किनारे जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि मंडी का माहौल भी अस्वच्छ बना हुआ है।

टॉयलटों में लगा है ताला।

15 से अधिक गोविंदा टोलियां लेंगी हिस्सा

प्रदेश की सबसे बड़ी मटकी फोड़ स्पर्धा पांच सितंबर को

मेला समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की सबसे बड़ी 2.51 लाख रुपए इनामी राशि वाली भोजपाल महोत्सव मटकी फोड़ प्रतियोगिता पांच सितम्बर को हेलीपैड मैदान जम्बूरी अवधपुरी भेल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर जोर- शोर से तैयारियां चल रही हैं। सोमवार को भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने मेला समिति पदाधिकारियों के साथ आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रूपरेखा तैयार की।

शाम 7.30 बजे से आयोजित होने वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से 15 से अधिक गोविंदाओं की टोलियां हिस्सा लेंगी। दूसरी ओर इंडियन आइडल-11 के विजेता सनी हिंदुस्तानी अपनी प्रस्तुति और मधुर गीतों से गोविंदा की टोलियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 2.51 लाख रुपए की इनामी राशि दांव पर होगी।

वृंदावन के कलाकार देंगे प्रस्तुति

भोजपाल महोत्सव मेला समिति के तत्वावधान में बरखेड़ा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य आयोजन होने जा रहा है। शाम 7.30 बजे से मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा बृज की फूलों की होली और रासलीला की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान दिनभर श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। जन्मोत्सव के लिए मंदिर परिसर को फूलों, झालरों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि आयोजन में भक्तिरस के साथ सांस्कृतिक रंगों का भी संगम देखने को मिलेगा।

बीएमसी ने 50 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

बीएमएचआरसी: बायोमेडिकल वेस्ट मामले में दो सुपरवाइजर हुए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को नगर निगम भोपाल की टीम ने राजधानी स्थित बीएमएचआरसी के मेन गेट के बाहर रखे कचरे के कंटेनर में कुछ बायोमेडिकल वेस्ट पाए जाने की जानकारी प्रशासन को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएमएचआरसी प्रशासन ने तत्काल अपनी हाउसकीपिंग एजेंसी को तलब कर जवाब मांगा और कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद हाउसकीपिंग एजेंसी ने संबंधित दो सुपरवाइजरों की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी हैं। नगर निगम द्वारा लगाए गए 50,000 रुपए के जुर्माने का भुगतान भी संबंधित हाउसकीपिंग एजेंसी द्वारा किया गया है। बीएमएचआरसी प्रशासन का कहना है कि संस्थान में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाता है। बायोमेडिकल वेस्ट को निर्धारित श्रेणी के अनुसार अलग-अलग एकत्र करने और उसका उचित निस्तारण करने की व्यवस्था संस्थान में लागू है। मुख्य द्वार के बाहर स्थित सामान्य कचरा कंटेनर में बायोमेडिकल वेस्ट पाए जाने की घटना को संस्थान ने गंभीरता से लिया है।

रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष सप्रे पहुंचे फिटनेस सेंटर

वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने अनफिट वाहनों को फिट घोषित करने की प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के निर्देश दिए हैं। सप्रे ने सोमवार को बायपास स्थित भोपाल ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष सप्रे ने वाहनों का फिटनेस किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। फिटनेस के दौरान वहां मौजूद एक वाहन की संपूर्ण फिटनेस प्रक्रिया कराई गई। फिटनेस टेक्नीशियन से जब पूछा गया कि क्या हुआ? तब टेक्नीशियन ने कहा कि यह वाहन पास हो गया है परंतु जब उक्त वाहन की सिस्टम पर रिपोर्ट देखी गई तो वह वाहन हेडलाइट, हॉर्न की कमी के कारण फेल दिखाया गया।

कोलार में लगेगा एक हजार से अधिक व्यंजनों का भोग

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शुक्रवार को इस्कॉन कोलार में भक्ति, उल्लास और वैदिक परंपरा के साथ मनाया जाएगा। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में भगवान को एक हजार से अधिक प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए दिनभर फलाहारी भंडारा प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। मंदिर में 24 घंटे भजन-कीर्तन होगा और पूरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की जन्मकथा सुनाई जाएगी। इस्कॉन कोलार के अध्यक्ष रसानंद प्रभु ने बताया कि जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महोत्सव के लिए मंदिर को फूलों और विशेष रोशनी से सजाया जाएगा। भगवान श्री श्री राधा गोविंद का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। दिनभर मंदिर में हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन होगा। इसमें इस्कॉन के भक्तों के साथ भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान को एक हजार से अधिक प्रकार के सात्विक व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इन व्यंजनों को भक्तों द्वारा पूरी शुद्धता और भक्ति के साथ तैयार किया जाएगा।

भोपाल
मंगलवार, 1 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 151
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

दलीप ट्रॉफी: सचिन का रिकॉर्ड नहीं टूटा

15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, 42 गेंदों में जड़ा 'अर्धशतक'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

15 वर्षीय युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने दलीप ट्रॉफी 2026 के पहले सेमीफाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए इतिहास रच दिया। सेंट्रल जोन के खिलाफ मात्र 81 गेंदों में 92 रनों की पारी खेलते हुए उन्होंने 7 चौके और 7 छक्के जड़े। वैभव ने महज 42 गेंदों में अपना अर्धशतक ▶▶ शेष पेज 4 पर

लक्ष्मण सिंह का 57 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त

राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) जमशेदपुर के वैज्ञानिकों ने सबरीमाला मंदिर के स्वर्ण चोरी मामले का खुलासा किया

मूर्तियों से सोना निकालने के लिए स्ट्रिपिंग साल्ट और नैनो-लेयर तकनीक का इस्तेमाल किया गया

वैज्ञानिक रिपोर्ट पर एसआईटी हाई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

अलग खबर

केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर के गर्भगृह और द्वारपालक मूर्तियों से जुड़े बहुचर्चित स्वर्ण चोरी मामले का राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), बर्मामाइंस के वैज्ञानिकों ने बड़ा खुलासा किया है। वैज्ञानिक जांच में यह साबित हो गया है कि मंदिर की मूर्तियों और दरवाजों से मूल सोना निकालने के लिए स्ट्रिपिंग साल्ट नामक केमिकल का इस्तेमाल ▶▶ शेष पेज 4 पर



क्या होता है स्ट्रिपिंग साल्ट?

स्ट्रिपिंग साल्ट एक विशेष रासायनिक मिश्रण है, जिसका उपयोग किसी धातु पर चढ़े सोने या चांदी के लेप को सुरक्षित रूप से गलाकर अलग करने के लिए किया जाता है। जब स्वर्ण-जड़ित तांबे की प्लेटों को इस केमिकल में डुबोया गया, तो सोना घोल में घुलकर अलग हो गया और तांबे की प्लेटें सुरक्षित बच गईं। बाद में आरोपितों ने उसी घोल से शुद्ध सोना निकाल लिया।

क्या है पूरा मामला?

स्वर्ण पैनलों से मरम्मत के नाम पर सोना चुराया गया

वर्ष 2019 में भगवान अयप्पा मंदिर की द्वारपालक मूर्तियों और गर्भगृह के दरवाजे (कट्टिलप्पली) के स्वर्ण पैनलों को पॉलिश व मरम्मत के नाम पर चेन्नई की संस्था स्मार्ट क्रिएशंस भेजा गया था। एसआईटी जांच में सामने आया कि संस्था ▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

राहुल पर दर्ज मामले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किए जाने के विरोध में सोमवार शाम महिला कांग्रेस ने रीगल चौराहे पर उग्र प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर भाजपा और आरएसएस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पिकअप-बाइक की टक्कर में पिता-पुत्र की गई जान

शुजालपुर। शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर सोमवार दोपहरबाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। तिलावद के शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षक अमर सिंह मालवीय अपने पिता जगन्नाथ मालवीय को इलाज के लिए बाइक से शुजालपुर ले जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप सड़क से नीचे पलट गया।

बालाघाट में एक कुए से निकल रहा खौलता पानी

बालाघाट। जिले स्थित नेवरगांव में 60 साल पुराने कुए से पिछले दो सप्ताह से अचानक नहाने जितना गर्म पानी निकल रहा है। आसपास के कुओं में सामान्य ठंडा पानी होने के कारण यह मामला पूरे इलाके में कौतूहल और चर्चा का केंद्र बना हुआ है। पीएचई की जांच में पानी में कोई तकनीकी या रासायनिक खराबी नहीं पाई गई है। फिलहाल पानी का इस्तेमाल पीने के लिए नहीं कर रहे हैं।

पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन

पीएम मोदी बिश्केक में 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल

बिश्केक में पकेगा दोस्ती का 'केक'

यूक्रेन युद्ध और भारत रूस संबंधों पर हुई चर्चा

पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में बोले पीएम मोदी युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है

- रूस से संबंधों पर मोदी ने कहा कि हमारा सहयोग नई ऊंचाइयां छू रहा है। राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना हमारी साझा सोच रही है
- एससीओ में कुल सदस्य देश: 10 (भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान)

एजेंसी ▶▶ बिश्केक (किर्गिस्तान)

शंघाई सहयोग संगठन को बने 25 साल पूरे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे। यहां पीएम मोदी की मुलाकात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई है। पीएम मोदी ने सोमवार को पुतिन से कहा कि भारत यूक्रेन युद्ध खत्म करने की हर कोशिश का समर्थन करता है। पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान गए हैं। इस संगठन को बने 25 साल पूरे हो गए हैं। यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित किया गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल आपकी भारत यात्रा बहुत सफल और वाकई यादगार रही। पीएम मोदी ने भारत-रूस के बीच संबंधों को लेकर कहा कि हमारे लिए यह बहुत ▶▶ शेष पेज 4 पर


पीएम मोदी और पुतिन ने एक ही कार में किया सफर

यूक्रेन से युद्ध खत्म करने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नई उम्मीद और उत्साह भरता है

गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है: शांति का मार्ग

रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होना मानवता की भलाई के लिए जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने लगातार यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा की है। जब हम पहले मिले थे, तो आपने मुझे इस मामले के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया था। जैसा कि आप जानते हैं, भारत शांति की दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे ▶▶ शेष पेज 4 पर

ब्रिक्स में शामिल होने के लिए दिया न्यौता

पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत कुछ ही दिनों में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है और सभी भारतीय आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। आपकी यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और ब्रिक्स ढांचे के भीतर बातचीत और सहयोग को और बढ़ावा देगी। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष देशों में शामिल ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

पीएम मोदी और ईरानी राष्ट्रपति की मुलाकात

एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से द्विपक्षीय मुलाकात की। अमेरिका द्वारा ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनियों के बावजूद, पीएम मोदी ने साफ किया कि भारत ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक व्यापारिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

धमाके के बाद आसपास के मकान भी जमीदोज हो गए

कौशांबी की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

11 लोगों की मौत, 24 घायल कई के मलबे में दबे होने की आशंका

- पटाखा फैक्ट्री एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक
- आसपास के 7 से ज्यादा घर जमींदोज हो गए
- आग कैसे लगी, अभी तक कारण साफ नहीं

घटना के बाद परिजन विलाप करते हुए

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

एयरफोर्स स्टेशन के निकट मनौरी स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर आग लग गई। पटाखों के धमाके इतने शक्तिशाली थे कि आसपास के 7 से ज्यादा घर भी जमींदोज हो गए। मलबे में कई लोगों के दबे होने आशंका है। पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां वहां पहुंचीं और फायरकर्मी आग बुझाने में जुट गए। देर रात तक आग बड़ी मुश्किल से बुझ सकी। शाम पांच बजे तक ▶▶ शेष पेज 4 पर

पटाखा फैक्ट्री के ऊपर था बिजली के तारों का जाल

पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी में बस्ती से कुछ दूर पर एक मकान में पटाखे बनाए जाते हैं। यह आदिल नामके आदमी की थी। पटाखा फैक्ट्री उस मकान के ऊपर से ही बिजली के तार गुजरे हैं। सोमवार दोपहर अचानक उस मकान से धुआं उठने लगा। यह देख गांव वाले उस पर भागे तो एक-एक करके पटाखे फूटने लगे। एसीपी धूमनगंज रवि गुप्ता ने बताया कि टीम मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू कर दिया था। आग बुझने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि कितने लोगों की मौत हुई है।

छतरपुर में घरेलू विवाद में खौफनाक वारदात

पति ने हंसिए से पत्नी की हत्या कर खुद का गला रेता

चरित्र संदेह में वारदात, मौके पर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के बंसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुरवा गांव में रविवार देर रात पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। 30 वर्षीय राजाबाबू केवट ने अपनी 28 वर्षीया पत्नी शियाप्यारी पर धारदार हंसिए से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसी हंसिए से खुद का गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल राजाबाबू को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को ▶▶ शेष पेज 4 पर

अशोकनगर में भीषण सड़क हादसा

बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 4 की मौत, 2 गंभीर

परिवार के पति-पत्नी व 7 वर्षीय मासूम की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के आरोन रोड स्थित तौकली गांव के पास सोमवार शाम को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत 4 लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूल खुलने से पहले लौट रहा था परिवार खैजरा खुर्द निवासी शिवराज (35), जो अशोकनगर में फोटोग्राफी की दुकान चलाते थे, रक्षाबंधन पर्व मनाने अपने गांव गए हुए थे। मंगलवार से 7 वर्षीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

उज्जैन में बाबा महाकाल की पांचवीं सवारी निकली

हेलिकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा, सीएम ने पुजारियों के साथ किया पूजन

उज्जैन। श्रावण-भाद्रपद मास के तहत सोमवार शाम 4 बजे विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से भगवान महाकाल की पांचवीं सवारी शाही ठाठ-बाट के साथ निकली। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल के एक साथ पांच स्वरूपों चंद्रमौलेश्वर, मनमहेश, शिवतांडव, उमा-महेश और होलकर स्वरूप ▶▶ शेष पेज 4 पर

टोरंटो में 'हिंदू विश्व बंधु' कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

विविधता एकता के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की खूबसूरती है

मुश्किल वक्त में बिना मांगे दूसरों की मदद करना भारत की प्राचीन परंपरा

भारत ने मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, पारसी और अन्य शरणार्थियों को बिना किसी भेदभाव के स्वीकार किया

एजेंसी ▶▶ टोरंटो (कनाडा)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कनाडा के टोरंटो में आयोजित 'हिंदू विश्व बंधु' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत की वसुधैव कुटुंबकम और सेवा परंपरा पर बल दिया। कैनेडियन हिंदूज फॉर आउटरीच, रिलेशंस एंड डायलॉग (सीएचओआरडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में कनाडा के 8 प्रांतों से 2,500 से अधिक प्रतिनिधियों और


डॉ. मोहन भागवत

पूर्व कनाडाई रक्षा मंत्री जेसन केनी ने भाग लिया। भागवत अपने 17 दिवसीय तीन देशों (अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन) के विदेश दौरे के दूसरे पड़ाव के तहत कनाडा पहुंचे हैं। अपने संबोधन में डॉ. भागवत ने कहा कि संकट के समय दूसरों की सहायता करना भारत की प्राचीन परंपरा रही है। जब भी दुनिया में कोई संकट आया, भारत ने न केवल मदद मांगने पर तुरंत सहायता पहुंचाई, बल्कि कई बार बिना मांगे भी दूसरों के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने इतिहास में मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, पारसी और अन्य शरणार्थियों को बिना किसी भेदभाव के स्वीकार किया है।

संघ प्रमुख के भाषण की मुख्य बातें

- **विविधता में एकता नहीं, एकता की विविधता:** भारत में अलग-अलग जातियां, भाषाएं और पंथ एकता की ही अभिव्यक्ति हैं। विविधता प्रकृति का स्वभाव है और इसे स्वीकार कर सेलिब्रेट किया जाना चाहिए।
- **मेरा-तुम्हारा की सोच संकीर्णता:** यह मेरा है और वह तुम्हारा है जैसी संकीर्ण भावना से ऊपर उठने की जरूरत है। सभी मनुष्यों में एक ही दिव्यता है, इसलिए सभी के प्रति भाईचारे का भाव होना चाहिए।
- **सेवा ही अंतिम कर्तव्य:** जब हम सभी को एक मानते हैं, तो दूसरों की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य बन जाता है। भारत का यह ज्ञान विश्व के साथ साझा करना हमारी जिम्मेदारी है।
- **हिंदू की व्यापक परिभाषा:** हिंदू समाज सभी का सम्मान करता है। व्यक्ति को एक फूल की तरह विकसित होकर अपनी खुशबू और सफलता के जरिए मानवता की सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए।
- **महाशक्ति नहीं, गौरवशाली मार्गदर्शन:** भारत जब भी समृद्ध हुआ, उसने दुनिया पर हुकूमत करने के बजाए ज्ञान, आयुर्वेद, गणित और नैतिक मूल्यों का विस्तार किया।

राहुल गांधी के इंदौर दौरे को लेकर अनुमति का पेच

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम पर अब तक फैसला नहीं

- नेहरू स्टेडियम के लिए कांग्रेस ने निगम कमिश्नर को सौंपा पत्र
- अनुमति न मिलने पर वैकल्पिक स्थलों की तलाश शुरू

निगम कमिश्नर को पत्र सौंपते हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 12 सितंबर को प्रस्तावित इंदौर दौरे और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सोमवार को शहर कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित'

पीएम के सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर कार्य करें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

श्रीराम राजा सरकार की पावन धरा ओरछा में भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक का सोमवार को समापन हुआ। इस बैठक को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दूसरे दिन विभिन्न सत्रों को सबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर कार्य करें। जनता की सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव से जन-जन के बीच संगठन का विस्तार करें। संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर चल रहे 'समरसता संकल्प' के कार्यक्रमों को सत्ता और संगठन मिलकर व्यापक स्तर पर आयोजित करें। इस दौरान मंच पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य नेता मंचासीन रहे।

एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से एक माह तक यानी 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मोदी के 25 वर्षों की लोकसेवा यात्रा और उनके नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 15 अगस्त 1947 से पहले देश के सामने एक स्पष्ट लक्ष्य था कि भारत को स्वतंत्र करना है। देश के महापुरुषों ने अपना जीवन इसी लक्ष्य के लिए समर्पित किया। आज हमारे सामने विकसित भारत का लक्ष्य है और हमें इसी प्रकार बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। देश को छोटे सपने नहीं, बल्कि बड़े सपने देखने चाहिए। मोदी के सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर कार्य करें।

कांग्रेस लगातार वर्ग संघर्ष बढ़ाने का कार्य कर रही है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस लगातार वर्ग संघर्ष बढ़ाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस ने पहले मुस्लिम लीग के साथ समझौता किया था और आज भी केरल में मुस्लिम लीग के साथ समझौता कर सत्ता में आई है। कांग्रेस पहले भी तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और आज भी वही कार्य कर रही है। सत्ता की भूख के कारण कांग्रेस समय-समय पर समाज को बांटने का प्रयास करती रही है। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता और सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश और देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। मध्यप्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना योजना का संकल्प लिया था, तब कांग्रेस ने इसका मजाक उड़ाया और कहा था कि यह योजना चल नहीं सकती। आज 1 करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में लगातार राशि पहुंच रही है और सरकार 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों के खाते में पहुंच चुकी है। सरकार महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए भी नई योजनाओं पर काम कर रही है।

प्रदेशाध्यक्ष ने पत्रकारों से की चर्चा

प्रदेश कार्यसमिति में हर वर्ग, हर क्षेत्र को लेकर चिंतन-मंथन हुआः खंडेलवाल

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने ओरछा में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक के समापन के बाद आयोजित प्रेस-ब्रीफिंग को संबोधित किया। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि आज श्रीराम राजा की नगरी ओरछा में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई है। हम यहां नई दिशा और नए संकल्प लेने के लिए आए थे और अब उन पर लगातार आगे बढ़ेंगे। प्रदेश कार्यसमिति में भाजपा संगठन और हमारी विचारधारा को ज्यादा मजबूत करने को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में हर वर्ग और हर क्षेत्र को लेकर विचार-मंथन हुआ। इस दौरान युवा, महिलाएं, किसान, आदिवासी, अजा-अजजा वर्गों को लेकर चर्चा हुई एवं प्रदेश में उद्योग, रोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर भी प्रदेश कार्यसमिति में विचार-विमर्श हुआ। कार्यसमिति में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसको आत्मसात करके सभी पदाधिकारी अब उस दिशा में काम करेंगे। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे।

ओरछा में निर्माण कार्यों, रामराजा लोक के स्थापत्य मॉडल का किया सीएम ने किया अवलोकन

ओरछा को पर्यटन के अद्भुत एवं अनुपम केंद्र के रूप में किया जा रहा विकसित

रामराजा लोक से निखरेगी बुंदेलखंड की पहचान, रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा को पर्यटन के अद्भुत एवं अनुपम केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ओरछा का राम राजा मंदिर हमारे गौरवशाली अतीत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा है। यहां के मंदिर एवं महल तत्कालीन समृद्ध स्थापत्य के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जो हमें हमारी प्राचीन धरोहर और संस्कृति से जोड़े रखते हैं। ये तत्कालीन उन्नत तकनीक और स्थापत्य के भी अद्भुत उदाहरण हैं, पहले एअर कंडीशनर नहीं होते थे, लेकिन यहां के भवन वातानुकूलित बने है, जो गर्मी में ठंडे और ठंड में गर्मी का एहसास कराते हैं। डॉ यादव ने सोमवार को ओरछा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केन्द्र रामराजा लोक में जारी निर्माण कार्यों और रामराजा लोक के स्थापत्य मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ यादव निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

प्रतिष्ठान संचालकों से किया संवाद, सुनी समस्याएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्माणाधीन रामराजा लोक परिसर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए प्रतिष्ठान संचालकों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ डॉ यादव ने जुझार सिंह महल में चल रहे निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जहांगीर महल का भ्रमण कर यहां की ऐतिहासिक एवं समृद्ध स्थापत्य कला का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान आर्किटेक्ट द्वारा मंदिर परिसर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक 'सावन-भादो' स्तंभों के संरक्षण एवं उनके स्थापत्य महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि रामराजा लोक की संरचना एवं विकास कार्यों को आकार देते समय मंदिर परिसर की प्राचीन धरोहरों, विशेषकर 'सावन-भादो' स्तंभों के मूल स्वरूप एवं ऐतिहासिक महत्व का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

प्राचीन महल और भवन, हमारी समृद्ध विरासत

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे गौरवशाली बुन्देला राजाओं का ओरछा बुंदेलखंड की राजधानी के रूप पहचाना जाता था। यहां के प्राचीन महल और भवन, हमारी समृद्ध विरासत हैं, उसे जीवंत करने के लिए सरकार काम कर रही है। तत्कालीन समय में निर्माण कार्यों में जिस प्रकार की सामग्री लगाई जाती थी, उसी सामग्री से भवनों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य यह है कि हमारे गौरवशाली अतीत के प्रतीक ये भवन उसी स्वरूप में दिखें जिस स्वरूप में वह वर्षों पहले थे। इसके लिए हमारे अधिकारियों के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कुशल कारीगर काम कर रहे हैं।

प्रमुख तीर्थस्थलों का किया जा रहा समग्र विकास

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि श्री महाकाल महालोक के निर्माण के बाद उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, उज्जैन की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। इसी तर्ज पर प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों जैसे ओरछा, चित्रकूट, दतिया, नलखेड़ा, पशुपतिनाथ मंदसौर आदि का भी समग्र विकास किया जा रहा है। इससे धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास में, लम्बी अवधि चित्रकूट में व्यतीत की। भगवान श्रीकृष्ण की जहां शिक्षा भी हुई, उज्जैन के सांदीपनि आश्रम सहित भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां लीलाएं हुईं, उन सब स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। ओरछा में भव्य श्री रामराजा लोक का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाले समय में देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख तीर्थस्थल बनेगा।

उप निर्वाचन 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम

नगरीय निकाय-पंचायत उप निर्वाचन 29 सितंबर को

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 सितंबर को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 सितंबर से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 सितंबर तक लिये जायेंगे, और इनकी जांच 16 सितंबर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितंबर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। मतदान 29 सितंबर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। परिणामों की घोषणा 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 सितंबर सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद की मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केंद्र पर ही होगी। सरपंच, जपं सदस्य एवं जिपं सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से होगी।

मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी मतगणना

3 अध्यक्ष और 26 पार्षदों का होगा उप निर्वाचन

पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्य के 7, जनपद पंचायत सदस्य के 28, सरपंच के 110 और 4090 पंच पद के लिये उप निर्वाचन होगा। वहीं जिला आगर-मालवा की नगर परिषद सुसनेर, टीकमगढ़ जिले की नगरपालिका परिषद टीकमगढ़ और धार जिले की नगर परिषद कुक्षी के अध्यक्ष पद का निर्वाचन और विभिन्न नगरीय निकायों में 26 पार्षदों के लिये उप निर्वाचन होगा। नगरपालिक निगम इंदौर के वार्ड 58, 60, नगरपालिक निगम ग्वालियर के वार्ड 5, नगरपालिक निगम सागर के वार्ड 11, नगरपालिक निगम कटनी के वार्ड 41, नगरपालिक निगम खण्डवा के वार्ड 34, नगरपालिक निगम के वार्ड 47, नगरपालिका परिषद दमोह के वार्ड 12, इटारसी के वार्ड 30, मुलताई के वार्ड 4, दतिया के वार्ड 1, कोतमा के वार्ड 13, आष्टा के वार्ड 4 और नगरपालिका परिषद विदिशा के वार्ड 26 के पार्षद का उप निर्वाचन होगा। इसी तरह नगर परिषद फूफ के वार्ड 8, चाकघाट के वार्ड 2, लोहारदा के वार्ड 10, कोटर के वार्ड 8, जैतवारा के वार्ड 10, सिलवानी के वार्ड 3, आदि निवाली बुजुर्ग के वार्ड 7 और नगर परिषद कुक्षी के वार्ड 14 के लिये उप निर्वाचन होगा।

राहुल के 'छात्रों की गूंज' को लेकर कांग्रेस की तैयारी बैठक आज

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि 12 सितंबर को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम तैयारियों को लेकर 2 सितंबर को राहुल गांधी की प्रबंधन टीम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस संगठन, सोशल मीडिया एवं कंट्रोल रूम टीम सहित विभिन्न संगठनात्मक इकाइयां कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देंगी।

जीतू पटवारी और पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा- भाजपा की सोच दलित विरोधी

राहुल गांधी पर एफआईआर होने के बाद कांग्रेस नेताओं का भाजपा-संघ पर हमला

कांग्रेस नेताओं ने कहा- चोरी और सीना जोरी पर उतरी भाजपा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद कथित तौर पर मैदान का 'शुद्धिकरण' कराए जाने के मामले पर प्रदेश कांग्रेस के नेता आक्रोशित है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मप्र कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा और आरएसएस पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा को 'दलित विरोधी' करार दिया है।

भाजपा के सिस्टम में दलितों के लिए जगह नहीं: पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने भाजपा और आरएसएस की विचारधारा पर सीधा हमला बोलते हुए लिखा कि संकीर्ण सोच वाली भाजपा ने पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली स्थल का शुद्धिकरण करवाया। जब राहुल गांधी ने छुआछूत के इस गंभीर मसले को उठाया, तो उन्हीं पर एफआईआर दज करवा दी। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपराधियों को संरक्षण दे रही है और आवाज उठाने वालों को दबा रही है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला भाजपा-आरएसएस की दलित विरोधी सोच को दर्शाता है।

पहले दलितों का अपमान, फिर विरोध पर उत्पीड़नः नाथ

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस पूरी कार्रवाई को 'चोरी और सीना जोरी' करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले दलितों का अपमान करती है और फिर विरोध करने वालों का उत्पीड़न करती है। कमलनाथ ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भाजपा ने हल्द्वानी में मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद स्थान का शुद्धिकरण कर दलितों का अपमान किया। जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसका विरोध किया, तो दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय राहुल के खिलाफ ही गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई। कमलनाथ ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी खड़गे और राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि देश का दलित समाज इस अन्याय और अपमान के लिए आने वाले समय में भाजपा को सबक सिखाएगा।

युवा कर चुके हैं भाजपा की उल्टी गिनती शुरू

राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा में बौखलाहटः सिंघार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि राहुल गांधी पर एफआईआर भाजपा सरकार की तानाशाही का प्रमाण है। राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा बौखलाहट में इस तरह की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल देश की आवाज हैं और भाजपा चाहे जितनी कोशिश कर ले, देश की इस आवाज को दबाया नहीं जा सकता। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा अब जेन-जी की बात कर रही है, लेकिन देश के युवाओं ने भाजपा की उल्टी गिनती शुरू कर दी है। युवाओं को न रोजगार मिल रहा है और न ही परीक्षाएं एवं भर्तियां पारदर्शी और सही तरीके से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को सिर्फ युवाओं का वोट चाहिए, लेकिन उनके हक और न्याय की चिंता नहीं है। आज देश का युवा रोजगार, शिक्षा और अपने भविष्य को लेकर जवाब मांग रहा है।

जब सब समान हैं तो यूसीसी की जरूरत क्या

यूसीसी को लेकर भी उमंग सिंघार ने भाजपा और आरएसएस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मोहन भागवत जी कह रहे हैं कि सब एक समान हैं, तो फिर भाजपा को यूसीसी की जरूरत क्या है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो कहा है, उस पर पूरी तरह कायम है। 2028 में हमारी सरकार बनी तो हमने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे। मोहन भागवत के अमेरिका में दिए बयान सिंघार ने कहा कि देश में साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले लोग विदेश जाकर कहते हैं कि हम सब एक हैं। उन्होंने कहा कि भागवत से मेरा सीधा सवाल है कि जो बात आप अमेरिका में कह रहे हैं, वही बात भारत में भी उतनी ही मजबूती से क्यों नहीं दिखाई देती? सिंघार ने कहा कि विदेशों में एकता की बात कही जाती है, लेकिन भारत में जब दुनिया देखती है तो उसे साम्प्रदायिकता का माहौल दिखाई देता है।

सांसद ने रहवासियों से छह को मांगे आवेदन

सिंधी कम्युनिटी हॉल में लिए जाएंगे धारणाधिकार आवेदन, मिलेगा हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ईदगाह हिल्स की सरकारी जमीन पर मकान बनाकर रहने वाले परिवारों को एक फिर मालिकाना हक देने का काम शुरू किया जा रहा है। इसके तहत सांसद आलोक शर्मा ने सिंधी कम्युनिटी गुरुद्वारा टेकरी में छह सितंबर को सुबह 11 बजे से आवेदन जमा करने की अपील की है। राकेश कुकरेजा ने बताया कि ईदगाह हिल्स पर रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए छह सितंबर को रहवासियों से आवेदन मांगे गए हैं। यहां पर आवेदनों को पूरी तरह से भरकर कलेक्टोरेट भेजा जाएगा। जिसके बाद धारणाधिकार के तहत इन परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। हालांकि अब भी कई परिवार ऐसे हैं, जो दस्तावेजों की कमी की वजह से आवेदन नहीं कर पाए थे।

मालिकाना हक मिलने पर मिलेगा फायदा

यहां रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक मिलने से उनके लिए बैंक से लोन, खरीदी-बिक्री, नामांतरण का फायदा मिलना आसान हो जाएगा। इस जमीन पर 2014 के पहले से लोग 25 साल से काबिज हैं और उनके पास बिल, टैक्स जमा करने के दस्तावेज हैं, वे आवेदन कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई बैठक

पशुओं के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए लघु और दीर्घकालीन योजना बनाकर क्रियान्वयन करें सुनिश्चित

अब भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित 9 जिलों में चलेगा जीरो फेटिलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने सड़कों पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मृत्यु को रोकने के लिए समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर समितियों का गठन कर उनसे मदद लेने और उन्हें प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय करने की आवश्यकता बतायी है। उन्होंने पशुओं आदि के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के लिये लघु और दीर्घ कालीन योजना बनाकर समय-सीमा मे क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। बैठक में इंदौर भोपाल और उज्जैन में जीरो फेटिलिटी डिस्ट्रीक प्रोग्राम प्रारंभ करने पर सहमति बनी। वर्तमान में 6 जिलों धार, सतना, रीवा, सागर, जबलपुर एवं खरगौन के साथ उज्जैन, भोपाल एवं इन्दौर जिलों में भी जीरो फेटलिटी डिसट्रिक प्रोग्राम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य सचिव कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक मे यह भी तय किया गया है कि प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओ का विश्लेषण कर भविष्य में उक्त स्थलों और कारणों से दुर्घटना नहीं हो, इसके संबंध में कार्य-योजना तैयार कर उसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।

सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए लाई जाएगी जन-जागरुकता

बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए शिक्षा विभाग का सहयोग प्राप्त किया जाये तथा इस संबंध में विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा सड़क दुर्घटना के संबंध में जन-जागरूकता सुनिश्चित की जाये। प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को अस्पताल पहुँचाने के लिए औसतन समय 16 मिनट लगता है। प्रयास किया जाए कि इस अंतराल को यथासंभव कम किया जाये। प्रदेश में औसतन प्रतिवर्ष 13 हजार मृत्यु सड़क दुर्घटना से होती है।

जरूरी वित्तीय प्रावधान करें सुनिश्चित

बैठक में अध्यक्ष सप्रे ने सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के लिए 4 ई यानि इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर, इंफोर्समेंट और एजुकेशन पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। राज्य शासन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए उक्त जिलों के लिये जरूरी वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित करे। क्रियान्वयन के लिए सी.एस.आर. और तकनीकी का भी सहारा लिया जाये।

7 लाखों की लागत से बने संजीवनी क्लीनिक...

8 कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं... से गूंजा रवींद्र...

रचना नगर, सर्वधर्म, अरेरा कॉलोनी, गौतम नगर, ऐशबाग और खानूगांव पहुंचा पुलिस के साथ नगर निगम का अमला

अरेरा कॉलोनी में व्यापारियों ने किया विरोध हंगामे के बाद पुलिस ने संभाला मोर्चा

सीलिंग कार्रवाई आगे बढ़ी...7 होटल-रेस्टोरेंट पर निगम ने, 102 पर खुद कारोबारियों ने जड़ा ताला, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार से एक बार फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम की टीमें रचना नगर, सर्वधर्म, अरेरा कॉलोनी, गौतम नगर, ऐशबाग और खानूगांव में संपत्तियों को सील करने पहुंचीं, जिसके तहत शहर में छह टीमों ने कुल 7 प्रतिष्ठान सील किया है, वहीं 102 दुकानदारों ने खुद ही अपना कारोबार बंद कर दिया।

इस तरह कुल 109 प्रतिष्ठान बंद किए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा संपत्तियां नरेला और मध्य विधानसभा क्षेत्र में सील की गई हैं।

सबसे ज्यादा संपत्तियां शहर के नरेला और मध्य विधानसभा क्षेत्र में सील की गई

हरिभूमि ऑन स्पॉट

रचना नगर में जुंबा डांस हाउस, सर्वधर्म इलाके में होटल में लगाया ताला

अरेरा कॉलोनी ई-3 में व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

अलग-अलग टीमों ने रचना नगर में जुंबा डांस हाउस को सील किया है। सर्वधर्म में क्लियर होटल को बंद कराया गया। गौतम नगर में एक होटल संचालक ने खुद ही व्यावसायिक गतिविधि बंद कर दी। खानूगांव में आवासीय भवन में चल रही दुकानें बंद कराई गई। ई-3 अरेरा कॉलोनी में भी सीलिंग कार्रवाई हुई और एक दुकान सील कर दुकानों को बंद कराया गया।

दुकानदार बोले, बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं

10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने कहा कि व्यापारी गलत नहीं हैं। सरकार की ओर से समय पर मास्टर प्लान नहीं लाने की वजह से यह स्थिति बनी है। यदि इसी तरह कार्रवाई जारी रही तो भोपाल का बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा और हजारों व्यापारी सड़क पर आ जाएंगे। वहीं कारोबारियों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

कारोबारियों पर कार्रवाई से बढ़ रहा जनाक्रोश, शीघ्र समाधान की मांग

उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद व्यवसायों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई को रोजी-रोटी से जुड़ा गंभीर मामला बताया जा रहा है और केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सरकार को इस मामले को शीघ्र संज्ञान लेकर व्यापारियों के हित में उचित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। कार्रवाई से व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और इससे सरकार के प्रति लोगों में जनाक्रोश उत्पन्न हो रहा है। यह केवल व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में व्यापारियों और उनसे जुड़े परिवारों की रोजी-रोटी का मामला है। इसलिए इस विषय को संवेदनशीलता के साथ देखते हुए ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए, जिससे कानून का सम्मान भी बना रहे और व्यापारियों की आजीविका पर संकट भी न आए।

नवनीत अग्रवाल
महामंत्री, अभा उद्योग व्यापार मंडल एवं भोपाल व्यापारी महासंघ

'सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अमल में बाधा डालने वालों पर हो अवमानना की कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में यदि किसी संस्था, संगठन या व्यक्ति विशेष द्वारा किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है, तो ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था जानबूझकर न्यायालय के आदेश के अमल में बाधा डालती है, तो उसके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन में रुकावट डालने वालों के खिलाफ न्यायालय के आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाए, ताकि कार्रवाई की प्रक्रिया प्रभावित न हो और न्यायिक निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

सुनील पंजाबी
अध्यक्ष, भोपाल थोक किराना व्यापारी महासंघ

व्यापारियों ने कहा- 10 साल से होटल, अब आवासीय बताकर कर रहे कार्रवाई

रचना नगर में होटल संचालक राहुल सिंह ने बताया कि होटल 10 साल से संचालित हो रहा है। वे निगम को कमर्शियल किराया देते आ रहे हैं। अब तत्काल होटल हटाने और बंद करने की कार्रवाई की जा रही है।

इधर, रचना नगर में होटल 'ओ' के संचालक विपुल रावत का कहना है कि कई वर्षों से उनसे निगम कमर्शियल रेंट ले रहा है। उनका कहना है कि ईएमआई पर मकान और होटल तैयार किया है और निगम ने वर्ष 2040 तक यहां होटल संचालन को वैध माना था। वहीं हॉस्टल संचालक हीरालाल दुबे ने कहा कि सड़क किनारे कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी रेजिडेंशियल क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही।

रचना नगर स्थित होटल 'ओ' पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।

सोमवार को कहां-कहां हुई सीलिंग

सोमवार की कार्रवाई में नरेला, मध्य, हुजूर, दक्षिण, गोविंदपुरा और उत्तर विधानसभा क्षेत्रों में निगम की कार्रवाई की गई। नरेला में तीन संपत्तियां सील हुईं और 23 प्रतिष्ठानों ने खुद कारोबार बंद किया। मध्य में तीन संपत्तियां सील हुईं और 21 ने कारोबार बंद किया। हुजूर में एक संपत्ति सील हुई और 18 ने स्वयं कारोबार बंद किया। दक्षिण विधानसभा में किसी संपत्ति को सील नहीं किया गया, लेकिन 23 प्रतिष्ठानों ने कारोबार बंद किया। गोविंदपुरा में नौ और उत्तर विधानसभा में सात प्रतिष्ठानों ने स्वयं कारोबार बंद किया। इस तरह कुल 109 संपत्तियों पर कार्रवाई की गई, इनमें से 102 प्रतिष्ठानों में स्वयं कारोबार बंद किया और 7 पर निगम कर्मियों ने ताले जड़े।

रचना नगर में निगम ने नियम विरुद्ध ब्लिंकिट स्टोर को सील कर दिया।

नियमों के विपरीत संचालित प्रतिष्ठानों पर हो रही सीलिंग

भोपाल में आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर नगर निगम की कार्रवाई के बीच यह मुद्दा लगातार चर्चा में है। निगम द्वारा पहले नोटिस जारी किए गए और जांच के बाद अब नियमों के विपरीत संचालित प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। अतः न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का सभी संबंधित पक्षों को न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करना चाहिए। कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों और निर्धारित नियमों के अनुरूप हो रही है। न्यायिक आदेशों की निष्पक्ष और प्रभावी पालन से ही पूरे मामले में कानून के शासन और प्रशासनिक व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रहेगा।

मार्तंड त्रिहान, प्रोपराइटर, ओराइजा इंटरनेशनल जनरल ट्रेडिंग

8 हजार 264 नोटिस के बाद अब सील कर रहे शॉप और रेस्टोरेंट

नगर निगम ने 26 अगस्त तक 8 हजार 264 नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस के बाद निगम ने अंतिम 24 घंटे का नोटिस देकर अब कार्रवाई शुरू की है। सोमवार से सीलिंग और प्रतिष्ठान बंद कराने की कार्रवाई शुरू हुई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई थाना क्षेत्रों का पुलिस बल भी तैनात रहा।

गौतम नगर में दुकानों को सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

याचिकाकर्ता ने कहा- निगम की कार्रवाई दिखावा

रहवासी इलाकों में कामर्शियल गतिविधियों को लेकर कोर्ट में याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने नगर निगम की इस कार्रवाई को दिखावा बताया। उनका कहना है कि अवैध इमारतों ने सड़को के फुटपाथ तक निगल लिए हैं, इनके पास खुद की पार्किंग नहीं होने से कॉलोनी के अंदर तक जाम की हालत निर्मित होती है।

जल्द लागू हो नया भूमि विकास नियम

आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्पष्ट और सार्वभौमिक है। न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप नगर प्रशासन द्वारा की जा रही सीलिंग की कार्रवाई समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। इसका बेहतर, व्यावहारिक समाधान यही है कि सरकार जल्द से जल्द नया भूमि विकास नियम लागू करने के साथ मास्टर प्लान भी प्रभावी करे। इससे शहर के सुनियोजित विकास को दिशा मिलेगी और व्यापारी एवं रहवासी, दोनों के हितों का संतुलन कायम किया जा सकेगा।

मनोज मीक
अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

मास्टर प्लान जल्द लागू हो

आवासीय क्षेत्रों में लंबे समय से संचालित व्यापारिक गतिविधियों को अचानक बंद करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। सरकार को व्यापारियों को पर्याप्त समय और वैकल्पिक व्यवस्था देने के साथ नए भूमि विकास नियम और मास्टर प्लान को जल्द लागू करना चाहिए। इससे नियम स्पष्ट होंगे और व्यापारियों के साथ रहवासियों के हितों की भी रक्षा होगी।

समीर भार्गव, व्यापारी

रोजी-रोटी का संकट पैदा होगा

सीलिंग की कार्रवाई से छोटे और मध्यम व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो रहा है। यदि कहीं नियमों का उल्लंघन है तो उसका नियमन किया जाना चाहिए, लेकिन वर्षों से संचालित प्रतिष्ठानों को अचानक बंद करना उचित नहीं है। सरकार को नई नीति बनाकर व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने कदम उठाना चाहिए।

संजय जैन, व्यापारी

दुकानदार और निगमकर्मियों के बीच झड़प, पुलिस ने समझाइश देकर अलग किया

सीलिंग के दौरान दस्तावेजी प्रक्रिया करते कार्यपालन यंत्री प्रतीक तिवारी।

कार्रवाई के दौरान अरेरा कॉलोनी और गौतम नगर में दुकानदारों और निगम अधिकारियों के बीच कई बार झड़प भी हुई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उन्हें अलग किया। निगम अफसरों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठान बंद किए जाएंगे। कार्यपालन यंत्री प्रतीक तिवारी ने कहा कि जिन दुकानों होटलों को नोटिस दिया गया था, उन पर कार्रवाई की जा रही है। निगम अधिकारी एके साहनी का कहना है कि गौतम नगर में चार घंटों के दौरान 109 से ज्यादा दुकानों, रेस्टोरेंट, हॉस्टल और होटलों को सील किया गया है।

सीलिंग का काम जारी रहेगा

रहवासी क्षेत्रों में संचालित आवासीय संपत्तियों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को भी निगम की कार्रवाई जारी रहेगी।

संस्कृति जैन
कमिश्नर, नगर निगम

व्यावसायिक गतिविधियों की जरूरतें बदली

शहर के विकास के साथ व्यापारिक गतिविधियों की जरूरतें भी बदली हैं। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रख नया मास्टर प्लान और भूमि विकास नियम समय की आवश्यकता है। स्पष्ट नियम होने से व्यापारी भी उसी के अनुसार अपना व्यवसाय संचालित कर सकेंगे और रहवासियों को भी परेशानी नहीं होगी।

नरेश खुल्लर
व्यापारी

प्रशासन कार्रवाई के साथ स्थाई समाधान पर भी ध्यान दें

हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं, लेकिन प्रशासन को कार्रवाई के साथ समस्या के स्थाई समाधान पर भी ध्यान देना चाहिए। सरकार यदि नए भूमि विकास नियम और मास्टर प्लान में व्यावसायिक क्षेत्रों का उचित निर्धारण करती है तो विवाद की स्थिति कम होगी और व्यापारियों को भी अपना कारोबार व्यवस्थित करने का अवसर मिलेगा।

अजय शर्मा, अध्यक्ष
भोपाल पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन

खाद्य विभाग नहीं कराता सैंपलिंग, कुसी, मिट्टी मिला और निम्न स्तर का गेहूं लेने की मजबूरी

पीडीएस गेहूं में मिट्टी-कचरा की जांच करने सड़कों पर उतरेंगे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के तीन लाख से अधिक गरीब परिवारों को कचरा, कुसी, मिट्टी मिला और निम्न स्तर का घटिया गेहूं दिया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों से पीडीएस दुकानों पर सप्लाई किया जा रहे रहे गेहूं की खाद्य विभाग भी जांच नहीं कराता है, जिसकी वजह से गरीब परिवारों को ऐसा गेहूं लेना पड़ रहा है।

शनिवार को जब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शाहपुरा स्थित वार्ड-48 के एकता उपभोक्ता पहुंचे, तो वहां कचरा और मिट्टी मिला गेहूं बीपीएल परिवारों को दिया जा रहा था, जिसको लेकर कलेक्टर ने गेहूं जब्त कर सैंपलिंग कराने की हिदायत दी थी। जिसको लेकर सोमवार को टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने पीडीएस दुकानों से दिए जा रहे राशन की निगरानी करने की जिम्मेदारी एसडीएम को सौंपी है। दरअसल खाद्य विभाग में आठ एएसओ और जेएसओ होने के बाद भी पीडीएस दुकानों की निगरानी नहीं की जा रही है।

टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने पीडीएस दुकानों के राशन की निगरानी एसडीएम को सौंपी, गरीबों को मिलेगा अच्छा अनाज

टाइम लिमिट बैठक में गरीबों के राशन वितरण पर चर्चा करते कलेक्टर मिश्रा।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार को नोटिस

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर कोलार तहसील के तहसीलदार यशवर्धन सिंह और नायब तहसीलदार को नोटिस देकर जवाब मांगा है। कलेक्टर ने सभी को हिदायत देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बिना कार्रवाई के लंबित नहीं रहनी चाहिए।

शुक्रवार को बैरसिया में लगाया जाएगा शिविर

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का आगामी शिविर बैरसिया में लगाया जाएगा। उन्होंने शिविर को लेकर प्रचार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिविर का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलना चाहिए।

5 सितंबर तक मिलेगा बीपीएल परिवारों को दो माह का राशन

अगस्त और सितंबर माह का एकमुश्त राशन देने की तारीख को बढ़ा दिया गया है। पहले 31 अगस्त तक सभी पात्रता परिवारों को राशन दिया जाना था, लेकिन सर्वर में आई दिक्कत को देखते हुए इसे पांच सितंबर तक कर दिया गया है। हालांकि जिले में अब तक करीब 92 फीसद पात्रता परिवारों को राशन बांट दिया गया है, जबकि कई राशन दुकानों से 70 फीसदी राशन बांटा गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि अगस्त और सितंबर माह का पात्रता परिवारों को राशन दिया जा रहा है। 31 अगस्त तक करीब 92 फीसदी परिवारों को राशन मिल गया है, हालांकि शेष परिवारों को राशन देने के लिए फिलहाल 5 सितंबर तक मशीनें ओपन रहेंगी। अब तक जिन परिवारों ने दो माह का राशन नहीं लिया है, वह किसी भी राशन दुकान पर जाकर राशन ले सकते हैं।

फील्ड में गई टीम की लोकेशन लेंगे अधिकारी

आधार बेस अटेंडेंस के साथ अब रजिस्टर में एंट्री जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन और वार्ड कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों को आधार बेस अटेंडेंस के साथ ही अब रजिस्टर में भी साइन करना जरूरी हो गया है। नई व्यवस्था के मुताबिक फील्ड में गए राजस्व विभाग के कर्मचारियों की जोनल अधिकारी लोकेशन लेंगे। इसके बाद रजिस्टर में दर्ज एंट्री के हिसाब से कर्मचारियों की उपस्थिति चैक करेंगे।

शहर में प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली टारगेट के हिसाब से नहीं हो रही है, जिसकी वजह कर्मचारियों का फील्ड में नहीं जाना है। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कर्मचारियों को फील्ड में भेजने की बात कही थी। साथ ही आधार बेस अटेंडेंस के साथ रजिस्टर रखने और उसमें भी साइन करवाने को कहा।

टैक्स की एरिया के हिसाब से होगी वसूली

कमिश्नर ने सभी संपत्तियों के खाते में दर्ज एरिया का सही मिलान करने और ज्यादा कब्जा पाए जाने पर डिमांड बढ़ाने को भी कहा है। ज्यादातर वार्ड कार्यालयों ने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि वार्ड कार्यालयों को बिल्डिंग परमिशन शाखा ने सूची दी है। जिससे परमिशन और मौके पर बनी संपत्ति का सही मिलान हो सके। सभी 21 जोन के जेडओ को अपने-अपने इलाकों के वार्ड कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही फील्ड में गए कर्मचारियों को क्रास चैक करना होगा। इससे वसूली बढ़ने की उम्मीद है।

जैकेट का शेष...

पुरानी परंपरा पर लौटेगी भाजपा ...

हमारी विचारधारा को ज्यादा मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में हर वर्ग और हर क्षेत्र को लेकर विचार-मंथन हुआ। इस दौरान युवा, महिलाएं, किसान, आदिवासी, अजा-अजजा वर्गों को लेकर चर्चा हुई एवं प्रदेश में उद्योग, रोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर भी प्रदेश कार्यसमिति में विचार-विमर्श हुआ। कार्यसमिति में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसको आत्मसात करके सभी पदाधिकारी अब उस दिशा में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि ओरछा की ऐतिहासिक विरासत को संवारने के लिए राज्य सरकार 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर रही है। इसके साथ ही, युवाओं के लिए सरकारी खाली पदों को भरने के मुख्यमंत्री के प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की।

मुख्यमंत्री ने गिनाईं ढाई ..

हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और देश में हमेशा विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा दिया।

सड़कों व घरों में कीचड़ ...

जांच के लिए चित्रकूट पहुंचे हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और जिला प्रशासन की पूरी टीम ग्राउंड जीरो पर डेरा डाले हुए है। आपदा प्रबंधन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और स्थिति से निपटने के लिए बहुस्तरीय राहत अभियान चलाया जा रहा है।

बाढ़ के बाद संक्रमण और बीमारियां न फैलें, इसके लिए युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य सड़कों और परिक्रमा पथ से जेसीबी व ट्रैक्टरों के जरिए मिट्टी-कीचड़ हटाई जा रही है। बीमारियों की रोकथाम के लिए डोर-टू-डोर दवा उपचार और लंपी वायरस से बचाव हेतु टीकाकरण भी शुरू कर दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों रामनगर, नया गांव, बिरसिंहपुर में नगर परिषद के टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही हैंडपंपों में 'जर्मेक्स' घोल डालने और क्लोरीन टैबलेट बांटने का कार्य जारी है। जिले भर में 8 राहत व आश्रय स्थल बनाए गए हैं। प्रमोद वन, नयागांव, वनदेवी, कोठी शिविर और जैतवारा सहित विभिन्न स्थानों पर बाढ़ प्रभावितों को लगातार भोजन पैकेट और स्वल्पाहार वितरित किया जा रहा है। एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों और यातायात मार्गों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं, विद्युत विभाग की टीमें बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी हैं।

तिल, मूंग और धान ...

निर्देशानुसार जिले की 31 अगस्त की समय-सीमा की बैठक स्थगित कर दी गई है। सभी अधिकारियों को अपने-अपने मैदानी क्षेत्रों में भ्रमण कर राहत कार्य संचालित करने के आदेश दिए गए हैं।

आंगनवाड़ी केंद्र 2 दिन के लिए बंद : ऐहतियात के तौर पर जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा आमजन की सहायता और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन, जन अभियान परिषद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाने का प्रयास कर रहा है।

स्लीपर बस में 16 साल ...

ने उसे नोएडा सेक्टर-63 जाने की बात कहकर बस में बैठा लिया। परी चौक से कश्मीरी गेट तक करीब 47 किलोमीटर का सफर बस ने तय किया। बस स्लीपर थी और उसमें पर्दे लगे थे, जिस वजह से किसी भी राहगीर को बस के अंदर का दिखाई नहीं दिया। पीड़िता के मुताबिक ड्राइवर और कंडक्टर ने उसके साथ रेप किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

स्कूलों में आज से 3

मनाया जाना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आगामी 1 सितंबर से 3 सितंबर तक स्कूलों में भगवान श्री की लीलाओं का मंचन, शिक्षाओं, गीता ज्ञान, उनसे जुडे.प्रसंगो नाटय-नृत्य का मंचन, भगवान श्री कृष्ण के संबंध में भ्रामक मिथकों को तोड़ने के लिए व्याख्यान के साथ गुरू सांदीपनी से जुड़े प्रसंगों, गुरू शिष्य परंपरा पर परिचर्चा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अहमदाबाद में एयर ...

से दूर आइसोलेशन बे में ले जाया गया। प्लेन में सवार सभी 32 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर टर्मिनल बिल्डिंग भेजा गया।

सीआईएसएफ, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने पूरे प्लेन, कार्गो एरिया और यात्रियों के सामान की बारीकी से चेकिंग की। जांच में कोई भी संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल एजेंसियां टिश्यू पेपर पर संदेश लिखने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान में जुट गई हैं।

पहली तिमाही में 7.8 फीसदी ...

ने इस आर्थिक बढ़त को मुख्य सहारा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे असाधारण उपलब्धि करार दिया। पीएम मोदी ने आलोचकों पर निशाना साधते हुए लिखा कि निराशावादी फिर से गलत साबित हुए और भारत एक बार फिर मजबूती से खिल उठा।

मंत्री विजय शाह के विरुद्ध ...

विवादित टिप्पणी की थी। हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने जांच पूरी कर सीलबंद रिपोर्ट शीर्ष अदालत में पेश की और अभियोजन की अनुमति मांगी थी।

राज्य सरकार ने ...

अदालत में आधिकारिक आरोपपत्र दाखिल करेगी। यदि अभियोजन की अनुमति से इनकार किया जाता है, तो जांच एजेंसी अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट पेश करेगी।

राज्यपाल को ...

जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज ने स्पष्ट किया कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए राज्य सरकार की सिफारिश राज्यपाल के पास लंबित है। इस पर न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने रुख साफ करते हुए कहा था कि सक्षम प्राधिकारी (राज्यपाल) को इस विषय पर अपना निर्णय लेने दिया जाए।

पेज एक का शेष...

मूर्तियों से सोना...

किया गया था। इस ठोस रिपोर्ट के आधार पर एसआईटी अगले सप्ताह हाई कोर्ट में अपनी फाइनल चार्जशीट दाखिल करेगा। एनएमएल के वैज्ञानिकों ने स्पेक्ट्रोस्कोपी और एक्स-रे जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर यह पता लगाया कि मंदिर के तांबे के पैनलों के साथ वैज्ञानिक तरीके से छेड़छाड़ की गई थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि आरोपियों ने मूल सोने को हटाने के लिए पारे (मर्करी) और विशेष रसायनों का उपयोग किया। इसके बाद अपनी चोरी को छिपाने के लिए तांबे के पैनलों पर सोने की बेहद महीन नैनो-लेयर चढ़ा दी गई थी, जिसे वैज्ञानिकों ने बारीकी से पकड़ लिया।

स्वर्ण पैनलों से ...

ने मुंबई से यह केमिकल मंगवाया था। इस पूरी साजिश में उन्नीकृष्णन पोट्टी मुख्य आरोपी है। मामले में अब तक 430 गवाहों के बयान दर्ज कर चुकी है। एनएमएल के अधिकारी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के प्रतिनिधि अदालत में अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाह बनेंगे।

15 वर्षीय वैभव ...

पूरा किया और 15 साल 157 दिन की उम्र में दलीप ट्रॉफी में सबसे कम उम्र में फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 1969 में लक्ष्मण सिंहद्वारा बनाए गए 57 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हालांकि, वैभव केवल 8 रनों से महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। यदि वह शतक बना लेते, तो 17 साल और 262 दिन की उम्र में सचिन द्वारा बनाए गए दलीप ट्रॉफी के सबसे युवा शतकवीर के रिकॉर्ड को अपने नाम कर लेते।

बिश्केक में पकेगा...

संतोष की बात है कि हमारा सहयोग नई ऊंचाइयां छू रहा है और हम दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना हमारी साझा सोच रही है और भविष्य में भी यही हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना रहेगा।

आर्मेनियाई पीएम से भी मिले मोदी: पीएम मोदी ने आर्मेनिया के पीएम निकोल पाशिन्यान से भी मुलाकात की। इस दौरान रक्षा, अर्थव्यवस्था, फार्मा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

रूस-यूक्रेन ...

भी करता रहेगा। पीएम मोदी ने युद्ध खत्म करने की अपील की। कहा कि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नई उम्मीद और उत्साह भरता है। हमें अंतहीन युद्ध से हटकर युद्ध को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह मानवता की भलाई के लिए जरूरी है। सभी मुद्दों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान ही मानवता की पुकार है और यही भारत का संदेश है। गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है: शांति का मार्ग।

ब्रिक्स में शामिल...

है। हाल के वर्षों में यह संख्या सात गुना बढ़कर अब 40,000 हो गई है। पुतिन ने कहा कि हम नियमित रूप से भारत और रूस के सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करते हैं। हमारे बीच पर्यटकों का आना-जाना भी काफी होता है, जिसमें 16% की वृद्धि देखी गई है।

पीएम मोदी और ...

संबंधों का दायरा बढ़ाने और उसमें विविधता लाने का इच्छुक है।

11 लोगों की ...

11 शव मिलने की पुष्टि की गई है। 24 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे से एक घंटा तक विस्फोट हुआ। जिस घर में पटाखे में आग लगी, पास ही बूंदी कारखाना में पांच और आटा चक्की में छह लोग मौजूद थे। धमाका काफी देर बाद तक होता रहा। कौशांबी के डीएम और एसपी ने भी वहां पहुंचकर जायजा लिया।

पति ने हंसिए ...

देखते हुए डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। राजाबाबू अपनी पत्नी को पन्ना जिले स्थित उसके मायके से गांव वापस लेकर आया था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, विवाद का कारण पत्नी के चरित्र पर संदेह जताया जा रहा है, हालांकि पुलिस इसकी आधिकारिक जांच कर रही है।

बाइकों की आमने ...

बेटे कल्ला का स्कूल खुलने के कारण शिवराज अपनी पत्नी धनकुबेर (32) और बेटे के साथ बाइक से वापस अशोकनगर लौट रहे थे। इसी दौरान तौकली गांव के समीप उनकी बाइक दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवराज की पत्नी धनकुबेर और मासूम बेटे कल्ला की मौके पर ही मौत हो गई। शिवराज ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार बालवीर अहिरवार (52) की हादसे में मौत हो गई। वहीं, उनके साथ मौजूद उनकी पत्नी गुड्डी बाई और दामाद संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

हेलिकॉप्टर से हुई ...

के अलौकिक दर्शन हुए। चौरासी महादेव की विशेष थीम पर आधारित इस यात्रा का मार्ग जयकारों से गूंज उठा। सवारी कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा और बक्षीबाजार होते हुए मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट पहुंची, जहां हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं और पालकी पर पुष्पवर्षा की गई। रामघाट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुजारियों के साथ शिप्रा जल से भगवान महाकाल का विधिवत पूजन-अभिषेक किया। उन्होंने झांझ-मंजीरा भी बजाया। पूजन के बाद सवारी गोपाल मंदिर और पटनी बाजार होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंची।

'छात्रों की गूंज'...

अध्यक्ष चिंटू चौकसे, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया और नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल से मुलाकात की। नेताओं ने स्मार्ट सिटी ऑफिस पहुंचकर 12 सितंबर को नेहरू स्टेडियम में आयोजन की अनुमति के लिए आवेदन सौंपा। निगम प्रशासन की ओर से फिलहाल अनुमति पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि अनुमति न मिलने की स्थिति में पार्टी अन्य विकल्पों पर मंथन कर रही है और कार्यक्रम शहर के किसी अन्य स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

जोमैटो का बड़ा फैसला: असली पनीर की जगह 'नकली' इस्तेमाल करने वाले रेस्टोरेंट होंगे बैन

जोमैटो पर नहीं बिकेगा 'नकली पनीर' हटाई गईं एनालॉग डेयरी वाली डिश

जोमैटो ने अपने सभी पार्टनर रेस्टोरेंट्स को दिया सख्त निर्देश

अच्छी खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने खाने की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने वनस्पति आधारित कृत्रिम पनीर यानी एनालॉग पनीर का इस्तेमाल करने वाले रेस्टोरेंट और क्लाउड किचन के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी लागू कर दी है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसके तहत मानकों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं को सीधे प्लेटफॉर्म से हटा (डि-लिस्ट) दिया जाएगा। रेस्टोरेंट्स के लिए सख्त निर्देश जोमैटो ने अपने सभी पार्टनर रेस्टोरेंट्स को निर्देश दिया है कि वे एनालॉग पनीर के बजाय तुरंत प्राकृतिक डेयरी उत्पादों का उपयोग शुरू करें। यदि तुरंत विकल्प बदलना संभव न हो, तो ऐसे व्यंजनों को अपने मेन्यू से हटा दें। इसके अलावा, रेस्टोरेंट्स को अपने सप्लायर्स के प्रोडक्ट लेबल्स और सामग्रियों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मेन्यू में दर्ज जानकारी शत-प्रतिशत सटीक हो।

▶▶ 'एनालॉग पनीर' पर लागू की जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी

एनालॉग पनीर बनाम असली पनीर: असली पनीर पूरी तरह शुद्ध दूध को फाड़कर प्राकृतिक छेने से तैयार किया जाता है, जो प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर होता है। जबकि एनालॉग पनीर एक प्लांट-बेस्ड या आर्टिफिशियल विकल्प है। इसमें दूध की जगह वेजिटेबल ऑयल (वनस्पति तेल), स्टार्च और सोया प्रोटीन का उपयोग किया जाता है। देखने और स्वाद में यह असली पनीर जैसा लगता है, लेकिन इसमें दूध का उपयोग नहीं होता।

▶▶ मेन्यू में बदलाव न करने पर प्लेटफॉर्म से हटाए जाएंगे

गुमशुदा

उमेंद कुमार पाटले
उम्र - 28 वर्ष
पिता - भागवत प्रसाद पाटले
निवासी- खैजा सोहनपुर चौकी पंतोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा
नाम सूचक :- भागवत प्रसाद पाटले पिता स्व. रुपदास पाटले उम्र 58 वर्ष साकिन खैजा सोहनपुर चौकी पंतोरा थाना बलौदा
हुलिया
रंगः- गोरा, कदः- 5 फीट 8 इंच, कपड़ाः- लोवर फूल शर्ट गुलाबी रंग, बालः- काला, चेहराः-गोल, शैक्षणिक-M.sc तक पढ़ा है।
दिनांक घटना :- 02.07.2026 के रात्रि 7 से8 बजे, घटना स्थलः- ग्राम खैजा सोहनपुर, कृपया कहीं मिले या दिखे तो नीचे दिये मो.नं. पर संपर्क करे, पता बताने वालो को उचित ईनाम 30,000 दिया जाएगा।
पिता- भागवत प्रसाद पाटले
8319680653
भाई- राजेश कुमार पाटले
9244767368

BHOPAL SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
Zone-14, Bhopal Municipal Corporation, BHEL, Govindpura, Bhopal-462023 (M.P.)
Phone : 0755-2477770, E-mail : tenderqueries@smartbhopal.city, www.smartcitybhopal.org
Sr.No. : 559/MPBSCDCL/2026 Bhopal, Date : 25.08.2026

Bhopal Smart City Development Corporation Limited की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु MPBSCDCL/TENDER No.-329 ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

S. No.	Tender Name	Cost of Bidding Document (Nonrefundable)	Earnest Money Deposit/Bid Security	Pre Bid Date	Period of Work	Submission of Proposal End Date	Bid Opening Dated
1.	Day to Day Maintenance for of Smart City Building, Govindpura, Bhopal. (MPBSCDCL/TENDER No.- 329) Tender ID-2026_UAD_531833_1	Rs. 5,000/- (Five Thousand Only)	Rs. 30,000/- (Thirty Thousand Rupees Only)	01.09.26 12:00 PM	12 Month	23.09.2026, 18:00 PM	24.09.26, 15:00 PM

RFP दस्तावेज एवं निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
म.प्र. माध्यम/127818/2026 कार्यपालन यंत्री

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रामकुमार रघुवंशी पुत्र श्री साहब सिंह आयु 43 वर्ष निवासी ग्राम साईखेड़ा, तहसील-सिलवानी, जिला रायसेन, म.प्र. का निवासी हूँ। मेरी पुत्री के शासकीय अशाकीय दस्तावेजो मे उसका अंग्रेजी व हिन्दी मे नाम व सरनेम नंदनी रघुवंशी (NANDANI RAGHUWANSHI) पुत्री श्री रामकुमार रघुवंशी (RAMKUMAR RAGHUWANSHI) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे त्रुटिवश उसका नाम नमामि रघुवंशी (NAMAMI RAGHUWANSHI) पुत्री रामकुमार रघुवंशी (RAMKUMAR RAGHUWANSHI) दर्ज हो गया है जो कि गलत हैं। मेरी पुत्री का सही नाम व सरनेम नंदनी रघुवंशी (NANDANI RAGHUWANSHI) पुत्री श्री रामकुमार रघुवंशी (RAMKUMAR RAGHUWANSHI) है जो सही एवं सत्य है एवं भविष्य में इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जायेगी।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6334



बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

ऊपर से नीचे
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

शब्द पहेली - 6333 का हल

सूडोकु नवताल - 6344

★★★★☆ मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1			
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6343 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

खबर संक्षेप

फोन पे ने लांच किया यूपीआई 123 पे

नई दिल्ली। अब फीचर फोन यानी कीपैड वाले बेसिक मोबाइल फोन से भी बिना इंटरनेट यूपीआई पेमेंट किया जा सकेगा। फोन पे ने पूरे देश में 'फोन पे यूपीआई 123पे लांच करने की घोषणा की है। कंपनी के मुताबिक, इस पहल के साथ वह भारत के 20 करोड़ से ज्यादा फीचर फोन यूजर्स को यूपीआई पेमेंट की सुविधा देने वाला पहला प्रमुख थर्ड-पार्टी ऐप प्रोवाइडर बन गया है। फोन पे का कहना है कि यह सर्विस खास तौर पर उन लोगों को डिजिटल पेमेंट से जोड़ने के लिए तैयार की गई है, जो स्मार्टफोन या बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी के कारण अब तक डिजिटल भुगतान से दूर रहे हैं।

आईएसी ने किया कार्यशाला का आयोजन

कोलकाता। इंडिया ऑटिज्म सेंटर (आईएसी) ने 'अपनत्व के धागे' नामक एक समावेशी राखी-निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। ऑटिज्म और संबंधित विकासात्मक स्थितियों से जुड़े व्यक्तियों के सहयोग के लिए समर्पित एक प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन, इंडिया ऑटिज्म सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में न्यूरोडाइवर्जेंट व्यक्तियों, उनके भाई-बहनों और दोस्तों ने एक साथ भाग लिया। सत्र का संचालन राजश्री मुखर्जी, न और अनामित्रो चटर्जी, इंडिया ऑटिज्म सेंटर के आवासीय कलाकार ने किया।

पखवाड़े के लिए 13 लाख टन चीनी का बिक्री कोटा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सितंबर 2026 के पहले पखवाड़े यानी 1 से 15 सितंबर के लिए चीनी मिलों का 13 लाख टन बिक्री कोटा जारी कर दिया है। सरकार ने इस बार मिलों के लिए कोटा बिक्री की समय-सीमा में बड़ा बदलाव किया है। अब चीनी मिलों को रिलीज ऑर्डर जारी होने के सात दिनों के भीतर अपना आवंटित कोटा बाजार में बेचना अनिवार्य होगा। पहले चीनी मिलों को रिलीज ऑर्डर मिलने के बाद आवंटित कोटा बेचने के लिए करीब एक महीने का समय मिलता था। नई व्यवस्था के तहत यह अवधि घटाकर केवल सात दिन कर दी गई है। सरकार के इस कदम से चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और बाजार में आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

88 देशों के 45 हजार से अधिक विदेशी मरीज भी शामिल, डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड से उपचार का डेटा हो रहा तैयार

पतंजलि के 'वेलनेस मॉडल' पर बढ़ रहा वैश्विक भरोसा, 1.38 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, क्रॉनिक डिजीज और उम्र बढ़ने से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के बीच आयुर्वेद आधारित उपचार की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। पतंजलि के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में उसके आयुर्वेदिक अस्पतालों, वेलनेस केंद्रों और चिकित्सालयों में 1.38 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार किया गया है। इनमें 88 से अधिक देशों के 45 हजार से ज्यादा विदेशी मरीज भी शामिल हैं।

पतंजलि के अनुसार यूरोप, मध्य-पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका सहित विभिन्न क्षेत्रों से मरीज उपचार और वेलनेस सेवाओं के लिए यहां पहुंचे हैं। संस्थान का दावा है कि विदेशी मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के प्रति वैश्विक रुचि को दर्शाती है। पतंजलि अब अपने मौजूदा उपचार मॉडल को आगे बढ़ाते हुए 'पतंजलि इंटीग्रेटेड हेल्थ मॉडल' की दिशा में काम कर रहा है। इसमें योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, संतुलित आहार और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया जा रहा है।

5,000 से अधिक डॉक्टर और 500 से ज्यादा वैज्ञानिकों के साथ काम कर रहा पतंजलि का नेटवर्क

आचार्य बालकृष्ण और स्वामी रामदेव

'योग और आयुर्वेद के साथ आधुनिक चिकित्सा का एकीकरण जरूरी'

स्वामी रामदेव के अनुसार, योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, संतुलित आहार और वैज्ञानिक उपवास आधारित जीवनशैली करोड़ों लोगों के लिए स्वास्थ्य और नई आशा का माध्यम बन रही है। उनका कहना है कि योग, आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को एकीकृत कर ऐसा हेल्थ सिस्टम विकसित करने की जरूरत है, जो केवल बीमारी के उपचार तक सीमित न रहे, बल्कि व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी केंद्रित हो।

डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड से उपचार का डेटा

पतंजलि के अनुसार, उसके यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों का डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। संस्थान का कहना है कि इससे मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य स्थिति और फॉलोअप से संबंधित जानकारी को व्यवस्थित तरीके से दर्ज करने में मदद मिल रही है। साथ ही अनुसंधान और उपचार पद्धतियों के मूल्यांकन के लिए भी इस तरह के डेटा का उपयोग किया जा रहा है। संस्थान के मुताबिक, उसके नेटवर्क में 5,000 से अधिक डॉक्टर और 500 से ज्यादा वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा योग के क्षेत्र में 10 लाख से अधिक वॉलेंटियर और एक लाख से ज्यादा निःशुल्क योग कक्षाओं का भी दावा किया गया है। पतंजलि में देश के लगभग सभी राज्यों के अलावा विदेशों से भी मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, गुजरात, हरियाणा और महाराष्ट्र से आने वाले मरीजों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में अधिक बताई गई है।

आंकड़ों में पतंजलि का हेल्थ नेटवर्क

- 1.38 करोड़+ मरीजों का उपचार
- 57 फीसदी पुरुष और 43फीसदी महिलाएं
- 46 फीसदी मरीज 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के
- 99.7 फीसदी भारतीय मरीज
- 45 हजार+ विदेशी मरीज
- 88+ देशों से मरीज
- 5,000+ डॉक्टर
- 500+ वैज्ञानिक
- 10 लाख+ योग वॉलेंटियर
- 1 लाख+ निःशुल्क योग कक्षाएं
- 15,000 से अधिक निःशुल्क ओपीडी प्रतिदिन का दावा
- 500+ शोध पत्र

'साक्ष्य आधारित आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा में लाना लक्ष्य'

पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण के अनुसार, संस्थान का लक्ष्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा में स्थापित करना है। उनके मुताबिक डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड, अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणिकता देने की दिशा में काम किया जा रहा है। उनका कहना है कि भारतीय ऋषि परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से ऐसा समग्र स्वास्थ्य मॉडल विकसित करने का प्रयास है, जो सुलभ और किफायती होने के साथ दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हो। यह प्रयास भारतीय 'विश्व कल्याण' की अवधारणा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

भोपाल चेंबर में घमासान सोशल मीडिया में विरोध और नाराजगी

प्रबंध समिति पर भोपाल चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल थोप रहे स्वयंभू निर्णय, असंतोष व्याप्त

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शहर के व्यापारियों की संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल की कार्यशैली को लेकर अब संगठन के भीतर और सोशल मीडिया पर भी नाराजगी के स्वर उठने लगे हैं। पदाधिकारियों और सदस्यों का आरोप है कि चेंबर में सामूहिक विचार-विमर्श और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दरकिनार कर

अध्यक्ष द्वारा 'स्वयंभू निर्णय' चेंबर की प्रबंध समिति पर थोप रहे हैं। सदस्यों के अनुसार चेंबर जैसी संस्था में महत्वपूर्ण फैसले अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सहमति एवं चर्चा के बाद लिए जाने चाहिए, लेकिन अध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर असंतोष व्याप्त हो गया है क्यों कि अध्यक्ष कई मामलों में पहले निर्णय कर लिए लेते हैं और जानकारी बाद में पदाधिकारियों सहित प्रबंध समिति के सदस्य को दी जाती है। अतः चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल की इस मानमानी पूर्ण रवैए का विरोध प्रबंध समिति में होने के साथ अब सोशल मीडिया पर भी शुरू हो गया है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े एक व्हाट्सएप ग्रुप में सामने आए संदेश के बाद संगठन की प्रबंध समिति के भीतर चल रही खींचतान और मतभेदों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स संस्था है या फर्म?

महामंत्री ललित तातेड़ ने सवाल उठाया कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स संस्था है या फर्म? उन्होंने कहा कि चेंबर एवं व्यापारी संघ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई,

लेकिन इसकी सूचना चेंबर के किसी भी पदाधिकारी को नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यदि बैठक की सूचना चेंबर के किसी पदाधिकारी को दी गई थी और कोई पदाधिकारी बैठक में शामिल हुआ है, तो इसकी जानकारी उनके संज्ञान में भी नहीं है। ललित तातेड़ ने चेंबर अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि ये सब राजनीतिक गड़बड़झाला चल रहा है और कहा कि वे इसका विरोध करते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गलत को गलत कहने की क्षमता हम में है।

चेंबर किसी व्यक्ति की फर्म नहीं फैसले सर्वसम्मति से हों

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य सुनील पंजाबी ने कहा कि चेंबर राजधानी के व्यापारियों की सर्वभौमिक संस्था है, यह किसी एक



व्यक्ति की फर्म नहीं है। सुनील पंजाबी ने कहा कि किसी भी संस्था के अध्यक्ष द्वारा एकतरफा निर्णय थोपना संस्था के हित में नहीं होता। चेंबर सामूहिक संस्था है और इसके निर्णय भी सामूहिक विचार-विमर्श के आधार पर होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स ऐसी संस्था नहीं है, जिसे किसी व्यक्ति विशेष अथवा किसी अन्य संगठन के अधीन संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि चेंबर की प्रबंध कमेटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को तवज्जो दी जानी चाहिए।

सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगी अब चेंबर की अंदरूनी कलह

भोपाल व्यापारी महासंघ महामंत्री नवनीत अग्रवाल ने कहा कि विगत दिनों मिंटो हॉल में हुए प्रदर्शन में भी चेंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदर्शन की मुख्य धारा से अलग-

थलग दिखाई दे रहे थे। चेंबर अध्यक्ष और व्यापारिक संगठन के मुखिया या यूं कहें की अध्यक्ष के कुछ मुख्य सलाहकार ही उनके इर्द गिर्द दिखाई दे रहे थे। ऐसे में एक तरफा लिए जा रहे निर्णय से बाकी पदाधिकारी स्वयं को अपमानित महसूस कर कर रहे हैं। जिसके संकेत अब सार्वजनिक प्रदर्शन सोशल मीडिया पर भी मिलने लगे कि चेंबर में अब सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। एक कहावत है कि 'मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान सो एक' परंतु मुखिया का व्यवहार इस दोहा के विपरीत बार-बार संकेत दे रहा है।

बैठक और निर्णय प्रक्रिया पर उठे सवाल

सदस्यों के मुताबिक, चेंबर के संविधान और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर चर्चा और सुझाव लिए जाने चाहिए, ताकि निर्णय सामूहिक रूप से हो सकें। सदस्यों का आरोप है कि ऐसा नहीं होने से पदाधिकारियों के बीच संवाद की कमी बढ़ रही है। कुछ सदस्यों ने कहा कि चेंबर व्यापारियों की सामूहिक संस्था है और किसी एक पदाधिकारी की व्यक्तिगत संस्था नहीं। फिलहाल चेंबर के भीतर उठ रहे इन सवालों ने संगठन की कार्यप्रणाली, निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व शैली को लेकर चर्चा तेज कर दी है।

शुगर मिल में भाव घटे, फिर भी आम ग्राहकों को महंगी चीनी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चीनी की कीमतों में बड़ी गिरावट के बावजूद इसका लाभ अभी आम ग्राहकों तक नहीं पहुंच पाया है। सोमवार को चीनी मिलों से निकलने वाली चीनी का भाव घटकर 45 रुपए प्रति किलो रह गया, जबकि 18 अगस्त को यही भाव 67 रुपए प्रति किलो था। यानी करीब दो सप्ताह में मिल भाव में 22 रुपए प्रति किलो की कमी आई है। इसके बावजूद स्थानीय बाजारों में चीनी के दाम अपेक्षाकृत ऊंचे बने हुए हैं।

हनुमानगंज और जुमेराती बाजार में सोमवार को चीनी के थोक सौदे 54 से 55 रुपए प्रति किलो के भाव पर हुए। वहीं फुटकर बाजार में आम ग्राहकों को एक किलो चीनी के लिए 60 रुपए चुकाने पड़े। इस तरह मिल भाव 45 रुपए किलो होने के बावजूद थोक बाजार में चीनी करीब 10 रुपए महंगी, जबकि फुटकर बाजार में 15 रुपए अधिक दाम पर बिक रही है। बाजार में चीनी के दामों में यह अंतर सरकार की सख्ती और मिल स्तर पर आई गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचने पर सवाल खड़े कर रहा है।

थोक बाजार में मिल भाव से 10 रुपए और फुटकर में 15 रुपए किलो महंगी बिक रही चीनी

22 रुपए की गिरावट लेकिन ग्राहक को सिर्फ 7 रुपए का फायदा

18 अगस्त को मिल भाव 67 रुपए किलो था, जबकि सोमवार को यह घटकर 45 रुपए रह गया। इसके बावजूद थोक बाजार में कीमत 54-55 रुपए और फुटकर में 60 रुपए बनी हुई है। ऐसे में मिल स्तर पर आई बड़ी गिरावट का पूरा लाभ बाजार में ग्राहकों को नहीं मिल पा रहा है। उद्योग से जुड़े लोगों के मुताबिक, मिल और थोक कीमत के बीच आमतौर पर 2 से 3 रुपए प्रति किलो का अंतर रहता है। वहीं मिल और खुदरा कीमत के बीच यह अंतर 5 रुपए प्रति किलो तक रहता है।

बिजनेस न्यूज

पीपुल्स हॉस्पिटल के बाल रोग विभाग ने बच्चों को सिखाए स्वस्थ जीवन के मंत्र

भोपाल। बच्चों को स्वस्थ, सक्षम और सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, भोपाल के बाल रोग विभाग द्वारा इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग

से पीपुल्स पब्लिक स्कूल, भोपाल में ओजस स्कूल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित कर स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। ओजस कार्यक्रम के चार प्रमुख स्तंभों-पोषण, मानस, सक्षम और सुरक्षा के माध्यम से बच्चों को संतुलित आहार, कुपोषण एवं मोटापे से बचाव, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश मेकले, प्रोफेसर, बाल रोग विभाग, पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, सचिव एमपीआईएपी एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर, आईएपी ओजस प्रोग्राम 2026 ने कहा कि स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बचपन में विकसित स्वस्थ आदतें जीवनभर बच्चों के स्वास्थ्य और व्यक्तित्व को प्रभावित करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जगदंबा दीक्षित, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग, पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर के मार्गदर्शन में किया गया। पीपुल्स पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मैडम आशु वाधवा, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

टीआईटी ग्रुप की चेयरपर्सन साधना को मिला यूनेस्को में वैश्विक सम्मान

भोपाल। टीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन श्रीमती साधना करसोलिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्हें यूनाइटेड नेशन्स ऑब्जर्वर एवं कंसल्टेटिव स्टेटस प्रदान किया गया तथा डिस्टिंग्विश्ड एक्सीलेंस इन

टेक्निकल एजुकेशन एंड प्लेसमेंट्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान यूनेस्को ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड बिजनेस एक्सीलेंस 2026 में, यूनेस्को हाउस, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह के दौरान यूनेस्को के चीफ प्रोग्राम स्पेशलिस्ट बेन्नो बोएर द्वारा प्रदान किया गया। टीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपनी स्थापना से ही तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और छात्रों को उच्चस्तरीय प्लेसमेंट उपलब्ध कराने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। यह सम्मान संस्थान की निरंतर उत्कृष्टता, अनुशासन और शिक्षा दर्शन की वैश्विक पुष्टि है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन, प्रबंधन एवं संपूर्ण टीआईटी परिवार ने गर्व और हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि भारत के युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा और अवसर प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करती है।

यूनियन बैंक ने जुटाए 600 मिलियन डॉलर बॉन्ड इश्यू को 7 गुना सब्सक्रिप्शन

मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से बड़ी राशि जुटाने में सफलता हासिल की है। बैंक ने अपनी दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर शाखा के जरिए 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ड्यूल-ट्रांच रेंज एस सीनियर अनसिक्योर्ड नोट्स जारी किए हैं। 24 अगस्त 2026 को जारी किए गए इस बॉन्ड में 3 वर्ष और 5 वर्ष की अवधि वाले दो ट्रांच शामिल हैं। 3 वर्षीय नोट के जरिए 300 मिलियन डॉलर और 5 वर्षीय नोट के जरिए 300 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं। तीन वर्षीय बॉन्ड की कीमत यूएसटी प्लस 93 बेसिस पॉइंट और 5 वर्षीय बॉन्ड की कीमत यूएसटी प्लस 102 बेसिस पॉइंट पर तय की गई है। यह इश्यू बैंक के सीनियर अनसिक्योर्ड दायित्वों के रूप में संरचित है। सबसे खास बात यह रही कि इस इश्यू को वैश्विक निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और यह लगभग 7 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ। यूनियन बैंक के इस सफल अंतरराष्ट्रीय बॉन्ड इश्यू को भारतीय बैंकिंग क्षेत्र और देश की अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक निवेशकों के सकारात्मक रुख के महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

धानुका एग्रीटेक की मेगा किसान बैठक 250 से अधिक किसानों ने लिया भाग

भोपाल। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ओर से धान फसल प्रबंधन एवं व्यापक फसल समाधान विषय पर मेगा किसान बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवरी मार्केट,

जिला रायसेन में आसपास के गांवों से आए 250 से अधिक किसानों ने शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत राम शंकर विश्वकर्मा के स्वागत एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। धानुका एग्रीटेक के डीजीएम सुबोध कुमार गुप्ता ने 'इंडिया का प्रणाम' के माध्यम से किसानों का अभिवादन किया। उन्होंने भारतीय कृषि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के साथ किसानों को सही कृषि उत्पाद की पहचान और चयन के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद सौरभ तिवारी ने धान की फसल में आने वाली प्रमुख चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों पर किसानों से चर्चा की। धानुका डॉक्टर्स रंजीत कुमार, भीसम लोधी, मोहित श्रीवास्तव और पुष्पेंद्र पटेल ने कार्यक्रम के संचालन और किसानों के साथ संवाद में योगदान दिया।

एथर एनर्जी का इलेक्ट्रिक स्कूटर कोणार्क पेश

बेंगलुरु। इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता एथर एनर्जी ने अपने चौथे एथर कम्युनिटी डे 2026 के मौके पर नया इलेक्ट्रिक स्कूटर 'कोणार्क' पेश किया है। कंपनी के नए ईएल प्लेटफॉर्म पर तैयार किए गए इस स्कूटर को भारतीय सड़कों और रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। कोणार्क एस और जेड प्रोडक्ट लाइंस में कुल छह वैरिएंट्स में उपलब्ध होगा। एस लाइन में 100, 125, 161 और 200 किलोमीटर की आईडीसी रेंज वाले चार वैरिएंट हैं, जबकि जेड लाइन में 125 और 161 किलोमीटर रेंज वाले दो वैरिएंट शामिल हैं। कोणार्क एस 100 किलोमीटर वैरिएंट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 99,999 रुपए रखी गई है। वहीं एस 125 किलोमीटर की कीमत 1,21,999 रुपए और एस 161 किलोमीटर वैरिएंट की कीमत 1,44,999 रुपए है।

अब करदाता को 1,000 या 5,000 रुपए तक देनी होगी लेट फीस

भोपाल। आयकर अधिनियम के तहत कारोबार से आय प्राप्त करने वाले ऐसे करदाताओं, जिनके बही-खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं है, के लिए आयकर विवरणी दाखिल करने की आज आखिरी तारीख सोमवार 31 अगस्त तक थी। जो कारोबारी निर्धारित समय सीमा तक अपनी आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए हैं, उन्हें अब लेट फीस के साथ रिटर्न जमा करनी होगी। कर नियमों के अनुसार, निर्धारित समय सीमा के बाद आयकर विवरणी दाखिल करने पर करदाता को 1,000 रुपए या 5,000 रुपए तक की लेट फीस का भुगतान करना पड़ सकता है, जो संबंधित करदाता की आय की श्रेणी पर निर्भर करता है। वहीं, जिन कारोबारियों के बही-खातों का चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा ऑडिट किया जाना आवश्यक है, उनके लिए अलग समय सीमा निर्धारित है। ऐसे करदाताओं को 31 अक्टूबर तक आयकर विवरणी दाखिल करनी होगी।

इस वर्ष सरकार ने वेतन और कारोबार से आय प्राप्त करने वाले करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अलग-अलग अंतिम तारीख तय की थी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए 31 जुलाई और कारोबार से आय प्राप्त करने वाले ऐसे करदाताओं के लिए 31 अगस्त अंतिम तारीख निर्धारित की गई थी, जिनके खातों का ऑडिट नहीं होता है। एडवोकेट मृदुल आर्य ने बताया कि एक करोड़ रुपएसे कम वार्षिक टर्नओवर वाले कई कारोबारी समय पर अपनी आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए हैं। ऐसे करदाताओं को अब विलंब शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे में तेज हुआ स्वच्छता अभियान स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था की निगरानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने स्टेशनों और सर्कुलेटिंग क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान तेज कर दिया है। अभियान का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ, स्वच्छतापूर्ण और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके तहत खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज,

शौचालय, पेयजल स्थल और अन्य यात्री सुविधाओं वाले क्षेत्रों में गहन सफाई की जा रही है। रेलवे की ओर से कचरे को नियमित रूप से हटाने के साथ ही उसके उचित पृथक्करण और समय पर निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्टेशन परिसर के साथ पटरियों से सटे क्षेत्रों की स्वच्छता पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को स्टेशनों का नियमित निरीक्षण करने तथा सफाई व्यवस्था में सामने आने वाली कमियों का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए गए हैं। पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान उपलब्ध कराने और ठोस कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था भी की जा रही है।स्वच्छता अभियान के साथ यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

कार्यालय नगर परिषद बधुनी जिला सीहोर म.प्र.

Email: cmobudni@mpuraban.gov.in Tel no 07565-235558

क्र /लो.नि.वि/ 2026/1966 बुधनी दिनॉक 27/08/2026

//ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु आनॅलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण निम्नानुसार हैं।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एव ई.एम.डी	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_532737_1	वार्ड क्र. 01 में विद्युत पोल कार्य।	06 माह एवं 1,55,02,195/-	12500/- एवं 77500/-	28.09.2026
		वार्ड क्र. 01 में आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 02 में विद्युत पोल कार्य।			
		वार्ड क्र. 02 में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 03 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 03 में आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 04 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 05 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 05 में आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 06 में सी.सी रोड निर्माण कार्य।			
		वार्ड क्र. 06 में आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।			

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट पर ही किया जावेगी, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

प्रशांत जैन
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

सुनीता अर्जुन मालवीय
अध्यक्ष नगर परिषद बुधनी

चिंतन

बाहरी दबाव के बीच विकास की रफ्तार

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराती अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहना इस बात का संकेत है कि बाहरी झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक ताकत बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस अवधि में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। उससे अधिक की वृद्धि ने न केवल आर्थिक गतिविधियों की मजबूती दिखाई है, बल्कि यह भी साबित किया है कि घरेलू मांग अभी दबाव में पूरी तरह नहीं आई है। वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी और पेशेवर सेवाओं में दो अंकों से अधिक की वृद्धि ने इस विस्तार को गति दी है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि अनिश्चितता के बीच मांग और निवेश को कैसे बनाए रखा जाए। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की तेज वृद्धि अपने आप में यह प्रमाण नहीं है कि आम नागरिक की आर्थिक स्थिति भी उसी अनुपात में सुधरी है। अर्थव्यवस्था का वास्तविक स्वास्थ्य, रोजगार, मजदूरी, ग्रामीण मांग, छोटे कारोबार और परिवारों की क्रय शक्ति से भी तय होता है। जीडीपी की गणना के लिए 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाना भी बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप आवश्यक कदम है। पिछले आधार वर्ष के समय देश की आर्थिक संरचना और आज की अर्थव्यवस्था में बड़ा अंतर है। डिजिटल कारोबार, ऑनलाइन सेवाएं, नई तकनीक, बदलते उपभोग के तौर-तरीके और नए रोजगार स्वरूप आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में नए आधार वर्ष और व्यापक आंकड़ों के जरिए अर्थव्यवस्था को मापने का प्रयास आंकड़ों को अधिक प्रासंगिक बना सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और आंकड़ों की विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण होनी चाहिए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर काफी निर्भर है। कच्चा तेल महंगा होने से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ती है और उसका असर अंततः वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों पर पड़ता है। महंगाई बढ़ने पर परिवारों के पास गैर-जरूरी खर्च के लिए कम पैसा बचता है। इससे मांग प्रभावित हो सकती है और कंपनियों के लाभ पर भी दबाव बढ़ सकता है। इसलिए पहली तिमाही की मजबूत वृद्धि को आने वाली तिमाहियों में बनाए रखना आसान नहीं होगा। सरकार को बुनियादी ढांचे पर निवेश जारी रखने के साथ निजी निवेश को गति देनी होगी। रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और छोटे तथा मध्यम कारोबारों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना भी जरूरी है। भारत के लिए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर को आर्थिक उपलब्धि का अंतिम प्रमाण मानना भूल होगी। असली परीक्षा यह होगी कि विकास की यह रफ्तार कितनी टिकाऊ रहती है और उसका लाभ कितने लोगों तक पहुंचता है। तेज विकास के साथ महंगाई नियंत्रण में रहे, रोजगार बढ़े, ग्रामीण मांग मजबूत हो और आम परिवार की आय में सुधार आए, तभी जीडीपी की ऊंची दर को वास्तविक आर्थिक समृद्धि माना जाएगा। बाहरी संकटों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। वैश्विक परिस्थितियां भारत के नियंत्रण में नहीं हैं, लेकिन घरेलू मांग, निवेश, रोजगार और आर्थिक सुधारों को मजबूत करना पूरी तरह देश के हाथ में है। पहली तिमाही की रफ्तार ने उम्मीद जगाई है; अब चुनौती इसे टिकाऊ, संतुलित और आम आदमी तक पहुंचने वाले विकास में बदलने की है।

मुद्दा
ओमकार चौधरी

विरोध की राजनीति कहां जाकर रुकेगी

लोकतंत्र में सरकार का विरोध निसंदेह अधिकार है। प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक असहमति रखी जा सकती है और संसद के भीतर सरकार को कठघरे में खड़ा करना तो विपक्ष का संवैधानिक दायित्व भी है, लेकिन यदि राष्ट्रीय प्रतीकों, संवैधानिक संस्थाओं और स्वयं भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को लगातार निशाने पर लिया जाने लगे तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि राजनीतिक विरोध की सीमा आखिर कहां समाप्त होती है? युवाओं के असंतोष को सत्ता परिवर्तन की सड़क-राजनीति की दिशा देना गंभीर चिंता का विषय है। भारत में सरकारें मतपत्र से बनती और बदलती हैं, अराजक भीड़ की ताकत से नहीं।

लोकतंत्र में सरकार का विरोध निसंदेह अधिकार है। प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक असहमति रखी जा सकती है और संसद के भीतर सरकार को कठघरे में खड़ा करना तो विपक्ष का संवैधानिक दायित्व भी है। लेकिन सरकार का विरोध करते-करते यदि राष्ट्रीय प्रतीकों, संवैधानिक संस्थाओं और स्वयं भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को लगातार निशाने पर लिया जाने लगे तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि राजनीतिक विरोध की सीमा आखिर कहां समाप्त होती है?

न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के कार्यक्रम के बाहर खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय तिरंगे के अपमान ने इसी प्रश्न को एक बार फिर गंभीरता से हमारे सामने ला खड़ा किया है। इस घटना पर देश के भीतर विपक्ष की चुप्पी ने बहुत बड़े प्रश्न खड़े कर दिए हैं। तिरंगा भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक बहुत स्पष्ट रेखा खींची कि आरएसएस, भाजपा या सरकार की आलोचना करने की स्वतंत्रता है, लेकिन भारत और उसके राष्ट्रीय ध्वज का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता। सवाल यह है कि भारत का विपक्ष इसी स्पष्टता और तीव्रता से क्यों नहीं बोला? यह सवाल इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि मोहन भागवत के न्यूयॉर्क भाषण पर विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं आने में कोई देर नहीं लगी। भागवत ने कहा कि विविधता में एकता भारत के डीएनए में है और यदि कोई हिंदू यह सोचता है कि भारत में मुसलमान नहीं होने चाहिए तो वह हिंदुत्व की भावना से दूर चला जाता है। विपक्ष ने तत्काल पूछा कि भागवत यही बात भारत में क्यों नहीं कहते। उन पर दोहरी भाषा बोलने और आरएसएस के कथित व्यवहार तथा उनके वक्तव्य में अंतर होने के आरोप लगाए गए। इसमें कोई समस्या नहीं है। उसी कार्यक्रम के बाहर खालिस्तान समर्थक भारत के तिरंगे का अपमान कर रहे थे। उस समय वही राजनीतिक बेचैनी क्यों नहीं दिखाई दी? यह किसी आरएसएस नेता के सम्मान का मामला नहीं था, बल्कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रश्न था। इस घटना को हाल में उठे वंदे मातरम् विवाद से पूरी तरह अलग करके भी नहीं देखा जा सकता। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सभी छह अंतरों को महत्व दिए जाने के बाद कांग्रेस की ओर से स्पष्ट किया गया कि उसके कार्यक्रमों में केवल पहले दो अंतरे ही गाए जाएंगे और इसके समर्थन में 1937 के कांग्रेस कार्यसमिति के फैसले का आधार लिया गया। ऐतिहासिक तर्क अपनी जगह हो सकता है, लेकिन सवाल यह है कि 1937 की परिस्थितियों में लिया गया निर्णय 2026 के भारत पर हमेशा के लिए क्यों लागू रहना चाहिए? वंदे मातरम् भाजपा का गीत नहीं है और न नरेंद्र मोदी ने इसकी रचना की है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की यह रचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा बनी, क्रांतिकारियों की जुबान पर रही और ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारतीय प्रतिरोध का उद्घोष बनी। ऐसे राष्ट्रीय गीत के सभी छह अंतरे गाने की बात पर यदि उत्तर यह हो कि हम तो दो ही गाएंगे और कुछ ही दिनों बाद विदेश की धरती

पर तिरंगे का अपमान हो तथा उस पर वैसी राजनीतिक मुखरता दिखाई न दे, तो राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। राजनीतिक मतभेद कितने भी गंभीर क्यों न हों, क्या स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय समारोह को भी सत्ता और विपक्ष की रोजमर्रा की राजनीतिक लड़ाई में खींच देना उचित है? सरकार से लड़िए, प्रधानमंत्री की नीतियों का विरोध कीजिए, संसद में उन्हें घेरिए और चुनाव में पराजित करने का प्रयास कीजिए, लेकिन लाल किले की प्राचीर और स्वतंत्रता दिवस किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं। संसद के भीतर भी पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं जो इसी चिंता को गहरा करती हैं। लोकसभा अध्यक्ष को चुनौती देना, उनके खिलाफ प्रस्ताव लाना और पीठ के निर्णयों को राजनीतिक पक्षधरता के रूप में प्रस्तुत करना एक तरफ है, तो राज्यसभा के सभापति के सामने बार-बार ऐसी अपमानजनक परिस्थितियां पैदा करना दूसरी तरफ, जिनसे सदन की गरिमा प्रभावित होती है। लोकसभा के भीतर राहुल गांधी द्वारा स्वयं अपना माइक्रोफोन बंद करने और उसके बाद यह कहने का दृश्य सामने आया कि उनका माइक चेयर ने बंद कर रखा है। देश और विदेश में यह आरोप दोहराया जाता रहा कि विपक्ष के नेता का माइक्रोफोन बंद कर दिया जाता है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता। सवाल केवल एक माइक्रोफोन का नहीं है, बल्कि उस तस्वीर का है जो दुनिया के सामने भारतीय संसद की बनाई जाती है।यह दुनिया के सामने भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न खड़ा करता है। विदेश में भारत के बारे में कही गई बातों में सिख समुदाय को लेकर दिया गया बयान भी कम गंभीर नहीं था। अमेरिका में राहुल गांधी ने यह सवाल उठाया कि भारत में लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को पगड़ी पहनने, कड़ा धारण करने और गुरुद्वारे जाने की अनुमति होगी। भारत में करोड़ों सिख अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जीते हैं। ऐसी स्थिति में यह दुनिया के सामने भारत की कैसी तस्वीर प्रस्तुत करता है? इससे भी गंभीर पहलू यह रहा कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने ऐसे बयानों का अपने अलगाववादी नैरेटिव के पक्ष में इस्तेमाल किया। अब जब उन्हीं खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा न्यूयॉर्क में भारतीय तिरंगे के अपमान की तस्वीरें सामने आती हैं तो यह प्रश्न और गंभीर हो जाता है कि भारत की घरेलू राजनीतिक लड़ाई में इस्तेमाल की गई भाषा को विदेशों में भारत-विरोधी शक्तियो किस प्रकार अपने हित में इस्तेमाल करती हैं। पिछले कुछ वर्षों के राजनीतिक विमर्श पर नजर डालें तो आरोपों की सूची बहुत लंबी दिखाई देती है। यदि संसद अविश्वसनीय है, चुनाव आयोग अविश्वसनीय है, मीडिया अविश्वसनीय है, न्यायपालिका संदेह के घेरे में है और संवैधानिक संस्थाएँ कथित रूप से कब्जे में हैं, तो देश के नागरिक और दुनिया को आखिर यह संदेश क्या दिया जा रहा है? क्या यह कि भारत की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था ही भरोसे के योग्य नहीं है? इस चिंता में अब जेन-जी की राजनीति भी जुड़ गई है। युवाओं की बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक, शिक्षा और अवसरों से जुड़ी समस्याएं वास्तविक हैं और उन पर आंदोलन करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन आंदोलन और अराजकता के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। अराजक परिस्थितियां पैदा करने की राजनीति को केवल युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बताकर नहीं छोड़ा जा सकता। युवाओं के असंतोष को सत्ता परिवर्तन की सड़क-राजनीति की दिशा देना गंभीर चिंता का विषय है। भारत में सरकारें मतपत्र से बनती और बदलती हैं, अराजक भीड़ की ताकत से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

बाल मुकुन्द ओझा

50 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है पौष्टिक आहार

देश में हर वर्ष 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष पोषण सप्ताह की थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना रखी गई है। इस थीम का मुख्य मकसद लोगों को पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले संतुलित और विविध आहार को बढ़ावा देने पर केंद्रित कराना है। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2025 तक करीब 49.5 करोड़ लोग पौष्टिक भोजन खरीदने में सक्षम नहीं हैं। हालांकि 2017 की तुलना में 32 करोड़ लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है, फिर भी भारत दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है। रिपोर्ट में महंगाई, कमजोर सप्लाई सिस्टम और जलवायु परिवर्तन को प्रमुख कारण बताते हुए सरकारों को पौष्टिक भोजन सस्ता और सुलभ बनाने की सलाह दी गई है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आम लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया जाता है, ताकि शरीर में पोषण की पूर्ति को बढ़ावा दिया जा सके और बीमारियों का खतरा कम किया जा सके। आज दुनियाभर में खानपान को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है। क्या खायें और क्या न खायें, इस पर बहस चल रही है। स्वास्थ्य एवं पोषण का होना किसी भी मानव के लिए पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ्य रखने के लिए शरीर को पोषक आहार की आवश्यकता पड़ती है। पोषण आहार स्वस्थ के लिए बेहद ही जरूरी होता है। पोषण युक्त चीजें खाने से शरीर को जरूरी तत्व मिल जाते हैं और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। इसलिए अपनी डाइट में केवल पोषण आहार को ही शामिल करें और वही चीजें खाएं जो कि पोषण से युक्त हो। हर व्यक्ति के लिए पूर्ण पौष्टिक आहार जरूरी होता है, क्योंकि जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर ना सिर्फ कमजोर हो सकता है बल्कि बीमारियों का घर बन सकता है। पौष्टिक आहार को लेकर दुनिया में व्यापक हलचल मची है। आहार मनुष्य की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आधारभूत आवश्यकता है, जिसके बिना कोई भी प्राणी जीवन की कल्पना नहीं कर सकता है। दुनिया में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन होने के बावजूद लोगों के लिए स्वास्थ्यपरक आहार आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। हमारे शरीर को पूरी तरह स्वस्थ रहने के लिए पोषक पदार्थों की जरूरत होती है। ये पोषक पदार्थ अलग-अलग तरह के भोजन से हमें मिलते हैं, यानि ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां, सूखे मेवे, डेयरी उत्पाद और मीट वगैरह आदि। शारीरिक श्रम करना, सोना और आराम करने की तरह ही संतुलित और पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी है। भोजन का मतलब यह नहीं होता कि आप कुछ भी खा रहे हैं। ऐसा भोजन करें जो स्वच्छ और पोषण तत्वों से भरपूर हो। इससे न सिर्फ हम बीमारियों से दूर रहते हैं, बल्कि शारीरिक विकास भी अच्छी तरह होता है। संतुलित आहार के अनेक फायदे नहीं है, जैसे आप के शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और अच्छी नींद को बढ़ावा भी देता है। संतुलित आहार शरीर में वसा कम करता है, साथ ही शरीर को अच्छे से काम करने के लिए प्रेरित करता है। शरीर के लिए आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। हमारे देश में गरीबी एवं अज्ञानता के कारण भोजन में पौषक तत्वों की कमी रहती है। इन्ही कारणों से बच्चों में कुपोषण एवं वयस्कों में कई विकार उत्पन्न होते हैं। आहार में कार्बोज, प्रोटीन, वसा, खनिज लवण एवं विटामिन विद्यमान हो, तभी व्यक्ति की शारीरिक वृद्धि एवं विकास होगा। इस प्रकार के आहार में जल एवं फाइबर की भी पर्याप्त मात्रा होनी चाहिए। नाश्ते में अंकुरित अनाज यानी मूंग, चना और सोयाबीन को अंकुरित खाएं। ऐसा करने से उनमें मौजूद पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है। मौसमी हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करें। अधिक फैट वाला दूध, बटर तथा पनीर लेने से बचें। जंकफूड से बचना होगा और पोषक आहार अपनाना होगा, तभी मोटापे जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी उल्लेखनीय पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे वंचित रहने में काफी कमी आई है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में से एक का संचालन करते हुए, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली 81.35 करोड़ लाभार्थियों को कवर करती है, जो ग्रामीण और शहरी आबादी को खाद्यान्न प्रदान करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति

संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप

संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

सटाका

आज की पाती

विकास के साथ जरूरी है प्रकृति का संरक्षण

हाल ही में नेपाल में ग्लेशियर फटने से भारी तबाही हुई है। इसमें जान-माल का नुक्सान हुआ। कुदरत के इस कहर के पीछे पहाड़ों पर अंधाधुंध निर्माण है। सड़कों का निर्माण करने के लिए पहाड़ों के सीने को छलनी किया जा रहा है। हमारे देश में भी बरसात का मौसम पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यहां बरसात ने बहुत कहर बरपाया है। ताश के पत्तों की तरह इमारतों को ढहते देखा है। अपनी सुख सुविधाओं के लिए सड़कों, रेलमार्गों और अन्य विकास के काम जरूरी हैं, लेकिन इससे भी जरूरी है प्रकृति का संरक्षण। अगर हम बीज बबूल के बोएं और फिर इससे हम आम जैसे मीठे फल की इच्छा रखेंगे, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा?

- मीना मलिक, हिसार

ट्रेंड

व्यापार का दायरा

बिश्केक में राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से मुलाक़ात हुई। हमने ईरान के साथ भारत की पुरानी दोस्ती को मज़बूत करने के अपने संकल्प को दोहराया। हम आने वाले समय में अपने व्यापार के दायरे को बढ़ाना और उसमें विविधता लाना चाहते हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जीडीपी ग्रोथ दर्ज

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत ने 7.8% की जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में एक शानदार प्रदर्शन है। भारत के लिए, यह मजबूती, सुधार और लगातार बनी हुई गति का एक सशक्त संकेत है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग

एसआईआर के तहत दिल्ली के लिए वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया गया है। 1.5 करोड़ में से 47 लाख वोटरों के नाम इसमें नहीं हैं। भारत सरकार आबादी को लेकर बेवजह परेशान है। एसआईआर के ज़रिए चुनाव आयोग हमारे देश की आबादी को 140 करोड़ से घटाकर 50 करोड़ कर देगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

तानाशाही की पराकाष्ठा

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के साथ होने वाले छुआछूत के खिलाफ़ आवाज़ उठाने पर राहुल गांधी के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज करना बीजेपी के अहंकार और तानाशाही की पराकाष्ठा है। बीजेपी दलितों के खिलाफ़ छुआछूत को जारी रखना चाहती है।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

ट्रंप तीसरे कार्यकाल के लिए दे रहे हैं मिले-जुले संकेत



अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा कई बार जता चुके डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों से अब यह संकेत मिलने लगा है कि वह खुद भी इसकी संभावना को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने अपने हालिया भाषणों में जनवरी 2029 में अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद की जिंदगी का जिक्र करते हुए कहा कि वह घर पर बैठकर यह देखते हुए परेशान होंगे कि उनका उत्तराधिकारी उनकी उपलब्धियों का श्रेय ले रहा है। ट्रंप ने इस महीने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक कार्यक्रम में कहा, 'आपका अगला राष्ट्रपति कहेगा, 'मैंने कितना शानदार काम किया है।' किसी मौजूदा राष्ट्रपति का अपने पूर्व राष्ट्रपति बनने की बात करना राजनीतिक रूप से हमेशा संवेदनशील होता है लेकिन मध्यावधि चुनाव में अब केवल नौ सप्ताह बाकी हैं और ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के उस दौर में पहुंच रहे हैं, जब इस बात की चर्चा बढ़ेगी कि उनका प्रभाव अब जल्द ही समाप्त हो जाएगा। अपने बिना 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कल्पना करने की बात रखना ट्रंप के रुख में एक उल्लेखनीय बदलाव है।

ऑफ बीट

आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

साड़ी से फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

भोपाल। टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर बंगाली कॉलोनी में सोमवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह झुग्गी में अकेला रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद रिश्तेदारों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुभाष मोरे (36) झुग्गी नंबर 1013, बंगाली कॉलोनी, पंचशील नगर में रहता था और मजदूरी करता था। उसके पिता मां और भाई की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। वह घर में अकेला रहता था। उसने शादी नहीं की थी। सोमवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने आठ बजे के आसपास उसे घर के बाहर देखा था। करीब एक घंटे बाद उसकी लाश झुग्गी में साड़ी के फॉल के सहारे पाइप पर लटकी देखी। इसके बाद घर से कुछ दूरी पर रहने वाले उसके मामा दुर्गा प्रसाद कामले को जानकारी दी। दुर्गाप्रसाद कामले सुभाष के घर पहुंचे। पुलिस ने शव पीएम के बाद मामा दुर्गाप्रसाद कामले को सौंप दिया है।

हत्या के मामले में पिता पुत्र को 10-10 वर्ष जेल

जबलपुर। पुराने विवाद में युवक के साथ मारपीट कर उसकी मौत के मामले में पाटन न्यायालय ने पिता-पुत्र को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कारावास और कुल आठ-आठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश पाटन स्वयं प्रकाश दुबे की अदालत ने यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने ग्राम छपरट, थाना शहपुरा निवासी सोनू चौधरी और पिता महेश चौधरी को 10 वर्ष के कारावास व पांच हजार अर्थदंड तथा पांच वर्ष के सश्रम कारावास व तीन हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

शुभांक

कल्याण:	1235		
दिन:	600	69	360
रात:	790	60	334
तारा:			
दिन:	389	02	156
रात:	146	14	248

बाइक से देर रात आए बदमाशों ने महिला को मारा चाकू, वाहनों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित साजिदा नगर में बाइक सवार बदमाशों ने देर रात गदर मचाते हुए एक बुजुर्ग महिला की पीठ में चाकू घोंप दिया।

मुंह बांधकर आए बदमाशों ने साजिदा नगर में घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

- कोहेफिजा स्थित साजिदा नगर में वारदात की तोड़फोड़ करते सीसीटीवी में नजर आए बदमाश
- पांच कार, ऑटो व बाइक को पहुंचाया नुकसान

घर के अंदर जाते समय हमला किया

पुलिस के अनुसार भूरी बाई बाथम (60) साजिदा नगर, कोहेफिजा में रहती हैं और घर के बाहर ही मछली की दुकान लगाती है। उनके दो बेटे हैं। रविवार रात बेटे घर से कुछ दूरी पर स्थित मंदिर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता की तैयारी करने गए थे। भूरी बाई दुकान पर थी। इसी दौरान अलग-अलग बाइक पर हथियार लेकर आए बदमाशों ने चिल्लाचोट शुरू कर दी। उनकी नजर भूरी बाई पर पड़ी। भूरी बाई हंगामा होता देख घर के अंदर घुसने लगी तो एक आरोपी ने उनकी पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद बदमाश घर के पास खड़ी पांच कार, ऑटो और बाइक में तोड़फोड़ करते हुए भाग निकले। बताया जाता है कि शाम को दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर भूरी बाई का विवाद हुआ था। हालांकि भूरी बाई ने यह बात पुलिस को नहीं बताई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वारदात की सही वजह का पता चल सकेगा।

भोपाल जिम के पास गौतम नगर की घटना

शराब पार्टी में विवाद, डिलीवरी ब्वॉय पर शराब की बोतल तोड़कर जानलेवा हमला

पीठ में बोतल घुसने से डिलीवरी ब्वॉय की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित भोपाल जिम के पास गली में शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक ने शराब की बोतल तोड़कर डिलीवरी ब्वॉय की पीठ पर हमला कर दिया। हमला इतना खतरनाक था कि पीठ में गहरा घाव हो गया। गंभीर रूप से घायल डिलीवरी को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रिसालदार कॉलोनी छोला निवासी रोशन अहिरवार (24) जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय है। रविवार रात वह अपने चार-पांच दोस्तों के साथ गौतम नगर स्थित भोपाल जिम के पास गली में बैठकर शराब पी रहा था। उसी दौरान उसका दीपक राय से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई और दीपक ने शराब की बोतल तोड़कर रोशन की पीठ में घोंप दी और घटनास्थल से फरार हो गया। दूसरे दोस्तों ने पुलिस को सूचना देकर रोशन को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी दीपक राय को गिरफ्तार कर लिया है।

कजलीखेड़ा स्थित इस्कॉन मंदिर के पास सोहागपुर रोड पर दुर्घटना

सड़क पार कर रहे 13 साल के किशोर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौत

- गंभीर रूप से घायल किशोर को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया
- पुलिस की प्राथमिक जांच में कार से टक्कर लगने की बात आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित एस्कॉन मंदिर के पास सोहागपुर रोड पर रविवार शाम तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे 13 साल के किशोर को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किशोर को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे किसी कार ने टक्कर मारी है।

पुलिस के अनुसार रोहित बारेला पिता प्रकाश बारेला (13) बिल्किसगंज, जिला सीहोर के एक गांव का रहने वाला था। उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं। कजलीखेड़ा के सोहागपुर में उसके माता-पिता काम पर थे। रोहित भी उनके साथ सोहागपुर आया था। रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे के आसपास रोहित मुख्य सड़क तक आया था और एस्कॉन मंदिर के पास सोहागपुर जाने वाली सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रोहित को सिर और नाक के पास गंभीर चोट आई थी। घायल अवस्था में देख उसे राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

मैकेनिक को कुचलता हुआ कंटेनर में भिड़ा कंटेनर

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अरवलिया इलाके में बायपास पर मुम्बई मस्का रेस्टोरेंट के सामने कंटेनर ने पैदल जा रहे मैकेनिक को पीछे से टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे के बाद कंटेनर सामने खड़े अन्य कंटेनर में जा घुसा था। इस हादसे में मैकेनिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंटेनर से टकराने के कारण आरोपी कंटेनर का चालक घायल हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाने के बाद मैकेनिक की लाश बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार खुशी विहार कॉलोनी अरवलिया निवासी प्यारे मियां (55) मैकेनिक थे। रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह बायपास होते हुए लांबाखेड़ा ब्रिज की ओर दूध लेने जा रहे थे। इस दौरान सीएनजी पेट्रोल पंप के पास मुंबई मस्का रेस्टोरेंट के सामने, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। कंटेनर सड़क किनारे आगे खड़े अन्य कंटेनर में जा घुसा था। इस हादसे में दोनों कंटेनर के बीच आने के कारण मैकेनिक मौत गई। जबकि दूसरे कंटेनर से टकराने के कारण टक्कर मारने वाले कंटेनर का चालक भी घायल हुआ है।

छात्राओं से अभद्रता मामले में शिक्षक निलंबित, एफआईआर

जबलपुर। उमरिया जिले के विकासखंड मानपुर में शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक कोमलचंद गुप्ता के विरुद्ध छात्राओं से छेडखानी एवं अभद्रता के गंभीर मामले में जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को निलंबित कर दिया है। साथ ही शिक्षक के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पाण्डेय द्वारा 24 अगस्त को मिली दूरभाषीय सूचना के आधार पर संकुल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल जोबी एवं जनशिक्षकों द्वारा विद्यालय में पंचनामा तैयार किया गया था। पंचनामा एवं वीडियो साक्ष्यों के आधार पर कक्षा दूसरी, तीसरी तथा चौंथी की छात्राओं के बयानों में शिक्षक द्वारा टॉफी देने, गलत तरीके से स्पर्श करने तथा मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने की बात सामने आई थी। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक कोमलचंद गुप्ता का कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन पाया गया। जिसके बाद शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को निलंबित कर दिया है।

समय पर पहुंची मां को देखकर भागा बदमाश

अस्पताल की कैंटीन से डेढ़ साल के बच्चे का अपहरण अप्राकृतिक कृत्य का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल की कैंटीन से डेढ़ साल के मासूम का अपहरण मामला सामने आया है। आरोपी उसे कैंटिन से उठाकर अस्पताल के पीछे खंडहर में ले गया था और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास कर रहा था। गनीमत रही कि सही समय पर मासूम की मां मौके पर पहुंच गई। मां को आता देख आरोपी बच्चे को छोड़कर फरार हो गया। हालांकि पुलिस की अलग-अलग टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर दिया गया। वहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार कजलीखेड़ा के निजी अस्पताल में महिला के रिश्तेदार की कैंटीन है। महिला कैंटीन में काम करती है।

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

भैंस चराने वाले युवक ने मां को दिया सुराग

रविवार शाम वह कैंटीन में काम कर रही थी। इसी बीच उसका डेढ़ साल का बेटा रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। मां बच्चे की तलाश करते हुए अस्पताल के बाहर आई। इसी बीच वहां से गुजर रहे भैंस चराने वाले युवक से मां ने बच्चे के बारे में पूछा। उसने बताया कि एक बच्चा पीछे खंडहर की तरफ युवक के साथ नजर आया था। मां खंडहर की तरफ पहुंची तो एक युवक बच्चे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में नजर आया। मां ने शोर मचाया तो आरोपी युवक मौके से भाग निकला। मां ने रिश्तेदार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रिश्तेदार ने पुलिस को कॉल कर बुलाया। पुलिस ने मासूम की मां की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर प्रकरण दर्ज किया। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान छतरपुर निवासी अरविंद चढार के रूप में की गई। आरोपी मजदूरी करता है। पुलिस ने उसका रिकॉर्ड खंगाला था। हालांकि उसका पुराना कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है।

रोड किनारे और बीच सड़क पर वाहन खड़े कर रहे चालक

बढ़ते वाहनों से रोजाना लग रहा ट्रैफिक जाम यातायात व्यवस्था बदहाल, चलना भी दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते आए दिन मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद प्रशासन और पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस पहल होती नजर नहीं आ रही है। ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति के कारण वाहन चालक मनमाने तरीके से सड़क किनारे और कई जगह बीच सड़क पर वाहन खड़े कर रहे हैं। नगर के मुख्य बाजार से लंबी दूरी के डंपर और ट्रक भी लगातार गुजर रहे हैं।

भारी वाहनों के बाजार के बीच से निकलने और सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया वाहनों व कारों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। व्यस्त समय में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा लोगों को जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़क पर लगा ट्रैफिक जाम

यातायात व्यवस्था में सुधार हों

नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मुख्य बाजार में यातायात पुलिस की नियमित तैनाती, अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई तथा लंबी दूरी के डंपर-ट्रकों के लिए यातायात व्यवस्था निर्धारित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

रोड पर जहां देखो, वहीं खड़े नजर आते हैं वाहन

नगर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कें ही पार्किंग स्थल बनती जा रही हैं। मुख्य बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह कारें और दोपहिया वाहन खड़े दिखाई देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अमला नियमित रूप से नजर नहीं आता। यदि बाजार क्षेत्र में बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई की जाए और भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित किया जाए तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

औबेदुल्लागंज में क्राइम ब्रांच ने दबिश दी

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से गांजा लेकर आ रहे युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सोमवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से दो युवक कथित रूप से गांजे की पोटली लेकर औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर उतरे। इसी दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए पुलिस वाहन में अपने साथ ले गई।

क्राइम ब्रांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार, औबेदुल्लागंज क्षेत्र में कुछ लोग कथित रूप से ओड़िसा और नागपुर से गांजा लाकर यहां सप्लाई कर रहे हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि कुछ महिलाएं भी गांजे के कथित थोक कारोबार से जुड़ी हुई हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक ओड़िसा में करीब दो किलो गांजा लगभग 10 हजार रुपए में मिलने का दावा किया जा रहा है, जिसे औबेदुल्लागंज में कथित रूप से अधिक कीमत पर बेचा जाता है। औबेदुल्लागंज से दीवाटिया, नूरगंज, गौहरगंज, तामोट, बरखेड़ा, रेहटी सहित आसपास के क्षेत्रों में गांजे की सप्लाई की जाती है।

कार्रवाई से बढ़ी लोगों की उम्मीद

रेलवे स्टेशन पर दो युवकों को पकड़े जाने की कार्रवाई के बाद नगर में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि क्षेत्र में गांजे की सप्लाई का नेटवर्क सक्रिय है तो क्राइम ब्रांच को मुख्य सप्लायरों और तस्कारों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। फिलहाल पकड़े गए दोनों युवकों के संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उनके पास बरामद सामग्री क्या थी।

नगर परिषद ने स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर ही नहीं किया

लाखों की लागत से बने संजीवनी क्लीनिक पर तीन साल से ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की कथित लापरवाही का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वर्ष 2023 में लाखों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ संजीवनी क्लीनिक का भवन करीब तीन साल बाद भी हैंडओवर का इंतजार कर रहा है।

भवन तैयार होने के बावजूद इसमें ताला लटका हुआ है और स्वास्थ्य सेवाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। भाजपा नेता वचन लोधी, पूर्व पार्षद आरती यादव, पूर्व पार्षद पदम चौहान, माखन सेन, धर्मेंद्र चौरसिया सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से बंद पड़े भवन की देखरेख नहीं होने के कारण उसकी हालत भी खराब होने लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर परिषद द्वारा भवन का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन इसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर करने की आवश्यक औपचारिकताएं अब तक पूरी नहीं की गई हैं।

संजीवनी क्लीनिक का भवन

भोपाल, रायसेन जाने को मजबूर मरीज

संजीवनी क्लीनिक का फटा हुआ बैनर

संजीवनी क्लीनिक शुरू नहीं होने से अर्जुन नगर सहित आसपास के रहवासियों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी रायसेन और भोपाल का रुख करना पड़ रहा है। 8 पार्षदों ने कहा कि यदि अस्पताल भवन का समय पर हैंडओवर कर दिया जाता तो यहां वर्षों पहले ही स्वास्थ्य सेवाएं शुरू हो सकती थीं। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद भवन का उपयोग नहीं होना सरकारी व्यवस्था और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि मामले में तत्काल पहल कर अस्पताल भवन का हैंडओवर पूरा कराया जाए और यहां जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जाएं, ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके।

व्यापारी महासंघ का गठन, आज निकालेंगे रैली

सीलिंग कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों की बैठक आयोजित

संस्थानों पर सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में व्यापारी सड़क पर

कार्यवाहक अध्यक्ष तोलानी और महासचिव वाधवानी को बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर निगम द्वारा रिहायशी क्षेत्रों में दुकानों व संस्थानों की सीलिंग के विरोध में व्यापारी अब व्यापारी सड़क उतर गए हैं। बैरागढ़ में कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों की आयोजित बैठक में व्यापारी महासंघ का गठन कर कार्यवाहक अध्यक्ष नरेश तोलानी और महासचिव दिनेश वाधवानी को मनोनीत किया गया है।

बैठक में नगर निगम की इस करवाई की कड़ा विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। आज मंगलवार को सुबह 11 बजे अभी व्यापारी रैली के मध्यम से विरोध प्रदर्शन करने चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यक्रम में पहुंचेगे।

कारोबारियों की रोजी-रोटी पर संकट

नगर निगम द्वारा चिह्नित किए गए आधा दर्जन संस्थान पर मंगलवार को कार्रवाई की गई तो इसका व्यापारी विरोध भी कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा दुकानों पर सीलिंग क नोटिफिकेशन जारी किए जाने की कार्रवाई को लेकर संतनगर के व्यापारियों की नींद उड़ी हुई है। बैठक में व्यापारियों का कहना है इस करवाई से उनकी रोजी-रोटी, व्यापारिक व्यवस्था और संतनगर के अस्तित्व पर संकट आ जाएगा। मामले को लेकर व्यापारियों ने अब एकजुट होकर आगे की लड़ाई लड़ने की तैयारी शुरू कर व्यापारी माँग के गठन कर है। आज संपन्न बैठक में बर्तन, ज्वेलर्स, किराना, कपड़ा, रेडीमेड, होटल, दाल मिल, साइकिल, बिल्डिंग मटेरियल, हार्डवेयर व्यापारिक संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में सीलिंग कार्रवाई पर संबोधित करते व्यापारी

आधा दर्जन लोगों को लगा चुका है चूना

नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले जालसाज को एमपी नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने आयकर विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से रकम हड़पी और फरार हो गया था। अपनी शिकायत लेकर एमपी नगर थाने पहुंचे पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी देवांश प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। इस बीच मीरा कॉम्प्लेक्स एमपी नगर में रहने वाले ऋषि कुमार यादव से उसकी मुलाकात हुई। ऋति ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताते हुए कहा कि वह ऑन डिपुटेशन आयकर विभाग में खुफिया टीम के अधिकारी के तौर पर पदस्थ है। वह उसकी नौकरी आयकर विभाग में लगवा देगा। नौकरी दिलाने के एवज में ऋषि ने देवांश से सात लाख रुपए की मांग की। देवांश ने सात लाख रुपए ऋषि यादव को दे दिए। इसी प्रकार कुछ अन्य लोगों से भी ऋषि यादव ने खुद को आईपीएस बताकर आयकर विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया और उनसे लाखों की रकम ऐंठ ली। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ व थाने में मामला दर्ज कराया। हुलिए और लोकेशन के आधार पर पुलिस ने मीरा काम्प्लेक्स एमपी नगर स्थित फ्लैट से ऋषि कुमार यादव (38) को हिरासत में ले लिया। आरोपी मूलरूप से शक्ति नगर भेल झांसी का रहने वाला है।

कांग्रेस ने आंबेडकर चौराहे पर किया प्रदर्शन

राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर का विरोध

विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार को औबेदुल्लागंज स्थित आंबेडकर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर एवं नगर के कांग्रेस साथियों द्वारा किया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध किया और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार महेश जैन, राजेश खटीक, पवित्र कौर, अनिल पटेल, राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, हरजीत सिंह मंगू, जमुना राजपूत, राजाराम यादव, आशीष गौर, सुदर्शन लोवंशी, सूरजपाल गौर, परवेज खान, मनोज नागर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चंदेरी, महेश्वरी की महीन बुनावट और बाघ प्रिंट की विशिष्ट छाप ने मोहा मन

'भारतीय परिधान उत्सव' में नजर आई मप्र की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक विरासत

प्रदेश की सदियों पुरानी बुनकर परंपरा हुई जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिधान उत्सव

सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक वैभव से सजी शाम में लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-2 की ओर से होटल अमीर ग्रीन में डीजी टीम सम्मान समारोह एवं फैशन शो का आयोजन किया गया। 'भारतीय परिधान उत्सव' थीम पर आधारित इस फैशन शो में रैंप पर मप्र की समृद्ध वस्त्र और हस्तशिल्प परंपरा और आधुनिक फैशन का खूबसूरत तालमेल देखने को मिला। फैशन शो में प्रदेश की पारंपरिक बुनावट, रंगों और कलात्मकता को समकालीन अंदाज में प्रस्तुत किया गया। चंदेरी की महीन बुनावट, महेश्वरी की साड़ियों और बाघ प्रिंट की विशिष्ट छाप ने रैंप पर मप्र की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत कर दिया।

परिधानों में पारंपरिक कला की जड़ों और आधुनिक फैशन की चमक का ऐसा मेल देखने को मिला, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। मॉडल्स ने जब चंदेरी, महेश्वरी और बाघ प्रिंट से सजे परिधान पहनकर रैंप पर कदम रखा तो मानो प्रदेश की सदियों पुरानी बुनकर परंपरा रंगों और आभा के साथ मंच पर उतर आई। फैशन शो में फेमिना मिस इंडिया गुडनेस एंबेसडर प्रतीका सक्सेना, फेमिना मिस इंडिया मप्र 2026 धनुश्री चौहान और प्रियंका नंदा ने शो स्टॉपर के रूप में अपनी उपस्थिति से रैंप की चमक बढ़ाई।

लायंस ऑफ भोपाल से सम्मानित हरिओम जटिया

समारोह में सामाजिक सेवा और लायंस क्लब की गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए लायन हरिओम जटिया को संयोजक लायंस ऑफ भोपाल के सम्मान से नवाजा गया। वहीं, लायन मुनीन्द्र वैद्य को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

रवींद्र भवन में 'श्रीकृष्ण पर्व' रासलीला समारोह का तीसरा दिन

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं... से गूंजा रवींद्र भवन, बाल लीलाओं में दिखा वात्सल्य का माधुर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा... जैसे भावपूर्ण भजनों से जब सुविख्यात भजन गायक कुमार विशु ने मुक्ताकाश मंच, रविंद्र भवन में सुर साधे तो माहौल भक्ति और मानवीय संवेदनाओं से सराबोर हो गया। कहीं श्रोता भजनों के भाव में डूबे नजर आए तो कहीं कृष्ण नाम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मप्र संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'श्रीकृष्ण पर्व' रासलीला समारोह के तीसरे दिन बड़ी संख्या में दर्शकों ने रासलीला का आनंद लिया।

रविंद्र भवन में श्रीकृष्ण पर्व रासलीला समारोह में प्रस्तुति देते कलाकार। दूसरे चित्र में भजनों की प्रस्तुति देते कुमार विशु।

वात्सल्य, प्रेम, अपनत्व और माधुर्य से सजी बाललीला प्रस्तुति

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में भगवान का ऐश्वर्य जैसे पीछे छूट जाता है और वात्सल्य, प्रेम, अपनत्व और माधुर्य प्रमुख हो उठता है। यही इन लीलाओं की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि जो परम सत्ता समूचे ब्रह्मांड को संचालित करती है, वही नंद-यशोदा के आंगन में एक नटखट बालक बनकर खेलती है और अपने भक्तों के प्रेम में बंध जाती है।

काम चले ना चांदी से, काम चले ना सोने से... ने बांधा समां

कुमार विशु ने अपने भक्ति गायन की शुरूआत काम चले ना चांदी से, काम चले ना सोने से.... भजन से की। इसके बाद कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं.... ने सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। जैसे-जैसे भजनों का क्रम आगे बढ़ा, तारा है सारा जमाना श्याम....., हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की.... और राधेश्याम राधेश्याम.... जैसे भजनों ने पूरे वातावरण को कृष्णमय कर दिया। वहीं हर दम धूम मचाओ.... जैसे उल्लासपूर्ण भजन पर श्रोता खुद को झूमने से रोक नहीं सके।

बाल शरारतों में छिपा था परमात्मा का माधुर्य

भक्ति के सुरों के बाद मंच पर ब्रज की गलियों और गोकुल के आंगन का संसार साकार हुआ। समारोह के तीसरे दिन बाल लीला का मंचन हुआ। जिसमें ब्रज के कलाकारों ने माधव आचार्य के निर्देशन में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवंत किया, नंद-यशोदा के आंगन में किलकारियां भरते कान्हा, ग्वाल-बालों के साथ उनकी चंचलताएं और गोपियों के घर माखन चुराने की नटखट अदाएं दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ले आईं।

रासलीला महोत्सव में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध भजन गायक कुमार विशु से हरिभूमि की खास बातचीत

भांगड़ा और भजन में है अंतर, भजन क्लबिंग में नाचना ईश्वरीय आराधना नहीं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

आजकल यूथ धूम्रपान, ड्रग्स, मदिरापान के सेवन से बचने क्लब की जगह भजन क्लबिंग में शामिल हो रहा है लेकिन इसमें 'ध्यान' कहां है, क्योंकि जब आप ध्यान लगाते हो तो आप ईश्वरीय अलौकिक दुनिया से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हो, वहीं आप भजन क्लबिंग में नाचते हो तो सिर्फ पैरों का मूवमेंट है, यह नाचना है, आराधना नहीं..... यह कहना है राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध भजन गायक कुमार विशु (विशु भटनागर) का, जो रवींद्र भवन में प्रस्तुति देने आए और इस अवसर पर उन्होंने हरिभूमि से भजन संध्या और भजन क्लबिंग पर चर्चा की।

एनर्जी डिप्लीट करते हुए नाचना भक्ति नहीं...

उन्होंने कहा कि आंखें बंद करके भजनों का अर्थ समझकर जब हम अपने अंदर ईश्वरीय अनुभूति महसूस करते हुए भजन गाते, गुनगुनाते या मन से सुनते हैं तो वास्तव में जीवन में बदलाव का अनुभव करते हैं। लेकिन आज का यूथ एनर्जी को डिप्लीट करने के लिए नाचते हैं तो वह भक्ति नहीं कहलाएगी बल्कि यह पाश्चात्य सभ्यता का ही रूप है।

ईश्वरीय गुणगान के भजन करना मेरा मकसद नहीं

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं... फेम कुमार विशु ने कहा कि जब मैं देवी मां के भजन गाता हूं तो मैं वास्तव में 'मां' के चरणों में जुड़ा हुआ महसूस करता हूं, इसके अलावा मेरे भजनों में भावार्थ हमेशा नैतिक शिक्षा या नैतिक ज्ञान को बढ़ावा देने वाला है, प्रार्थना के लिए या ईश्वरीय गुणगान के भजन करना मेरा मकसद नहीं।

मानवता का सच्चा संदेश देने वाला भजन कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं...

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं... भजन को कम्पोज करते समय, गाते समय, धुन बनाते हुए मुझे आभास हो गया था कि यह भजन लोगों को वास्तव में पसंद आएगा, इसमें किसी धर्म विशेष का गुणगान नहीं, बल्कि मानवता का सच्चा संदेश है।

यंग थिंकर्स फोरम की आयोजित कार्यशाला में विजया विश्वनाथन ने कहा...

सतत विकास लक्ष्यों की आड़ में वैश्विक नियंत्रण का एजेंडा थोपने की कोशिश

यंग थिंकर्स फोरम की कार्यशाला में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा एआईजीजीपीए में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला में इन्फिनिटी फाउंडेशन से जुड़ीं विशेषज्ञ विजया विश्वनाथन ने भारतीय समाज, शिक्षा प्रणाली और कॉर्पोरेट जगत में हो रहे चिंताजनक और विघटनकारी बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने चेतावनी दी कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों और मार्क्सवादी विचारधाराओं (जैसे इंटरसेक्शनैलिटी और इक्वालिटी बनाम इक्विटी) की आड़ में एक वैश्विक नियंत्रण प्रणाली (सोशल क्रेडिट सिस्टम) भारत पर थोपी जा रही है। विजया ने स्पष्ट किया कि यह सब एक सोची-समझी रणनीति के तहत हो रहा है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक परिवार प्रणाली, सामाजिक ढांचे और राष्ट्रीय सीमाओं को डिस्मेंटल करके एक नया वैश्विक ढांचा तैयार करना है।

भारतीय स्कूलों में लागू किया जा रहा कंप्रिहेंसिव सेक्सुअलिटी एजुकेशन

कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में आए गंभीर पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए विजया ने आंकड़ों के हवाले से बताया कि आज 85% बच्चे बुनियादी गणित और पढ़ने के कौशल में पिछड़ रहे हैं। इसके बावजूद, शिक्षा की कमियों को दूर करने के बजाय विदेशी गैर-सरकारी संगठनों और यू एन एजेंसियों के प्रभाव में कंप्रिहेंसिव सेक्सुअलिटी एजुकेशन एवं सोशल इमोशनल लर्निंग आदि को भारतीय स्कूलों में तेजी से लागू किया जा रहा है।

डॉ. नीलिमा ने एमपीआईएचटीटीएस में पांच वर्ष का कार्यकाल किया पूरा

संस्थान की फैकल्टी, स्टाफ, विद्यार्थियों ने एक टीम के रूप में किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ट्रैवल एंड टूरिज्म स्टडीज भोपाल की निदेशक डॉ. नीलिमा वर्मा ने संस्थान में अपने 5 वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा कर लिया है।

अपने अनुभव और ज्ञान से नई पीढ़ी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एमपीआईएचटीटीएस, भोपाल में निदेशक के रूप में आपने 5 वर्ष के कार्यकाल के दौरान संस्थान को नई दिशा दी। नीलिमा के कुशल मार्गदर्शन में संस्थान की विजिटिंग फैकल्टी, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने टीम के रूप में कार्य किया। पोषण और आहार विज्ञान के क्षेत्र में उनके विशेष ज्ञान से छात्रों को होटल मैनेजमेंट व संतुलित आहार और स्वास्थ्य के महत्व को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में उपस्थित एमपीआईएचटीटीएस भोपाल की निदेशक डॉ. नीलिमा वर्मा।

आयोजन में गूंजी कविताएं और व्यंग्य

भोजपाल साहित्य संस्थान की मासिक साहित्यिक गोष्ठी में रचनाओं का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की ख्यात साहित्यिक संस्था भोजपाल साहित्य संस्थान की मासिक गोष्ठी का आयोजन सोमवार को हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष प्रियदर्शी खैरा ने की। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव मुख्य अतिथि, संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष सुदर्शन कुमार सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

गोष्ठी में साहित्य की विधाओं के रचनाकारों ने श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया। जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कविता पानी, वीके श्रीवास्तव ने काकरोचों की दुनिया तथा चरणजीत कुकरेजा ने व्यंग्य उल्टी सीमा, सीधा रास्ता प्रस्तुत किया। गोकुल सोनी ने व्यंग्य चौर्य कला की चौतरफा चर्चा व विकास, अशोक व्यास ने रूदन का सफल टोटका, संतोष श्रीवास्तव ने साइबर बेवफा तथा सुदर्शन कुमार सोनी ने व्यंग्य लैंडलाइन की आत्मकथा का पाठ किया।

मासिक गोष्ठी में साहित्यिक चर्चा करते वरिष्ठ रचनाकार।

मुख्यमंत्री निवास में होगा मंचन, नजर आएंगे नन्हे कृष्ण से गीता उपदेश देते योगेश्वर तक

जन्म से लेकर जीवन की विभिन्न लीलाओं का होगा मंचन

40 नृत्यांगनाएं, 40 मिनट और प्रभु कृष्ण के जीवन के अनेक रंग से सजेगा 'श्रीकृष्ण पर्व'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनके जीवन की विभिन्न लीलाओं और कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिए गीता उपदेश तक की यात्रा को 40 मिनट की भव्य नृत्य नाटिका में प्रस्तुत करेंगी प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना कविता शाजी व उनकी 40 शिष्याएं।

श्रीकृष्ण के जीवन, लीलाओं और भारतीय कला परंपरा को समर्पित 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन मप्र शासन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 4 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में किया जाएगा। प्रातः 8 बजे से आयोजित इस नृत्य नाटिका में श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर उनके योगेश्वर स्वरूप तक को नृत्य, अभिनय और भावाभिव्यक्ति के माध्यम से जीवंत किया जाएगा।

कविता शाजी अपनी 40 शिष्याओं के साथ कुछ इस तरह की प्रस्तुति देंगी ।

चार अलग-अलग आयु के कलाकार निभाएंगे श्रीकृष्ण की भूमिका

नृत्य नाटिका की सबसे खास बात यह होगी कि इसमें श्रीकृष्ण की भूमिका चार अलग-अलग आयु के कलाकार निभाएंगे। करीब पांच वर्ष के नन्हे कलाकार बाल कृष्ण की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं कृष्ण के किशोर और युवा स्वरूप को अलग-अलग कलाकार प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही लगभग 40 वर्षीय कलाकार गीता का उपदेश देते योगेश्वर कृष्ण के रूप में दिखाई देंगे। इस तरह एक ही मंच पर कृष्ण के जीवन के विभिन्न पड़ावों और उनके बदलते व्यक्तित्व को दशार्या जाएगा।

ब्रज की रासलीला का होगा समावेश

एक माह में तैयार इस प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों का खूबसूरत संगम देखने को मिलेगा। भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम की नृत्य भंगिमाओं के साथ ब्रज की रासलीला को भी मनभावन अंदाज में मंच पर उतारा जाएगा। कृष्ण के बाल स्वरूप की चंचलता, किशोर की मोहकता, गोवर्धनधारी कृष्ण की वीरता और योगेश्वर कृष्ण की गंभीरता को एक प्रस्तुति में पिरोया है।

आखिरकार कॉकरोच के आगे झुकी सरकार और पहुंची शीर्ष अदालत

प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर रद्द करने सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दिया आवेदन, आज फिर होगी इस मामले पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने दिल्ली समेत कई राज्यों में नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान कथित हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सरकार का कहना है कि कई मामलों में छात्रों और उनके परिवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिन्हें असाधारण परिस्थितियों में निरस्त किया जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया। उन्होंने अदालत से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की और एफआईआर को रद्द करने का अनुरोध कर रहा है।

दिल्ली में नीट पेपर लीक में सीजेपी ने किया था प्रदर्शन पुलिस ने दर्ज किया था केस

तनाव-झड़पों के बाद एफआईआर दर्ज की

केंद्र की याचिका में कहा गया है कि नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों और अभिभावकों में व्यापक आक्रोश था। प्रदर्शनों के दौरान कुछ स्थानों पर तनाव बढ़ा और पुलिस के साथ झड़पें हुईं। इसके बाद दिल्ली और अन्य राज्यों में कई एफआईआर दर्ज की गईं। सरकार का पक्ष है कि बड़ी संख्या में युवा छात्रों के भविष्य पर इन मामलों का असर पड़ सकता है, इसलिए अदालत को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखकर एफआईआर रद्द करनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 1 सितंबर को तय की गई है।

5 सितंबर को सीजेपी के मार्च पर रोक लगाने से किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित सीजेपी मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई ठोस वजह नहीं है जिसके आधार पर यह माना जाए कि मार्च से कोई अप्रिय घटना हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर 5 सितंबर को लुटियंस दिल्ली में प्रस्तावित मार्च को 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद तक रोकने की मांग की गई थी।याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मौजूदा स्थिति में मार्च से किसी अप्रिय घटना की आशंका मानने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश रिटायर्ड पुलिस अधिकारी के वकील डॉ. रिजवान ने कहा कि प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है। लेकिन किसी मार्च या प्रदर्शन के लिए तय कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना जरूरी है।

पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बताने की मांग वाली याचिका खारिज

याचिकाकर्ता ने कहा पंपों पर नहीं बताई जा रही एथेनॉल मिलावट की सही मात्रा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें पेट्रोल पंपों पर दिए जाने वाले पेट्रोल में मिलाए गए एथेनॉल की सटीक मात्रा को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने की मांग की गई थी। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि पेट्रोल की रसीद, बिल और अन्य दस्तावेजों पर एथेनॉल का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने याचिकाकर्ता और अधिवक्ता एनके गोस्वामी को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित हाई कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी। गोस्वामी ने कहा कि उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि वे जिस पेट्रोल को खरीद रहे हैं, उसमें एथेनॉल की कितनी मात्रा मिलाई गई है। उन्होंने पेट्रोल की रसीद का हवाला देते हुए कहा कि उसमें एथेनॉल का कोई उल्लेख नहीं है।

एसिड अटैक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

खुदरा दुकानों में तेजाब की बिक्री पर बेहद कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं

तेजाब हमलों से जुड़े एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने खुदरा दुकानों में एसिड की बिक्री को बेहद सीमित करने, यहां तक कि पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की संभावना पर विचार किया। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों से इस मामले में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि तेजाब हमले के पीड़ितों को पारंपरिक उपचार पद्धतियों से बचाने और इस संबंध में जागरूकता फैलाने में गैर-सरकारी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

खबर संक्षेप

1 से 15 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' चलेगा

नई दिल्ली। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत उर्वरक विभाग 1 से 15 सितंबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' का आयोजन करेगा। इस बार पारंपरिक साफ-सफाई के साथ डिजिटल स्वच्छता और ई-गवर्नेंस पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान कार्यालयों में डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन और कागजी काम को कम करने के कार्य किए जाएंगे। इस पखवाड़े में उर्वरक विभाग के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और संबंधित संगठन बड़े पैमाने पर हिस्सा लेंगे।

दुष्कर्म मामले में 5 को आजीवन कारावास

वडोदरा। वडोदरा में नवरात्रि की रात एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के दो साल बाद यहां की विशेष पॉक्सो अदालत ने सोमवार को पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस अपराध को सबसे जघन्य करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, अदालत ने टिप्पणी की कि देवी अंबा को समर्पित नवरात्रि जैसे पर्व के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की घटना को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

अन्ना हजारे का स्वास्थ्य बिगड़ा, अस्पताल में भर्ती

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें सोमवार को मुंबई के बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें वायरल संक्रमण के साथ शरीर में पानी की गंभीर कमी और किडनी से जुड़ी समस्या बताई गई है। अन्ना को गांव के देखभाल करने वाले लोगों के साथ कार्डियक एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। उन्हें अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। जहां डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं।

ओएनजीसी को क्यों किया गया दरकिनार, कांग्रेस ने उठाए सवाल

'समुद्र मंथन' योजना आखिर किस विशेष उद्योगपति को फायदा पहुंचाने लाई गई?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा है कि केंद्र सरकार की 84 हजार करोड़ रुपए की 'समुद्र मंथन' योजना खास पूंजीपति को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है।

सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने मांग की कि 'समुद्र मंथन' योजना को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि 84,084 करोड़ रुपए की भारी-भरकम राशि निजी कंपनियों को दिए जाने का कारण सार्वजनिक किया जाए। तेल एवं गैस की खोज के लिए यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी को दी जाए।

उन्होंने कहा कि देश में भारी बेरोजगारी के बावजूद रोजगार सृजन न करने वाली योजनाओं के लिए निजी कंपनियों को 84,084 करोड़ रुपए देने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके साथ ही, बीते वर्षों में देश के घरेलू तेल और गैस उत्पादन में आई कमी पर केंद्र की मोदी सरकार जवाब दे।

केंद्र सरकार 50 प्रतिशत राशि निजी कंपनी को देगी

गोहिल ने बताया कि इस योजना को कैबिनेट ने एक अगस्त को मंजूरी दी है

और इसके पहले चरण में 2031 तक 84,084 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। मोदी सरकार इस योजना के तहत 50 प्रतिशत राशि सीधे उस कंपनी को देगी, जो समुद्र में तेल-गैस ढूंढने का काम करेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि एक कुआं 675 करोड़ रुपए में खोदा गया है, तो सरकार उस कंपनी को उसकी आधी राशि देगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी का बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड और व्यापक अनुभव है, लेकिन उसे दरकिनार कर निजी क्षेत्र को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

जिसे मिला काम उसने दिया था 10 करोड़ का चंदा

गोहिल ने बताया कि तेल और गैस उत्पादन के लिए कुओं की खुदाई करने का जिस निजी कंपनी को काम दिया जा रहा है उसके पास बेहद कम अनुभव है एवं यह कंपनी पहले से ही घाटे में चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'समुद्र मंथन' योजना इस कंपनी के घाटे को फायदे में बदलने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि इस योजना की घोषणा के बाद कंपनी विशेष के एमडी ने वेबसाइट पर लिखा कि सरकार की नीति से उनकी कंपनी को बड़ा लाभ होगा। कांग्रेस नेता ने यह भी याद दिलाया कि इसी निजी समूह ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 10 करोड़ रुपए का चंदा दिया था।

देशभर में नियमों की अनदेखी की जा रही

गोहिल ने देशभर में नियमों की अनदेखी कर पहुंचाए जा रहे फायदों का उल्लेख करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के वक्त भी 6,600 मेगावाट का टेंडर सीधे मिला और यह सिंगल टेंडर था। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में कोल माइनिंग के ब्लॉक दिए गए, जिसमें सभी नियमों को नजरअंदाज कर दिया गया। ग्राम सभा से प्रस्ताव पास कराना अनिवार्य था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके अलावा, कच्छ में कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए कॉपर के कच्चे माल के आयात पर लगी 2.5 प्रतिशत की पूरी कस्टम ड्यूटी ही हटा दी गई थी।

पीएम के सीएम रहते 27 हजार करोड़ का घोटाला

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि जब वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब जीएसपीसी (गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम) में 27 हजार करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हुआ था और कैग ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि सामने आया था कि धरातल पर गैस या तेल की एक बूंद भी नहीं मिली और समुद्र में बनाए गए अधिकांश कुएं कागज़ों पर ही थे। उन्होंने मांग की कि इस भ्रष्टाचार की भी न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इसके दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए। बता दें, वर्ष 2026 में, गुजरात सरकार ने अपने गैस और ऊर्जा व्यवसायों को सरल बनाने के लिए एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है, जिसके तहत जीएसपीसी का विलय 'गुजरात गैस लिमिटेड' में कर दिया गया है।

'समुद्र मंथन' से जनता को जहर अडाणी को अमृत मिलेगा

उन्होंने कहा कि 'समुद्र मंथन' योजना के तहत कई प्रक्रियाएं हैं, जिनमें पहले ब्लॉक खरीदे जाते हैं और फिर पर्यावरण मंजूरी ली जाती है। उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'समुद्र मंथन' से देश की जनता के हिस्से में जहर और अडाणी के हिस्से में अमृत आएगा। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि समुद्र के बीच बने कुओं की मौजूदगी और उनकी वास्तविक गहराई की जांच नहीं की जा सकती, जिससे भयमुक्त होकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में तेल और गैस के लिए एक साझा पाइपलाइन का उल्लेख है, जो निजी कंपनी के फायदे के लिए है।

सरकारी टीचर ने दी ऐसी 'सजा'

किताब लाना भूली छात्रा, चली गई 10 साल की बच्ची की जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली से एक बेहद दर्दनाक और व्यवस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर इलाके में स्थित एक सरकारी स्कूल की 10 वर्षीय छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बच्ची के परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर अमानवीय व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि स्कूल में किताब न लाने पर बच्ची को कड़ी सजा दी गई और उसे चिलचिलाती धूप में खड़ा रखा गया, जिसके कारण उसकी अंततः उसकी जान चली गई। यह हृदयविदारक घटना 27 अगस्त को पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर स्थित 'सर्वोदय कन्या विद्यालय' में घटी।

परिजनों के गंभीर आरोप

मृतका की मां अंजलि ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही और क्रूरता का आरोप लगाया है। अंजलि ने बताया कि घटना वाले दिन स्कूल से उनके पास फोन आया था कि उनकी बेटी की तबीयत खराब हो गई है। जब वह बदहवास हालत में स्कूल पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि उनकी बच्ची तेज धूप में खड़ी थी और उसकी हालत बेहद खराब थी। परिजनों का सीधा आरोप है कि महज एक किताब न लाने से शिक्षकों ने उसे सजा के तौर पर धूप में खड़ा किया था। बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

दिल्ली के प्ले स्कूल में मासूम से बर्बरता

शिक्षक की पिटाई से आंखें सूजी, कान फटा

इस संबंध में विभाग ने 2 दिन में मांगी रिपोर्ट

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर स्थित एक प्ले स्कूल में 3.5साल के बच्चे से मारपीट और यौन दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। शिक्षा निदेशालय ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त शिक्षा निदेशक करेंगे।

1500 रुपए में दिया था सीसीटीवी फुटेज

स्कूल प्रशासन ने फुटेज देने से साफ मना कर दिया। हालांकि 25 अगस्त को स्कूल प्रशासन ने 1500 रुपए लेकर माता-पिता को सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन एक्सेस दे दिया। इसके बाद तो वह फंसता चला गया।

केरल के मौलवी ग्रैंड अहमद के बयान से छिड़ा विवाद

महिलाएं घर के अंदर रहें तो ठीक होगा सार्वजनिक क्षेत्र में लाने से विनाश होगा

महिलाओं की तुलना सोने के आभूषणों से की

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बकर अहमद ने अपने बयान से एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं को अपने घरों तक ही सीमित रहना चाहिए और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश नहीं करना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि इस्लाम ने उनकी गरिमा की रक्षा के लिए पर्दा प्रथा निर्धारित की है। कोच्चि में हुब्बुल रसूल सम्मेलन में इस धर्मगुरु ने महिलाओं की तुलना सोने के आभूषणों से की जिन्हें एक डिब्बे के अंदर सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए और कहा कि महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में लाने से बड़ा विनाश हो सकता है। महिलाओं को अपने घरों तक ही सीमित रहना चाहिए।

मंत्री रोजी ने कहा- कहां गया राहुल का विचार?

केरल के उच्च शिक्षा मंत्री रोजी एम. जॉन ने इस विचार की आलोचना की और अपने विचार का समापन 'पितृसत्ता को खत्म करो' के नारे के साथ किया। उनके पार्टी नेता राहुल गांधी के उस बयान के 2 दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने 'मनुस्मृति वाली सोच' की आलोचना की थी और छात्राओं से 'पितृसत्ता को समाप्त करने' का आह्वान किया था।

दिल्ली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 47.7 लाख लोगों के नाम कटे

नई दिल्ली। दिल्ली में एसआईआर का ड्राफ्ट जारी कर दिया गया है। ड्राफ्ट जारी करने की तारीख में 3 बार बदलाव के बाद इसे प्रकाशित किया गया है। अंतिम मतदाता सूची अब 4 नवंबर को जारी की जाएगी। अभियान के दौरान 97.51 लाख मतदाताओं के फॉर्म जमा कर आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किए गए। यह संख्या 1.45 करोड़ मतदाताओं की करीब 67 फीसदी है। वहीं बाकी 47.58 लाख मतदाता के फॉर्म उपलब्ध नहीं हो सके।



बिहार-झारखंड में बनी सहमति

शाह के सामने सोन नदी जल बंटवारे पर दोनों राज्यों के बीच में हुआ समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार एवं झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर पिछले 25 वर्षों से लंबित विवाद का समाधान हो गया। दिल्ली में दोनों राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के उप मुख्यमंत्री-सह-जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा दोनों राज्यों एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

25 साल पुराने विवाद पर लगा विराम

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस ऐतिहासिक समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सक्रिय प्रयास, और प्रभावी मध्यस्थता के कारण वर्षों से लंबित एवं जटिल विषय का समाधान संभव हो सका है।

खरगे के 'शुद्धिकरण' विवाद पर जयराम रमेश का भाजपा-आरएसएस पर हमला

न्याय मांगने वाले राहुल पर एफआईआर, आरोपियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद कथित 'शुद्धिकरण' के नाम पर हुए कार्यक्रम को लेकर भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने दलितों के साथ हो रहे अन्याय, अपमान और भेदभाव का जो मुद्दा उठाया था, उसे भाजपा-आरएसएस ने महज 24 घंटे के भीतर ही सही साबित कर दिया। जयराम रमेश ने कहा कि खरगे के खिलाफ कथित भेदभाव के मामले में अब तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि न्याय की मांग करने वाले राहुल गांधी के खिलाफ अगले ही दिन प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।

जयराम रमेश

'डबल इंजन' सरकार को बर्दाश्त नहीं हुई राहुल की बात

जयराम ने 'एक्स' पर कहा कि राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खरगे की रैली के बाद 'शुद्धिकरण' के नाम पर किए गए छुआछूत और अपमान का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि राहुल ने इस घटना में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बात भाजपा-आरएसएस की उत्तराखंड की 'डबल इंजन' सरकार को बर्दाश्त नहीं हुई। यही वजह है कि कथित तौर पर खरगे के अपमान के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई।

मांग राजनीतिक नहीं, न्याय से जुड़ी

रमेश ने कहा कि यही वह सोच है, जिसके सामने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान सबसे बड़ी दीवार है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण भाजपा और आरएसएस को संविधान खटकता है। कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है और मुद्दे से ध्यान भटकाने तथा आवाज दबाने के प्रयासों का विरोध करेगी। कांग्रेस की मांग केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि न्याय से जुड़ी है। जिन लोगों ने खरगे के खिलाफ 'शुद्धिकरण' के नाम पर कथित छुआछूत और अपमान किया, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

क्या है पूरा विवाद

यह विवाद उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित रामलीला मैदान में खरगे की रैली के बाद कथित तौर पर किए गए 'शुद्धिकरण' कार्यक्रम को लेकर शुरू हुआ। खरगे ने 8 अगस्त को इस मैदान में कांग्रेस की सभा को संबोधित किया था। इसके बाद कथित तौर पर वहां हवन के जरिये 'शुद्धिकरण' किया गया। कांग्रेस ने इसे खरगे के दलित होने से जोड़ते हुए छुआछूत और जातिगत भेदभाव का मामला बताया। राहुल ने 29 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे छुआछूत का एक रूप बताते हुए प्रधानमंत्री जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एससी-एसटी कानून के तहत केस दर्ज कराने की मांग की थी।

कांग्रेस मामले को राजनीतिक और जातिगत रंग दे रही: सीएम धामी

भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शुद्धिकरण कार्यक्रम में कोई भाजपा कार्यकर्ता शामिल नहीं था। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि उत्तराखंड में कितने लोग खरगे की जाति के बारे में जानते हैं। कांग्रेस इस मामले को राजनीतिक और जातिगत रंग दे रही है। आयोजकों की ओर से भी जातिगत भेदभाव के आरोपों को खारिज किया गया है।

राजस्थान में परीक्षा में फिर बाधा

एम्स सीआरई-5 के एग्जाम में सर्वर में खराबी से देरी, बवाल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर के आईओएन डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर सोमवार को एम्स सीआरई-5 का री-एग्जाम भी तकनीकी समस्याओं की चपेट में आ गया। सर्वर में खराबी के कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी और करीब 30 मिनट की देरी से शुरू हुई। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के लगभग 20 मिनट बाद फिर तकनीकी दिक्कतें सामने आईं, जिससे परीक्षा बार-बार बाधित हुई। लगातार आ रही तकनीकी परेशानियों से नाराज अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों ने परीक्षा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने परीक्षा एजेंसी और केंद्र प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। अभ्यर्थियों का आरोप है कि सर्वर संबंधी समस्या के कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी। परीक्षा के दौरान बार-बार व्यवधान आने से उन्हें प्रश्न हल करने में परेशानी हुई।

नेपाल में भीषण बाढ़ से त्रासदी

39 देशों के 590 नागरिक अब भी लापता, 323 से ज्यादा विदेशी रेस्क्यू किए

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्य जारी हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय की मानें तो अब तक 323 से ज्यादा विदेशी नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है। हालांकि, 39 देशों के लगभग 590 विदेशी नागरिक अब भी लापता हैं। विदेशी नागरिकों की बड़ी संख्या को देखते हुए विदेश मंत्रालय में एक समर्पित 'इमरजेंसी कंट्रोल रूम' बनाया गया है। ये कंट्रोल रूम एजेंसियों और लापता लोगों के परिजनों से लगातार संपर्क साध रहा है। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरणके मुताबिक बाढ़ में अब तक 903 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 4247 लोग लापता हैं। अब तक 10 हजार से ज्यादा लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से बचाया गया है। वहीं, घायलों की संख्या 267 है।

अब तक 903 लोगों की हुई मौत, 4247 लापता

10 हजार से अधिक लोग सुरक्षित, 267 घायल

नेपाल में आई बाढ़ से तबाह नुवाकोट जिले का देवीघाट गांव

कई देश और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं दे रहीं मदद

आपदा की इस घड़ी में भारत, चीन, जापान, अमेरिका, यूएई और दक्षिण कोरिया समेत कई देश नेपाल की मदद में आगे आए हैं। राहत सामग्री में प्रीफैब्रिकेटेड ब्रिज यूनिट, फ्रीजर, जनरेटर, सोलर लैंप, डीएनए किट, टेंट, कंबल, दवाएं और फूड पैकेट्स शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ संगठन, विश्व खाद्य कार्यक्रम और यूनिसेफ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी राहत अभियानों में सहयोग दे रही हैं। नेपाल को इंफ्रास्ट्रक्चर के पुनर्निर्माण के लिए बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मदद की जरूरत होगी। मंत्रालय ने बताया कि नेपाल के पीएम बालेन शाह खुद पूरे राहत, बचाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय अभियान की सीधी निगरानी और समीक्षा कर रहे हैं।

खाली हाथ लौटा थर्मल ड्रोन

नेपाल में बाढ़ के बाद रासुवा जिले में स्थित 111-मेगावाट की रासुवागढ़ी हाइड्रोपावर परियोजना की सुरंग में फंसे 93 कर्मचारियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। बेहद खतरनाक परिस्थितियों में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान थर्मल ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन सुरंग के अंदर किसी भी इंसान के जीवित होने के संकेत नहीं मिले हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर सर्च ऑपरेशन को फिलहाल रोक दिया गया है और बचाव दल धुंचे लौट आया है। हालांकि, अब तक अलग-अलग सुरंगों से 279 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। इनमें अपर त्रिशूली-1 परियोजना से बचाए गए 254 लोग और लांगटांग खोला साइट से निकाले गए 18 कर्मचारी शामिल हैं।

50 करोड़ का सोना मिला

नेपाल में बाढ़ प्रभावित इलाकों में कई बैंक भी मलबे में दब गए हैं। नेपाल पुलिस ने बताया कि करीब 8 घंटे की लगातार कोशिश के बाद कृषि विकास बैंक की त्रिशूली ढुंगे शाखा से करीब 1.5 करोड़ रुपए नकद, अनुमानित 50 करोड़ रुपए का सोना और महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए गए हैं।

लापता हुए मद्रास हाईकोर्ट के पूर्व जज

मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वी. शिवज्ञानम नेपाल में तीर्थयात्रा के दौरान लापता हो गए हैं। इस मामले में दिल्ली तमिल एडवोकेट्स एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से तत्काल दखल की मांग की है। एसोसिएशन ने विदेश मंत्रालय और नेपाल में भारतीय दूतावास के जरिए इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने, नेपाल के अधिकारियों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन तेज करने और जस्टिस शिवज्ञानम समेत लापता सभी यात्रियों का जल्द पता लगाने की मांग की है। साथ ही सीजेआई सूर्यकांत को पत्र भेज कर अनुरोध किया है कि वह केंद्र सरकार से जस्टिस शिवज्ञानम को जल्द तलाशने और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए कहें।

राजनाथ सिंह ने जताई संवेदना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास का दौरा किया और शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर कर अपनी संवेदना व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सरकार और देश की जनता की ओर से मैं 26 अगस्त 2026 को आई बाढ़ में हुई बहुमूल्य जनहानि और बड़े पैमाने पर हुई तबाही के लिए नेपाल की जनता और उसकी सरकार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

खबर संक्षेप

बोरवेल में गिरा 9 साल का मासूम, फंसा

अलवर। अलवर जिले के रामगढ़ क्षेत्र के बुटोली गांव में पतंग लूटने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 9 वर्षीय भानू पुत्र शमशेर गुर्जर खुले बोरवेल में गिर गया। बताया जा रहा है कि बोरवेल को ढकने के लिए रखा पत्थर सरकने से बच्चा उसमें जा गिरा और करीब 45 फीट नीचे फंस गया। भानू पतंग लूटने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसका पैर बोरवेल के ऊपर रखे पत्थर पर पड़ गया। पत्थर खिसकते ही वह संतुलन खो बैठा और बोरवेल में जा गिरा।

31 जेलों में 226 कैदी एचआईवी पॉजिटिव

गुवाहाटी। अप्रैल से जुलाई के बीच असम की 31 जेलों में हुई जांच के दौरान 226 कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने जेल के अंदर किसी कैदी के संक्रमित होने के परिस्थितियों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्क्रीनिंग अभियान के दौरान उजागर हुआ है। लगभग 95% मामले नशीली दवाओं के इंजेक्शन लेने से जुड़े हैं।

बिश्केक में पीएम मोदी की किर्गिज राष्ट्रपति सादिर जापारोव से द्विपक्षीय मुलाकात

रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और निवेश में 'सहयोग' बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ बिश्केक

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोव के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। यह मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के इतर हुई। वार्ता के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

भारत और किर्गिस्तान के पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों के तहत दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार में सहयोग बढ़ा रहे हैं। दोनों पक्षों ने उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों जिनमें एआई, अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अवसर तलाशने पर सहमति व्यक्त की। वार्ता में द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा मध्य एशिया की सुरक्षा स्थिति, कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की गई।

किर्गिज राष्ट्रपति सादिर जापारोव से बातचीत करते पीएम मोदी

वंदे मातरम की धुन पर योग का प्रदर्शन

पीएम मोदी के होटल में पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने भी गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। पीएम के सम्मान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कलाकारों ने वंदे मातरम की मधुर धुन पर अद्भुत योगाभ्यास प्रस्तुत किया। गोमुख आसन से लेकर वीरभद्रासन को पूरे सामंजस्य के साथ प्रदर्शित किया गया।

छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल

पीएम नरेंद्र मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स 31 अगस्त से 6 सितंबर तक किर्गिस्तान में आयोजित हो रहे हैं। उद्घाटन समारोह रात 9 बजे बिश्केक एरिना में हुआ। मुख्य प्रतियोगिताएं चोलपोन-अता, किर्चिन और इस्सिक-कुल क्षेत्र के आसपास की जगहों पर होंगी। ये खेल दुनिया भर के एथलीटों और प्रतिभागियों को पारंपरिक खेलों, संस्कृति और खानाबदोश सभ्यताओं की विरासत का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।

87 सदस्यों के साथ भाग ले रहा भारत

भारत 87 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग ले रहा है। इसमें 73 एथलीट, 10 सांस्कृतिक प्रतिनिधि और वैज्ञानिक कार्यक्रम के चार प्रतिभागी शामिल हैं। सांस्कृतिक पक्ष में 'इको ऑफ नोमैड्स', नोमैड फेस्ट, 'हेरिटेज ऑफ नोमैड्स', आर्ट लैब और एथनो-बाजार जैसे कार्यक्रम होंगे।

किर्गिज नागरिक बोले

भारत हमारे लिए बड़े भाई जैसा, रिश्ते गर्मजोशी से भरे

पीएम मोदी ने किर्गिज समुदायों के लोगों से मुलाकात की

पीएम मोदी ने किर्गिस्तान के सैन्य अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों और भारत से जुड़े लोगों की भावनाएं जानने वाले लोगों से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने वालों के लिए यह महज एक मुलाकता नहीं बल्की जिंदगी भर याद रहने वाला मौका था। योग साधक अरीना नियाजबेकोवा ने भारत को किर्गिस्तान का 'बड़ा भाई' बताते हुए कहा कि भारत हमेशा किर्गिस्तान के साथ खड़ा रहा है और दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत हैं। भारत और किर्गिस्तान के रिश्तों में योग एक अलग तरह की कड़ी बनकर उभरा है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान योग से जुड़े कई लोगों ने भी भारत के प्रति अपनी आत्मीयता व्यक्त की।

महात्मा गांधी स्मारक पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

भारत-ब्राजील व्यापार डील के लिए तैयार

2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

भारत और ब्राजील ने अपने आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प दोहराते हुए वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। दोनों देशों ने दवा, रसायन, इंजीनियरिंग उत्पाद, मशीनरी और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर अधिक विविध, संतुलित और टिकाऊ व्यापारिक साझेदारी विकसित करने पर सहमति जताई है। यह लक्ष्य ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में आयोजित भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र (टीएमएम) की 8वीं बैठक के दौरान सामने आया। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और ब्राजील के विकास, उद्योग, वाणिज्य एवं सेवाएं मंत्रालय की विदेश व्यापार सचिव तातियाना लासेर्दा प्राजेरेस ने की। बैठक के दौरान राजेश अग्रवाल ने ब्राजील के विकास, उद्योग, वाणिज्य एवं सेवाएं मंत्री मार्सियो एलियास रोसा से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने तथा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

तातियाना और राजेश

दवा क्षेत्र में प्रगति

दोनों देशों के बीच दवा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिली। भारत ने ब्राजील से भारतीय दवा कंपनियों के लिए अधिक पूर्वानुमेय नियामकीय व्यवस्था और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इससे भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियों को ब्राजील जैसे बड़े बाजार में अपने कारोबार का विस्तार करने में मदद मिलेगी। कृषि क्षेत्र में दोनों देशों के बीच तकनीकी स्तर की चर्चाएं आगे बढ़ीं। कृषि उत्पादों के लिए स्वास्थ्य और पादप स्वच्छता मानकों से जुड़े मुद्दों पर प्रगति हुई।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर सहयोग मजबूत करेंगे

भारत और ब्राजील ने बहुपक्षीय मंचों पर भी अपने सहयोग को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। ब्रिक्स, जी-20 और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसे मंचों पर दोनों देशों ने खुले, समावेशी और विकासोन्मुख वैश्विक व्यापार तंत्र के समर्थन में मिलकर काम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान भारत-ब्राजील उच्च स्तरीय व्यापारिक स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। प्रतिनिधिमंडल में किर्लोस्कर समूह, यूपीएल और आदित्य बिड़ला समूह सहित 25 से अधिक भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

केंद्र सरकार की सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित

1.27 लाख करोड़ से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बनेंगे आत्मनिर्भर, उच्च स्तरीय चिप पैनल का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 1.27 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय वाली सेमीकॉन 2.0 योजना को अधिसूचित कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य सेमीकंडक्टर उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला में घरेलू क्षमताओं का विकास करना और भारत को चिप निर्माण, डिजाइन तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

डिजाइन से परीक्षण तक मिलेगी वित्तीय सहायता

अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 को छह प्रमुख घटकों में विभाजित किया गया है, जिनमें भारतीय कंपनियों द्वारा चिप डिजाइन, चिप निर्माण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों का निर्माण, सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन इकाइयां, चिप असेंबली, पैकेजिंग, परीक्षण और संबंधित औद्योगिक गतिविधियां शामिल हैं। योजना के तहत उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

शोध और उत्पादन को भी मिलेगा समर्थन

मंत्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने वाले रणनीतिक सेमीकंडक्टर उत्पादों की पहचान के लिए एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन करेगी, जिसकी संयुक्त अध्यक्षता प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) करेंगे। यह योजना केवल विनिर्माण क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य एक व्यापक और आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।

विदेश मंत्रालय ने कहा- ये आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं

भारत ने खारिज किया सिंधु जल संधि पर तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय का फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर से सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर नीदरलैंड के द-हेग शहर में स्थित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन, सीओए) के फैसले को दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि उसके लिए पाकिस्तान के साथ हुई यह जल संधि आज भी स्थगित है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी किए गए अपने एक बयान के जरिए दी है। जिसमें बताया कि अस्तित्वहीन मध्यस्थता न्यायालय ने सिंधु जल संधि की स्थिति और अंतरिम उपायों पर एक फैसला सुनाया है। जिसे उसने 'अवार्ड' बताया है। न्यायालय का यह आदेश विश्व बैंक द्वारा तय की गई संधि की शर्तों का सीधा-सीधा उल्लंघन है।

अवैध न्यायालय के समक्ष नहीं गया भारत: मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन अवैध रूप से किया गया है। जिसके चलते भारत ने कभी भी इसे कानूनी रूप से स्वीकार नहीं किया है और यह उसके लिए पूरी तरह से अवैध है। भारत ने यह भी कहा है कि गैरकानूनी रूप से गठित होने की वजह से यह न्यायालय और इसके द्वारा लिए जाने वाले तमाम फैसलों का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है।

इंटरनेशनल एयर शो में भाग लेने मिस्र पहुंची सारंग टीम

अल अलामीन एयरपोर्ट पर सारंग टीम, (इनसेट में) ध्रुव हेलिकॉप्टर

हवाई करतबों से करेगी मंत्रमुग्ध

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम मिस्र के अल अलामीन पहुँच गई है। यह टीम 08 से 10 सितंबर 2026 तक होने वाले अल अलामीन इंटरनेशनल एयरशो के दूसरे संस्करण में हिस्सा लेगी। स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाते हुए, सारंग टीम सटीकता, तालमेल और अपनी उड़ान कौशल का प्रदर्शन करेगी। दुनिया की एकमात्र हेलीकॉप्टर एरोबैटिक डिस्प्ले टीम, सारंग अपने खास हवाई करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।

विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर रहेगा जोर

रक्षा मंत्री आज करेंगे रक्षा क्षेत्र के 16 डीपीएसयू की कार्य-समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए की जाने वाली हथियारों की खरीद के मामले में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता को कम करने यानी आत्मनिर्भरता को हासिल करने के उद्देश्य के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (1 सितंबर) को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) की वार्षिक कार्य समीक्षा करेंगे। जिसमें नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने के महत्व पर खासा जोर दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस कार्य समीक्षा कार्यक्रम के दौरान रक्षा क्षेत्र के कुल 7 रक्षा उपक्रम शामिल होंगे। जिसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल), गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), बीईएमएल और मिधानी के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक शामिल होंगे।

भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को मिली मजबूती

अंडर वाटर मिशन में 'निपुण' पोत नौसेना बेड़े में हुआ शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'निपुण' सोमवार को नौसैनिक बेड़े में शामिल हो गया है। इसको खास तौर पर गहरे समुद्र में गोताखोरी और पानी के नीचे होने वाले अंडर वाटर मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है। यह संकट में फंसी सबमरीन की भी मदद कर सकता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की मौजूदगी में इसे नौसेना में शामिल किया गया। दरअसल जहां सामान्य पोत समुद्र की सतह पर काम करते हैं, वहीं 'निपुण' का प्रभाव समुद्र की गहराइयों तक जाता है। इसमें आधुनिक गोताखोर प्रणालियां हैं जिनसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में भी काफी लंबे समय तक गोताखोरों को मदद मिलती है।

इसमें आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां मौजूद

यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है

'निपुण' को शामिल करते नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन

संचालन की कमान मजबूत होगी

इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि युद्धक तैयारी नौसेना की सर्वोच्च जिम्मेदारी और प्राथमिकता है, खासकर ऐसे समय में जब समुद्री वातावरण लगातार चुनौतीपूर्ण और बदलता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पोत लहरों के ऊपर, समुद्र की सतह पर और पानी के नीचे संचालन की कमान की क्षमता को मजबूत करेगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पनडुब्बी बचाव अभियान के लिए उच्च स्तर की तैयारी की आवश्यकता होती है और इसमें देरी की बहुत कम गुंजाइश होती है। यह संकट में फंसी पनडुब्बियों की सहायता करने की भारत की क्षमता को काफी बढ़ाएगा।

गोताखोर अभियानों को सहायता मिलेगी

पानी के नीचे किसी संदिग्ध वस्तु की जांच हो या कोई और मिशन, 'निपुण' सभी के लिए भी तैयार है। यह आधुनिकतम पोत भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को भी मजबूत करेगा। समुद्री गहराई में यदि पनडुब्बी में संकट में आती है तो 'निपुण' बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'निपुण' गोताखोरों और पानी के नीचे होने वाले बचाव अभियानों को सहायता उपलब्ध कराएगा।

9,000 टन वजनी है यह पोत

करीब 9,000 टन वजनी 'निपुण' पोत में कई विशेष क्षमताएं हैं। पोत की विशेष डाइविंग क्षमताएं मित्र देशों को पानी के भीतर मलबा हटाने और बचाव अभियानों में भी सहायता दे सकती हैं। यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है। 'निपुण' में आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां लगाई गई हैं। इसमें सटीक स्थिति बनाए रखने की क्षमता भी है। इसका फायदा पानी के नीचे जटिल अभियानों के दौरान मिलेगा। पोत समुद्र में अपनी स्थिति को नियंत्रित रखते हुए गोताखोरों को लगातार सहायता दे सकेगा।

प्रीमियर लीग: ओल्ड ट्रैफर्ड में यूनाइटेड का कहर, फर्नांडीस की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| लंदन

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग मैच में इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। टीम की जीत के नायक ब्रूनो फर्नांडीस रहे, जिन्होंने तीन गोल किए। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में पिछले सप्ताह हल सिटी के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार के बाद उतरी थी। इसलिए टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था। टीम के लिए हालात तब और मुश्किल हो गए, जब 24वें मिनट में लीफ डेविस ने गोल करके इप्सविच को बढ़त दिला दी। फर्नांडीस ने हाफ टाइम से पांच मिनट पहले स्कोर बराबर किया, और ब्रेक के 10 मिनट बाद हैरी मैगुइरे के हेडर से यूनाइटेड आगे हो गया। यह गोल इप्सविच के डिफेंडर जैकब ग्रीव्स से टकराकर गोल पोस्ट के अंदर गया। इसके तुरंत बाद फर्नांडीस ने पेनल्टी स्पॉट से अपना दूसरा गोल किया और 68वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। ब्रायन म्बेउमो ने मैच खत्म होने से आठ मिनट पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पांचवां गोल किया, जबकि चुबा अकपोम ने स्टॉपेज टाइम में इप्सविच के लिए दूसरा गोल किया।

बुंडेसलीगा : फ्रीबर्ग ने वेर्डर ब्रेमेन को दी शिकस्त

बर्लिन। युइतो सुजुकी की शानदार हैट्रिक की बदौलत फ्रीबर्ग ने बुंडेसलीगा 2026/27 सीजन की शुरुआत वेर्डर ब्रेमेन पर 4-1 की बड़ी जीत के साथ की है। मैच की शुरुआत में ब्रेमेन ने काफी अनुशासित खेल दिखाया और फ्रीबर्ग के खिलाड़ियों को ज्यादा मौके नहीं दिए। मेहमान टीम की ओर से मार्को ग्रुल और अमोस पाइपर ने शुरुआती हमले किए और गोल करने की कोशिश की। फ्रीबर्ग ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बना लिया और 29वें मिनट में गतिरोध तोड़ा। निकलास बेस्टे ने दूर वाले पोस्ट की ओर एक कॉर्नर किक मारी, जहां सुजुकी अपने मार्कर से बचकर निकले और पास से हेडर करके गोल कर दिया।

ला लीगा : रियल मैड्रिड की मालागा पर बड़ी जीत

मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने सीजन के शुरुआती दौर में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हाल ही में प्रमोट हुई टीम मालागा को 4-0 से हराया। रियल मैड्रिड की ओर से जूड बेलिंगहम जीत के नायक रहे, जिन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट भी किया। बेलिंगहम ने मैच के 19वें मिनट में गोल करके रियल मैड्रिड की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने सात मिनट बाद दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई, जब मालागा के गोलकीपर अल्फोंसो हेरेरो से टकराकर गेंद नेट में चली गई। इसके बाद, आधे घंटे के खेल के दौरान ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के बेहतरीन क्रॉस पर किलियन एम्बाप्पे ने सही जगह पर रहकर गोल किया और रियल मैड्रिड को 3-0 से आगे कर दिया।

खबर संक्षेप

हेजलवुड खेलना चाहते हैं ज्यादा वनडे क्रिकेट

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अपनी गेंदबाजी की तेजी बनाए रखने और अक्टूबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए ज्यादा से ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सफल वापसी के बाद उनका ध्यान अधिक से अधिक मैच खेलने पर है। सिडनी में हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि मैं जितना हो सके उतना खेलूं। उस टेस्ट सीरीज से पहले हमारी दो वनडे सीरीज हैं, इसलिए हो सकता है कि मैं दोनों सीरीज में तीन में से दो मैच खेलूं। मुझे लगता है कि एक बार जब आप उस तेजी या इंटेंसिटी पर पहुंच जाते हैं, जिस पर हम सभी अभी हैं, तो उसे जितना हो सके बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए।"

पैरा खिलाड़ियों ने जीते फिनलैंड में 16 पदक

नई दिल्ली। भारत ने फिनलैंड में आयोजित आईटीटीएफ विश्व पैरा फ्यूचर लाहटी टूर्नामेंट से 6 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने एकल स्पर्धाओं में 10 पदक जीते थे। इसके बाद उन्होंने युगल में दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए। रमेशभाई चौधरी और सुमित सहगल ने पुरुष युगल के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के इब्राहिम अब्दुल्ला और रकन अब्दुल रहमान पर 3-0 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने दीपिका रानी रामनाथन के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित युगल का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। फाइनल में इस जोड़ी ने फिनलैंड के टिमो कालावेई और ऐनो तापोला को 3-0 से हराया।

तलवारबाजी टीम की अगुवाई करेंगी भवानी

नई दिल्ली। ओलंपियन सीए भवानी देवी दो महीने के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में वापसी करते हुए आगामी एशियाई खेलों के लिए चुनी गई 20 सदस्यीय भारतीय तलवारबाजी टीम की अगुवाई करेंगी। भवानी देवी इस साल आयोजित एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के बाद आइची-नागोया एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। चयनित सभी खिलाड़ी मंगलवार से 15 सितंबर तक पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में राष्ट्रीय तैयारी शिविर में हिस्सा लेंगे।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल : ईस्ट जोन के युवा बल्लेबाज ने सेंट्रल जोन के खिलाफ दिखाया दम

वैभव बने सबसे युवा अर्धशतकवीर तोड़ा 57 साल पुराना लक्ष्मण का रिकॉर्ड

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया। वह दलीप ट्रॉफी के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वैभव ने ईस्ट जोन की तरफ से खेलते हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड पर सेंट्रल जोन के खिलाफ 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

वैभव ने यह अर्धशतक 15 साल और 175 दिन की उम्र में लगाया है। उन्होंने लक्ष्मण सिंह का 57 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1969 में 16 साल और 23 दिन की उम्र में टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक लगाया था। भारत के पूर्व लेग-स्पिनर पीयूष चावला इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 16 साल और 307 दिन की उम्र में दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक लगाया था।

तिलक का शतक, नॉर्थ के खिलाफ साउथ जोन ने बनाई शानदार लीड

साउथ जोन ने सेमीफाइनल-2 में नॉर्थ जोन के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दूसरे दिन की समाप्ति तक साउथ जोन ने 90 रन की बढ़त हासिल कर ली है। साउथ जोन ने दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में कुल 94 ओवरों का सामना करते हुए 9 विकेट खोकर 285 रन बना लिए। इस टीम ने 80 रन तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने श्रेयस गोपाल के साथ छठे विकेट के लिए 334 गेंदों में 175 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 255 रन तक पहुंचाया। श्रेयस गोपाल छठे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 11 चौकों के साथ 88 रन बनाए। कप्तान तिलक दूसरे दिन के खेल तक 7 चौकों के साथ 106 रन बनाकर नाबाद थे। विपक्षी खेमे से गुरनूर बरार 70 रन देकर 4 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि अर्शदीप सिंह और अंशुल कंबोज ने 2-2 विकेट चटकाए हैं।

यूएस ओपन

जेसिका का दूसरे दौर में प्रवेश नोवाक पहले दौर में ही बाहर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

यूएस ओपन 2026 में महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं जोकोविच पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेगुला ने एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-2 से हराया। इस सत्र में सर्वाधिक 46 मैच जीतने वाली पेगुला का अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली सोफिया केनिन से होगा। पेगुला ने कहा, 'मैदान में उतरने से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी, लेकिन मेरे कोच ने कहा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया।' कोस्त्युक ने स्टॉर्म हंटर को 6-4, 6-1 से हराकर साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं।

मारियानो से हारे जोकोविच : दिग्गज खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अपने करियर में पहली बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि वीनस विलियम्स का पिछले साल वापसी करने के बाद पहले दौर में हार का सिलसिला जारी रहा।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

-:: सार्वजनिक सूचना ::- दिनांक 24.08.2026

प्रकरण क्रमांक 00 / अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि कय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग / उपकम में पक्ष में कय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा ।

-:: अनुसूची :: -
भूमि का वर्णन

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	सर्वे क्रमांक	कुल रकवा हे. में	अर्जित रकवा हे. में	प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
01	02	03	04	05	06	07	08
01	बेनीबाई पत्नि वीरसिंह, लालसाहब, सरदारसिह, गजेन्द्रसिह, बृजेश आ वीरसिंह	टेकापार खुर्द	269//2	0.210	0.131	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन	बेगमगंज सागर मार्ग (SH-86 A) से महुआखेडाकलां, गोरखा, पडरिया राजाधार, से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण
02	बृजेश आ. वीरसिंह		270	1.562	0.208		
03	गंधर्वसिंह आ. कनई		279,280/1	1.392	0.054		
			280/1	1.967	0.050		
04	अभय आ. खिलान		280/2	2.023	0.043		
05	प्रेमनारायण पुत्र अमरसिंह		235/1/3	1.012	0.037		
06	कपूरीबाई बेवा किशनसिंह		208/3	0.405	0.086		
07	मोतीलाल पुत्र किशनसिंह		208/5	0.965	0.116		
08	रामकृष्ण पुत्र तुलसीराम		225/1	2.741	0.004		
09	हम्मीरसिंह पुत्र किशनसिंह		210	0.530	0.020		
10	कंछेदी पिता फुल्ला		211	0.585	0.205		
11	सुमत पिता प्रकाशचंद		224	0.352	0.023		
12	हल्केभाई पिता पंचम		216/1/2	1.170	0.110		
13	प्रेमनारायण पिता उदयभान		216/2	0.061	0.004		
14	मनमोद पिता दलीप		220/2	0.963	0.020		
15	मालतीबाई बेबा प्रीतम वसोड		363	0.093	0.023		
16	गुमान बल्देव आ. परमानंद		362	0.024	0.013		
17	अमरसिंह पिता पंचा रेवाराम धन्नू, पता तुला लक्ष्मीबाई बेबा तुला		360	0.057	0.025		
	गणपा पिता पंचा, पारवतीबाई बेबा पुचा हरिबाई पिता पंचा		359	0.069	0.030		
18	ज्ञानसिंह आ. जगन्नाथ		355/1/2	0.036	0.020		
19	माधों आ. जगन्नाथ		355/2	0.049	0.021		
20	गबीरन पिता पंचम		353/1	0.032	0.012		
21	कौशल्याबाई / महेश, देव देवांश देवकी / महेश		350/2/1	0.120	0.004		
22	जयसिंह आ. तारनसिंह		350/1	0.161	0.004		
23	चंद्रभान पिता मनमोद यादव		349/1	0.036	0.026		
24	तुलसीराम आ. फूलसिंह यादव		348/1	0.032	0.027		
25	केराबाई पिता फूलसिंह		346	0.036	0.004		
26	बेनीबाई पत्नि वीरसिंह, लालसाहब, सरदारसिह गजेन्द्रसिह, बृजेश आ वीरसिंह		336	0.093	0.010		
27	राजकुमार आ. सरजूप्रसाद		337/2/2	0.032	0.018		
28	बेनीबाई पत्नि वीरसिंह, लालसाहब, सरदारसिह, गजेन्द्रसिह, बृजेश आ वीरसिंह		338	0.134	0.042		
29	अमरसिंह पुत्र राजाराम		340/1	0.040	0.016		
30	रघुवीरप्रसाद पुत्र इमरतसिंह		418	0.036	0.008		
31	कोमल पुत्र किशनसिंह		520/419/1/2 /2	0.069	0.025		
32	मोतीलाल पुत्र किशनसिंह		520/1/2/3	0.065	0.025		
33	माखनसिंह पुत्र, शिवराजसिंह पुत्र महराजसिंह		421/1	1.553	0.218		
34	लक्ष्मण पिता प्रहलाद		401	0.627	0.058		
35	नारायण पिता कुंजीलाल		473/401	0.305	0.091		
36	लक्ष्मणसिंह पिता द्वाराप्रसाद		147/1	0.970	0.015		
37	देवराज पिता द्वारकाप्रसाद		147/2	0.970	0.015		
38	वीरेन्द्र पिता द्वारकाप्रसाद		147/3	1.019	0.015		
39	नारायण सिंह पिता कुंजीलाल		149	1.829	0.240		
40	सोमतसिंह पिता लालचंद		85	1.538	0.241		
41	प्रहलाद पुत्र हजरतसिंह		95/2	0.405	0.025		
42	गुलाबसिंह पुत्र सरदारसिंह		87/1	0.850	0.099		
43	गीताबाई पत्नि गुड्डा गौड		551/2/2/2	0.875	0.022		
44	गजेन्द्र पिता वीरसिंह यादव		255/1	2.946	0.006		
	योग टेकापार खुर्द			31.039	2.509		

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला- रायसेन

जी - 17940/26 स्वच्छता ही सेवा

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिली सम्मान राशि

एजीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड से 148 खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान

खेलों से आता है अनुशासन, आत्मविश्वास: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज (एजीयू) ने देश एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के सम्मान के लिए एजीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2025-26 समारोह का आयोजन सोमवार शाम एक निजी होटल में किया गया। समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 148 खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथिखेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहे। कार्यक्रम में अशोक कुमार सिंह 'ध्यानचंद', एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरएनटीयू की प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, आरएनटीयू के कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और राजीव अग्रवाल भी मौजूद थे।

इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देश के प्रति गौरव की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

मेजर ध्यानचंद के जीवन से खिलाड़ियों को हमेशा प्रेरणा लेनी चाहिए: अशोक कुमार

अशोक कुमार सिंह 'ध्यानचंद' ने कहा कि मेरे पिता एवं महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन से खिलाड़ियों को हमेशा प्रेरणा लेनी चाहिए। खेल के क्षेत्र में समर्पण सबसे ऊपर है। आज देश खिलाड़ियों से अपेक्षा करता है कि वे नए रिकॉर्ड बनाएं और पुराने रिकॉर्ड तोड़ें।

खेलो इंडिया और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में भी पदक

आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, राजस्थान 2025 में जूडो, फेंसिंग, शूटिंग, एथलेटिक्स और मल्लखंब सहित विभिन्न खेलों में पदक हासिल किए। रोइंग में आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। पुरस्कार विवरण में रोइंग के 26 खिलाड़ियों को सम्मान राशि के लिए शामिल किया गया है। मल्लखंब, कराटे और बैडमिंटन में भी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किए।

खिलाड़ियों की सफलता के पीछे परिवार और कोच का सहयोग

डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम की उपलब्धि नहीं है, बल्कि इसके पीछे उनके प्रशिक्षकों, परिवार और संस्थान का निरंतर सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। हमें गर्व है कि खेलों के क्षेत्र में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय देश में 16वें स्थान पर और मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों में आरएनटीयू के खिलाड़ियों में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता विवेक सागर प्रसाद, हॉकी खिलाड़ी इशिका चौधरी एवं ज्योति सिंह, एवरेस्ट समिट करने वाली अंजना यादव, जूडो में एशियन कप की कांस्य पदक विजेता श्रद्धा चापोड़े, शूटिंग में एशियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मानसी रघुवंशी, वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री में स्वर्ण पदक जीतने वाली लक्ष्मी तथा ट्रायथलॉन वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त करने वाले प्रेम किशोर महितो प्रमुख रहे। वांशिका तिवारी, श्रेष्ठा सिसोदिया, अमन चौहान, श्रिवल्ली श्रीवास्तव, हृतिका सिंह एवं जतिन ने भी वअंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। वहीं सी.वी. रमन विवि, खंडवा के नीरज किशोर ने एशियन चैंपियनशिप, पटाया 2026 में कुश्ती में कांस्य पदक हासिल किया।

प्रशिक्षकों को भी मिला सम्मान

खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 14 प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इनमें हॉकी, जूडो, शूटिंग, बैडमिंटन, रोइंग, मल्लखंब, कराटे, फेंसिंग और एथलेटिक्स से जुड़े प्रशिक्षक शामिल हैं।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों के पीछे उनके निरंतर परिश्रम के साथ प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालय और परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। एजीयू द्वारा खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षकों को सम्मानित करना खेल प्रतिभाओं के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा शिक्षा के साथ खेलों को भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, लीलाओं का कलाकार प्रस्तुतियों से करेंगे जीवंत

जन्माष्टमी पर प्रदेश के 29 स्थलों पर मनेगा 'श्रीकृष्ण पर्व', जीवन दर्शन के साथ भगवान की लीलाओं और विविध स्वरूपों को होंगी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशभर के 29 ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व के स्थलों पर 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन आस्था और कला का अद्भुत संगम बनेगा। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, उनकी लीलाओं, लोकमंगल की भावना एवं भारतीय संस्कृति में रचे-बसे उनके विविध स्वरूपों को प्रदेश एवं देश के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी सशक्त और मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत करेंगे।

प्रदेश एवं देश के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी सशक्त और मनोहारी प्रस्तुतियों देंगे

राजधानी के छोला रोड से भगवान महाकाल की तर्ज पर मुक्तेश्वर की शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

प्रदेश के इन जिलों में होंगी प्रस्तुतियां

संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि श्रीकृष्ण पर्व के लिए चयनित 29 स्थलों में अनेक ऐसे पावन और ऐतिहासिक स्थल सम्मिलित हैं, जिनकी परंपराएं सीधे तौर पर द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-प्रसंगों से जुड़ी हुई हैं। इनमें सांदीपनी आश्रम उज्जैन,महिदपुर, उज्जैन, नारायणा धाम-उज्जैन, अमझेरा, जानापाव-महू एवं जामगढ़-रायसेन, जुगल किशोर एवं श्री बलदेव जी मंदिर पन्ना, पाली (उमरिया),

भगवान मुक्तेश्वर के दर्शन करते श्रद्धालु।

मानस भवन सभागार, दमोह, श्रीराधा-कृष्ण मंदिर, खातेगांव (देवास), रणछोड़ मंदिर, आगर-मालवा, श्रीराधा-कृष्ण मंदिर, बदरवास, जिला शिवपुरी, श्रीनाथद्वारा जी मंदिर, झाबुआ, नाथद्वारजी मंदिर, जावद, द्वारकाधीश मंदिर, मनासा, जिला नीमच, श्रीराधाकृष्ण मंदिर, मल्हारगढ़, जिला मंदसौर, चक्रधारी मंदिर, अम्बाह, जिला मुरैना, श्री कल्याणरायजी की हवेली, खिलचीपुर, जिला राजगढ़, श्रीगोपाल-कृष्ण जी मंदिर, देपालपुर, जिला इंदौर, राधेश्यामजी मंदिर, राघौगढ़, जिला गुना,श्रीकृष्ण मंदिर आदि स्थल प्रमुख हैं।

खबर संक्षेप

एडीजी राजाबाबू और गुप्ता बने विशेष पुलिस महानिदेशक

भोपाल। मप्र शासन ने दो स्पेशल डीजी (आईपीएस) की सेवानिवृत्ति पर 1994 बैच के राजाबाबू एडीजी रेल और डीपी गुप्ता एडीजी स्पेशल डीजी के रैंक में पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक राजाबाबू को विशेष पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल और डीपी गुप्ता को विशेष पुलिस महानिदेशक सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई, को ऑपरेटिव फ्रॉड, लोक सेवा गारंटी, पुलिस मैनुअल, आरएंडडी एवं पुलिस सुधार को पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है।

प्रदेश के पांच हजार से अधिक घर हुए रोशन

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री धरती आबा-जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र के 14 जिलों में अब तक 5050 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के घरों एवं सार्वजनिक संस्थानों को रोशन किया है। इस योजना में आदिवासी बहुल गांवों के विभिन्न जनजाति के अविद्युतिकृत घरों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है जिसमें कंपनी के अंतर्गत अशोकनगर में 37, बैतूल में 642, गुना में 960, भोपाल में 119, ग्वालियर में 10, हरदा में 528, मुरैना में 38, नर्मदापुरम में 332, रायसेन में 650, राजगढ़ में 156, सीहोर में 350, श्योपुर में 151, शिवपुरी में 94 एवं विदिशा में 983 घरों में बिजली पहुंचाई गई है। प्रधानमंत्री धरती आबा-जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अब 519 पात्र हितग्राहियों के घरों को जल्दी ही विद्युतीकृत कर रोशन किया जाएगा।

समाजसेवा में हेमलता को नेशनल अवॉर्ड

भोपाल। समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाजसेविका श्रीमती हेमलता सिंह को नारी सशक्तिकरण संघ द्वारा नेशनल आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने हेमलता सिंह को सम्मानित किया। समारोह के दौरान हेमलता सिंह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर अपनी सेवा भावना का परिचय दिया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाने से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में उन्होंने लगातार कार्य किया है। हेमलता सिंह ने अपनी मेहनत, संवेदनशीलता और समर्पण के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। उनकी सेवा भावना और समाज के प्रति अटूट समर्पण ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है। उनके कार्य यह संदेश देते हैं कि निस्वार्थ भाव से किया गया प्रयास समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने हेमलता सिंह के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कार्य अन्य महिलाओं और समाजसेवियों के लिए प्रेरणादायक है।

मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट, सितंबर में रैक मिला तो नए टाइम टेबल में होंगी शामिल

रानी कमलापति से लखनऊ वंदे भारत की लाइन क्लियर, इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार

कोचिंग डिपो, सिग्नलिंग और मेंटेनेंस सिस्टम का अपग्रेडेशन, दक्षिण भारत की ट्रेनों को भी मिल सकता है स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से लखनऊ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की दिशा में रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। स्टेशन पर आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम पूरा होने के बाद इसकी रिपोर्ट भी रेलवे मुख्यालय को भेज दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि यदि सितंबर के महीने के दौरान वंदे भारत का रैक उपलब्ध हो जाता है, तो इसे संभवत अक्टूबर से लागू होने वाले नए रेलवे टाइम टेबल में शामिल किया जा सकता है। इसके बाद भोपाल से लखनऊ के बीच सेमी हाईस्पीड ट्रेन का संचालन शुरू होने की संभावना बढ़ जाएगी।

दरअसल, रानी कमलापति स्टेशन पर कोचिंग डिपो का अपग्रेडेशन, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और ट्रेनों के रखरखाव से जुड़े तकनीकी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इन सुविधाओं के विकसित होने से न केवल वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का रास्ता आसान होगा, बल्कि दक्षिण भारत सहित अन्य लंबी दूरी की कई ट्रेनों को भी यहां स्टॉपेज देने की संभावना मजबूत हुई है।

पहले भी किया जा चुका है प्रयास

यह पहली बार नहीं है जब रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन चलाने की चर्चा हुई हो। इससे पहले भी रेलवे ने भोपाल से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने की योजना पर काम किया था, लेकिन रैक की उपलब्धता और तकनीकी तैयारियां पूरी नहीं होने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका। अब स्टेशन पर जरूरी संसाधन तैयार होने के बाद उम्मीदें फिर से बढ़ गई हैं। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया का कहना है कि अंतिम फैसला रेलवे बोर्ड और मुख्यालय स्तर पर लिया जाएगा। रैक आवंटित होने के बाद ट्रेन के संचालन, समय-सारिणी और ठहराव को अंतिम रूप दिया देंगे।

आज से कोलारस में रुकेगी उज्जैनी एक्सप्रेस

भोपाल। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुएगाड़ी संख्या 14309/14310 लक्ष्मीबाई नगर–योगनगरी ऋषिकेश–लक्ष्मीबाई नगर उज्जैनी एक्सप्रेस का भोपाल मंडल के कोलारस स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हरी झंडी दिखाकर उज्जैनी एक्सप्रेस के कोलारस स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ करेंगे। कोलारस स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14309 लक्ष्मीबाई नगर–योगनगरी ऋषिकेश उज्जैनी एक्सप्रेस का आगमन समय 23:34 बजे तथा प्रस्थान समय 23:36 बजे रहेगा। यह ठहराव 2 सितंबर से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का कल से वेंकटनगर स्टेशन पर होगा स्टॉपेज

भोपाल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत वेंकटनगर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने नर्मदा एक्सप्रेस को प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 18234-18233 बिलासपुर–इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस अब वेंकटनगर में दो मिनट के लिए रुकेगी। रेलवे के अनुसार 2 सितंबर से बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस दोपहर 13:47 बजे वेंकटनगर पहुंचेगी और 13:49 बजे आगे रवाना होगी।

यह रहेगा ट्रेन का शेड्यूल

वहीं, इंदौर से 2 सितंबर को रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18233 इंदौर–बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 3 सितंबर को सुबह 11: 03 बजे वेंकटनगर पहुंचेगी और 11:05 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

प्रशासन ने अधिकांश मांगों पर जताई

रेलवे मजदूर संघ ने कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

धरना देते रेलकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (डब्ल्यूसीआरएमएस) के जोनल मीडिया कोऑर्डिनेटर अनिरुद्ध सोनी ने बताया कि रनिंग और ट्रैफिक कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। संघ के महामंत्री एवं एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में भोपाल मंडल के विभिन्न डिपो से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने शामिल होकर एकजुटता दिखाई।

प्रदर्शन में कर्मचारियों ने 9 घंटे के बजाय 12 से 14 घंटे तक ड्यूटी कराने, रनिंग रूम में पर्याप्त विश्राम नहीं मिलने, तीन घंटे से अधिक की यात्री ड्यूटी के मामलों में बढ़ोतरी

और एक ही कर्मचारी से कई गाड़ियों में काम कराने का विरोध किया। इसके अलावा बिना गार्ड की गाड़ी, मालगाड़ियों के लिए स्वचालित सिग्नल के अनावश्यक इस्तेमाल, जीप के जरिए यात्री ड्यूटी बचाने की व्यवस्था और पखवाड़े में 125 से 130 घंटे तक ड्यूटी कराने जैसे मुद्दे भी उठाए गए। कर्मचारियों ने पात्र छुट्टियां नहीं मिलने और बंद की गई निजी बीमारी अवकाश व्यवस्था को दोबारा शुरू करने की मांग भी रखी। संघ के अनुसार, प्रदर्शन के दबाव के बाद रेलवे प्रशासन ने अधिकांश मांगों पर सहमति जताई है।

16 सितंबर को प्रस्तुत किए जाएंगे तर्क

ट्विशा मौत का मामला सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के चर्चित ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के अभियुक्तगण ट्विशा शर्मा की सास भोपाल की भूतपूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह तथा उनके अधिवक्ता पुत्र समर्थ सिंह के विरूद्व विचाराधीन प्रकरण अब अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी के न्यायालय में चलेगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शोभना भलावे के न्यायालय से इस प्रकरण को सोमवार को कमिट कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय से प्रकरण को नियमित सुनवाई के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी के न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

अब अगली सुनवाई दिनांक 16 सितंबर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी के न्यायालय में प्रकरण में अभियुक्त पक्ष एवं अभियोजन पक्ष आरोप पूर्व तर्क प्रस्तुत किए जाएंगें। इस दौरान केंद्रीय जेल में बंद गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ सिंह को सोमवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के माध्यम से जिला न्यायालय में पेश किया गया था।

प्रदेश में पूर्वी और उत्तरी हिस्से में होगी झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सितंबर महीने में अब बारिश में मामूली कमी रहेगी। इस महीने पहले दो सप्ताह तेज से मध्यम बारिश के रहेंगे, इसके बाद धीरे-धीरे कमी आएगी। हालांकि, महीने के अंतिम सप्ताह में बारिश फिर जोर पकड़ेगी। पूरे महीने में सर्वाधिक बारिश प्रदेश के पूर्वी, उत्तर पूर्वी हिस्सों में होगी।

पश्चिमी और मध्य हिस्सों में बारिश के आंकड़े सामान्य या इससे कुछ कम रह सकते हैं। आईएमडी नई दिल्ली ने भी इस महीने प्रदेश में कुछ कम बारिश का अनुमान जारी किया है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार अगले 3 से 4 दिन प्रदेश में बारिश का मौसम ऐसा ही रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सितंबर में भोपाल में औसतन 175.6 मिमी बारिश होती है। इस महीने भी लगभग इसी के आसपास हो सकती है। हालांकि, बारिश के आंकड़े इससे कुछ कम ही रहेंगे।

आज यहां अति भारी बारिश

मंगलवार तक सिंगरौली, शहडोल, डिंडोरी में कुछ जगह अति भारी बारिश होगी। सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, उमद्धरया, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर में कुछ जगह हल्की से मध्यम बारिश और बादलों का असर रहेगा।

शराब दुकान के साइड में मिनी बार 50 लोगों पर केस

कार्रवाई करते अधिकारी।

- पीने और पिलाने वालों को आबकारी अमले ने पकड़ा
- आधा दर्जन टीमों ने 31 शराब दुकानों पर की ताबड़तोड़

भोपाल। शहर में शराब दुकानाकें के साइड में मिनी बार चलाए जा रहे हैं। सोमवार को आबकारी विभाग की आधा दर्जन टीमों ने शहर की 31 शराब दुकानों के आसपास जांच की, तो दुकानों के साइड में मिनी बार चलते मिली। टीमों ने 50 लोगों पर केस दर्ज किए हैं। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि शराब दुकानों के आसपास अहाते चलाने की जानकारी के बाद टीमों ने यहां पर दबिश दी थी। जहां पर नमकीन, चना और चिप्स की दुकानों पर शराब परोसी जा रही थी। टीमों ने शराब दुकानों के आसपास की सभी दुकानों पर दबिश देकर 50 लोगों पर केस दर्ज किए हैं।

ई-कचरे के निपटारे पर सुनवाई

एनजीटीः पर्यावरण, जनस्वास्थ्य संबंधी मामलों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में सोमवार को भोपाल में ई-कचरे (ई-वेस्ट) के कथित अवैज्ञानिक निस्तारण एवं अनियंत्रित प्रसंस्करण से उत्पन्न गंभीर पर्यावरणीय एवं जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को लेकर लगी याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह, विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने यह सुनवाई की है। इस मामले में नितिन सक्सेना ने एनजीटी में याचिका दाखिल की थी। जिसमें भोपाल में ई-कचरे के कथित अनुचित निस्तारण, प्रसंस्करण और खुले में जलाने से संबंधित गंभीर चिंताएं उठाई गई हैं।

इन्हें बनाया गया पक्षकार

इस मामले में कलेक्टर भोपाल, सदस्य सचिव मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल, कमिश्नर नगर निगम भोपाल, प्रमुख सचिव पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग को पक्षकार बनाया गया है। संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने और चार सप्ताह के अंदर अपना जवाब ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में मध्य प्रदेश में ई-कचरे की बढ़ती मात्रा से संबंधित सामग्री का भी उल्लेख किया गया है। आवेदन में राज्य में प्रतिवर्ष करीब 5,000 मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न होने का उल्लेख किया गया है, जबकि वर्ष 2019 में यह मात्रा लगभग 500 मीट्रिक टन बताई गई थी। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों में ई-कचरा उत्पादन का भी उल्लेख है।

जांच के लिए बनी समितिः ट्रिब्यूनल ने मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए एक समिति से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

सिंहस्थ के लिए मिल रहा जनसहयोग, दुनिया के लिए उदाहरणः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थः 2028 के लिए मिल रहा जनसहयोग दुनिया के लिए उत्कृष्ट उदाहरण है। महाकाल की नगरी, गौरव की नगरी उज्जैन अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। डॉ यादव ने उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की पंचम सवारी के महाकालेश्वर मंदिर से राम घाट पहुंचने के पश्चात प्रसारण कक्ष से संबोधित किया। भगवान महाकालेश्वर की पंचम सवारी सोमवार को हर्षोल्लास से नियत समय पर महाकालेश्वर मंदिर से निकाली गई। सवारी के रामघाट पर पहुंचने पर डॉ यादव ने पालकी में विराजित भगवान चन्द्रमौलेश्वर का विधि विधान से पूजा-अर्चना की। पुजारी पं आशीष शर्मा ने पालकी में विराजित चंद्रमौलेश्वर का मां शिप्रा के जल से जलाभिषेक करवाया। महाकालेश्वर की सवारी के रामघाट पर पंहुचने पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गई। सवारी के रामघाट पहुंचने के समय मुख्यमंत्री दत्त अखाडा साइड से नाव में सवार हो कर रामघाट पहुंचे।

सिंहस्थः 2028 को भव्य और दिव्य बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं, महाकाल की कृपा से सभी वर्गों के लोगों ने अपने मकान स्वयं तोड़कर विकास में सहयोग प्रदान किया है। सभी ने स्वेच्छा से मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे तक हटाए। नागरिकों से मिला स्वैच्छिक सहयोग भारत ही नहीं दुनिया के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यप्रदेश सरकार आगामी सिंहस्थः 2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए कटिबद्ध है। सभी प्रकार के विकास कार्य और जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। डॉ यादव ने कहा कि बाबा महाकाल से सभी के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। बाबा महाकाल की पंचम सवारी का सजीव प्रसारण हुआ, इससे करोड़ों श्रद्धालु साक्षी बने।

प्रदेश की विरासत से दुनिया को परिचित कराएंगे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक के निर्माण के बाद सनातन संस्कृति और धार्मिक पर्यटन की धारा संपूर्ण विश्व में बहने लगी है। अब केवल उज्जैन ही नहीं, देशभर में हमारे प्राकृतिक, नैसर्गिक, वन्य संपदा और पुरातात्विक विरासत से संबंधित स्थानों से दुनिया को परिचित करवाया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सावन के पवित्र माह में बाबा महाकाल की धार्मिक सवारी निकाली गई है। डॉ यादव ने कहा कि बाबा महाकाल उत्तर, दक्षिण सभी दिशाओं को मेल करवाते हैं। यह उत्तर एवं दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। दो सोमवार तक बाबा महाकाल नगर में दर्शन देने के लिए निकलेंगे। उनके आशीर्वाद से हमारे प्रत्येक दर्शनार्थी कृतार्थ होते हैं। भक्ति की अनवरत गंगा में सभी डुबकी लगाते हैं।

Technocrats Institute of Technology (Excellence)
Technocrats Group Campus, Anand Nagar, BHEL, Bhopal
M.: 7694004909, 6262034814 | www.titexcellence.net
RECRUITMENT
for existing course & increase intake in CSE- AIML and New Couse BCA & BBA
(For selection under college Code-28 of BU and Code-30 of RGPV as applicable)
Applications are invited for the following disciplines:
For the post of : Professor, Associate Professor, Asst. Professor & Lab I/c — CSE, CSE - AIML, CSE - AI, CSE - Cyber Security, EC, ME, Civil, EX, Physics, Chemistry, Maths, Comm. Skill, MCA
MBA (Prof. - 2, Asso. Prof. - 3 & Asst. Prof. - 9)
BBA (Asst. Prof. - 6), BCA (Asst. Prof. - 8)
Other Posts: Asst. Librarian, Dy. Registrar, Administrative Officer, Accountant, Computer Operator, Marketing Executive, Telecaller
Note: Interested candidates may apply with Resume, Testimonials, 2 Passport size photo on or before 08 Sep. 2026 directly to HR-Cell, MBA Block and also send the same through e-mail at hr@technocratsgroup.edu.in
QUALIFICATION, EXPERIENCE & SALARY AS PER UGC/AICTE NORMS

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930